सुप्रभात
रांची, रविवार
03.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 54




## न्यूज डायरी

### पलामू में बाल-बाल बचे हाइकोर्ट के जज

**पलामू।** रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग एनएच 75 पर सतबरवा जेआरजीबी बैंक के समीप शनिवार पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे हाई कोर्ट के जज को लेकर जा रही इनोवा कार में एक अनियंत्रित ट्रक ने रगड़ दिया। हालांकि, हाईकोर्ट के न्यायाधीश दुर्घटना में बाल-बाल बच गये। सड़क पर वाहनों का आवागमन ज्यादा होने के दौरान गढ़वा से डालटनगंज होते रांची की ओर जा रहे न्यायाधीश की गाड़ी को सामने से आ रहे उड़ीसा के निबंधित ट्रक (ओडी 14 जी 0195) ने साइड लेने के दौरान इनोवा कार की बॉडी को रगड़ डाला। कार की बॉडी का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### रोवर और लैंडर को अब विश्राम देने की तैयारी

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर ठीक से काम कर रहे हैं और चूंकि चंद्रमा पर अब रात हो जायेगी इसलिए इन्हें निष्क्रिय किया जायेगा। सोमनाथ ने कहा कि लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान अब भी काम कर रहे हैं और हमारी टीम अब वैज्ञानिक साजो-सामान के साथ ढेर सारा काम कर रही है।

### धनबाद : प्रधान लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**धनबाद।** एसीबी ने शनिवार को जिला समाहरणालय रिकॉर्ड रूम में कार्यरत प्रधान लिपिक को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। इस दौरान एसीबी की टीम ने प्रधान लिपिक के घर की तलाशी भी ली लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। एसीबी की टीम उसे गिरफ्तार कर साथ ले गयी।

### बैंक धोखाधड़ी केस में नरेश गोयल गिरफ्तार

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को गिरफ्तार किया है। गोयल को यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में लंबी पूछताछ के बाद शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में ले लिया गया। उन्हें आज मुंबई में एक विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 11 सितंबर तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

### सिमडेगा में रेलवे साइट पर उग्रवादी हमला

**सिमडेगा।** जिले में रेलवे दोहरीकरण कार्य में लगी पोकलेन को उग्रवादियों ने आग के हवाले कर दिया है। वारदात सिमडेगा के बानो थाना क्षेत्र के कनरवा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार की देर रात अंजाम दिया गया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि लेवी को लेकर पीएलएफआई उग्रवादियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

### गढ़वा : विषाक्त भोजन से मदरसा के 16 बच्चे बीमार

**गढ़वा।** जिले के कांडी स्थित एक मदरसा में विषाक्त भोजन खाने 16 बच्चे बीमार पड़ गये हैं। बीमार पड़े सभी बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझिआंव में भर्ती कराया गया है। भोजन के पास एक चूहा मारनेवाली दवा की पुड़िया मिली है।

### पीएलएफआई का एरिया कमांडर श्रवण दास धराया

**खूंटी।** पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर श्रवण दास उर्फ फगुवा दास को रनिया थाना क्षेत्र के बिरता पहाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 315 बोर के दो जिंदा कारतूस, एके-47 के चार जिंदा कारतूस, पीएलएफआइ का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

## सबसे लंबी उड़ान पर निकला सूर्ययान, सूरज-चांद हर जगह हिन्दुस्तान

# आदित्य एल-1 तय कक्षा में पहुंचा

**एजेंसी**

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के पहले सूर्य मिशन के तहत आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को शनिवार को पृथ्वी की कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इसरो ने चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद एक बार फिर इतिहास रचने के उद्देश्य से शनिवार को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 का प्रक्षेपण किया। इसरो के अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही 23.40 घंटे की उलटी गिनती समाप्त हुई, 44.4 मीटर लंबा ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर दूर श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 11.50 बजे निर्धारित समय पर शानदार ढंग से आसमान की तरफ रवाना हुआ। आदित्य एल-1 को अब पृथ्वी की निचली कक्ष में स्थापित कर दिया गया है। इसी के साथ ही 125 दिनों के लंबे सफर में सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने का सिलसिला शुरू हो गया। (शेष पेज 11 पर)

### जनवरी 2024 के पहले सप्ताह सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश

इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। सफल प्रक्षेपण के साथ ही सभी चार चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद रॉकेट को करीब 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर निर्धारित कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा। करीब 1,475 किलोग्राम वजनी अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जायेगा जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है।

**चांद के बाद सूरज की ओर बढ़ा भारत :** इसरो चीफ ने देश को बधाई देते हुए कहा कि चांद के बाद अब भारत का कदम सूर्य की ओर बढ़ गया है। एक बार फिर इतिहास रचने के उद्देश्य से शनिवार को देश के पहले सूर्य मिशन 'आदित्य एल1' का अंतरिक्ष केंद्र से सफल प्रक्षेपण किया। भारत का यह मिशन सूर्य से संबंधित रहस्यों से पर्दा हटाने में मदद करेगा। लंबी यात्रा के बाद लैग्रेंजियन बिंदु 'एल1' के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित होगा, जिसे सूर्य के सबसे करीब माना जाता है। यह वहीं से सूर्य पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का अध्ययन करेगा। आदित्य एल1 सूर्य के रहस्य जानने के लिए विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक अध्ययन के साथ ही विश्लेषण के वास्ते इसकी तस्वीरें भी धरती पर भेजेगा।

### मानव कल्याण का प्रयास जारी रहेगा : मोदी

पीएम मोदी ने मोदी ने भारत के सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल लॉन्च के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, राजीव चंद्रशेखर, कांग्रेस अध्यक्ष ने भी वैज्ञानिकों की सराहना की।

# रांची समेत पूरे झारखंड में बिजली संकट गंभीर

### 400-500 मेगावाट की कमी दर्ज, झामुमो ने केंद्र पर मढ़ा आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी सहित पूरे राज्य में पावर संकट जारी है। राजधानी समेत राज्य के सभी जिलों में बिजली की कमी के कारण लोड शेडिंग हो रही है। पीक ऑवर शाम में 6 बजे से रात 11 बजे तक और दिन में पावर काटी जारी है। शहरों में जहां 4-5 घंटे जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 8 घंटे तक पावर कट चल रहा है। अब भी राज्य में 400 से 500 मेगावाट की कमी दर्ज की जा रही है। बताया जा रहा है कि सेंट्रल पुल से झारखंड को बिजली नहीं मिल रही है, क्योंकि पूरे देश में बिजली की उत्पादन कम हो रही है। टीवीएनएल की एक यूनिट से उत्पादन शुरू हुई है, शेष यूनिट से उत्पादन शुरू नहीं हुआ है। वहीं सत्तारूढ़ झामुमो का दावा है कि केंद्र के आदेश पर झारखंड की बिजली काटी जा रही है।

**सेंट्रल सेक्टर से भी बिजली खरीदी जाती है :** केके वर्मा ने बताया कि विद्युत आपूर्ति में कमी को लेकर जेबीवीएनएल विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा निधारित दिशा-निर्देश के अनुसार, विद्युत क्रय के विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर करती है। (शेष पेज 11 पर)

### मांग के अनुरूप सेंट्रल पुल से नहीं मिलती है बिजली



बिजली संकट को लेकर जेबीवीएनएल ने सेंट्रल पावर एक्सचेंज से डिमांड और बुकिंग के आधार पर बिजली नहीं मिलने को बड़ा कारण बताया है। निदेशक (वितरण-परियोजन) केके वर्मा ने कहा कि मांग के अनुरूप बिजली नहीं मिल पा रही है। जेबीवीएनएल की अधिकत्तम डिमांड करीब 1 सितंबर को 2700 मेगावाट थी। पर जेबीवीएनएल के पास करीब 2300 मेगावाट पावर उपलब्ध रहा। मगर इसके बाद लगातार पावर की कमी दर्ज की जा रही है। इसके पीछे की मुख्य वजह सेंट्रल पुल से बिजली का नहीं मिलना है।

# पाक को हरा भारत बना एशिया चैंपियन

- शूटआउट में 2-0) से हराया
- पहला पुरुष हॉकी-5 एशिया कप

**सलालाह (ओमान)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को हॉकी 5एस एशिया कप जीतकर एफआईएच पुरुष हॉकी 5एस विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारतीय पुरुषों ने वैश्विक आयोजन में जगह बनाने के लिए एशियाई क्वालीफायर के रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को 4-4 (शूटआउट 2-0) से हराया। भारत के लिए मोहम्मद रहील (19वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि जुगराज सिंह (सातवां मिनट) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। पाकिस्तान की ओर से अब्दुल रहमान (पांचवां मिनट), अब्दुल राणा (13वां मिनट), ज़िकरिया हयात (14वां मिनट) और अरशद लियाकत (19वां मिनट) ने एक-एक गोल किया और फुल टाइम पर स्कोर बराबर रहने के कारण मुकाबला शूटआउट में चला गया।

## जमशेदपुर कोर्ट में पेशकार पर हमला को ले हाइकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

# छुट्टी के दिन गृह सचिव और डीजीपी को बुलाकर की सुनवाई, अगली सुनवाई कल

- चार को सुनवाई में डीसी-एसएसपी को तलब किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय के न्यायालय के पेशकार राकेश कुमार पर शुक्रवार शाम को हुए जानलेवा हमले की घटना का झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। इस मामले पर शनिवार को अवकाश के बावजूद झारखंड हाईकोर्ट में विशेष सुनवाई हुई।

मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव और डीजीपी सशरीर उपस्थित रहे। अदालत ने अगली सुनवाई 4 सितंबर को तय की है। उस दिन जमशेदपुर के डीसी एवं एसएसपी को वर्चुअल मोड में कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को निर्देश दिया। आज इस दौरान गृह सचिव और डीजीपी दोनों ने कोर्ट के कई सवालों का जवाब दिया। कोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

**विभिन्न कोर्ट में लगाया जा रहा 3293 सीसीटीवी कैमरा :** सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट को बताया गया कि राज्य के 20 सिविल कोर्ट और 4 सब डिविजनल कोर्ट में 3293 सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। सीसीटीवी कैमरा लगाने की पूरी प्रक्रिया इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक पूरी हो जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

### बड़ी साजिश की आशंका नहीं : महाधिवक्ता




घटना के संबंध में कोर्ट को महाधिवक्ता ने बताया कि जमशेदपुर सिविल कोर्ट में पेशकार पर हमला करने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया है। आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, वह ड्रग्स का आदि है। पूछताछ में पता चला कि उसकी मंशा जेल जाने की थी इसलिए उसने इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले में कहीं कोई बड़ी साजिश की आशंका नहीं है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की।

**विभिन्न कोर्ट में लगाया जा रहा 3293 सीसीटीवी कैमरा :** सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट को बताया गया कि राज्य के 20 सिविल कोर्ट और 4 सब डिविजनल कोर्ट में 3293 सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। सीसीटीवी कैमरा लगाने की पूरी प्रक्रिया इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक पूरी हो जायेगी।

### क्या था मामला

शुक्रवार शाम लगभग 6:30 बजे को कोर्ट की सुरक्षा को धता बताते हुए एक युवक ने परिसर में घुसकर एडीजे-1 के पेशकार राकेश कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमला कर भागने के दौरान युवक को कोर्ट के कर्मियों ने पकड़ लिया। उसके पास से धारदार हथियार चापड़ बरामद किया गया है। वहीं घायल पेशकार राकेश कुमार को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे टीएमएच रेफर कर दिया गया। इस घटना से पहले न्यायालय परिसर में अलकायदा के आतंकी अब्दुल रहमान कटकी की पेशी हुई थी। कुछ माह पहले भी गैंगस्टर अखिलेश सिंह का गुर्गा अंशु चौहान न्यायालय परिसर में पिस्तौल लेकर घुस गया था, जिसे मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया था।

# पांच को राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होंगे चतरा के टीचर एजाजुल हक

- झारखंड-बिहार समेत देश के 75 शिक्षकों को मिलेगा पुरस्कार

**सुधीर**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 सितंबर को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में चतरा के शिक्षक मो एजाजुल हक को पुरस्कार देंगी। इन्हें पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र के साथ 50 हजार रुपये नकद और एक रजत पदक दिया जायेगा। इसके अलावा इन्हें पीएम मोदी के साथ वन-टू-वन बातचीत करने का मौक भी मिलेगा। 5 सितंबर 75 चयनित शिक्षकों को राष्ट्रपति वर्ष 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में झारखंड के 1 और बिहार के 3 शामिल हैं।

**राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित होंगे शिक्षक :** देश में हर वर्ष 5 सितंबर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार देने का उद्देश्य देश के शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को रेखांकित करना और ऐसे शिक्षकों का सम्मान करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व परिश्रम से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है। अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है। ऐसे शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र, 50 हजार रुपये का नकद और एक रजत पदक दिया जाता है। शिक्षक दिवस पर शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग प्रति वर्ष 5 सितंबर को एक राष्ट्रीय समारोह करता है, जिसमें एक कठोर और पारदर्शी चयन प्रक्रिया चुने गये देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। (शेष पेज 11 पर)

# बारिश के कारण धुला महामुकाबला

- दोनों टीमों को 1-1 अंक पाकिस्तान सुपर-4 में

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका के पल्लेकेले में खेले जा रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। भारत की पारी समाप्त होने के बाद से शुरू हुई बारिश रुकी ही नहीं। इसके कारण अंपायर्स ने मैच को रद्द घोषित कर दिया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने हाथ मिला लिये।

मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों को 1-1 अंक दिया गया। इस तरह पाकिस्तान के 2 मैचों में 3 अंक हो गया और वह एशिया कप 2023 के सुपर-4 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी। भारत को सुपर-4 में पहुंचने के लिए नेपाल के खिलाफ अपना अगला मैच जीतना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया 48.5 में 266 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी। भारत की शुरुआत खराब रही। 66 रन के स्कोर तक अपने 4 महत्वपूर्ण विकेट खो दिये। रोहित शर्मा (11), शुभमन गिल (10), विराट कोहली (4) और श्रेयर अय्यर (14) रन बनाकर आउट हो गये। हार्दिक पांड्या (87) और ईशान किशन (82) ने 5वें विकेट के लिए रिकॉर्ड 138 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। पाकिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज शाहीन आफरीदी ने 4 विकेट झटके। वहीं हारिस रऊफ और नसीम शाह ने भी 3-3 विकेट लिये।



# डुमरी में आज शाम से थम जायेगा चुनावी शोर

### अंतिम दिन रविवार को जोर लगायेंगे सभी दलों के दिग्गज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मिशन 2024 से पूर्व आइएनडीआइए और एनडीए के लिए प्रतिष्ठामूलक बन चुकी झारखंड के डुमरी विधानसभा उपचुनाव प्रचार का शोर रविवार शाम 5 बजे थम जायेगा। इसके साथ ही प्रत्याशियों का डोर टू डोर कैंपेन शुरू हो जायेगा। 5 को जनता डुमरी का नया विधायक चुनने के लिए मतदान करेगी। चुनाव में खड़े 6 प्रत्याशियों में से किसके सिर पर जीत का सेहरा सजेगा, यह 8 सितंबर को चुनाव परिणाम आने के बाद साफ होगा। शनिवार को सभी दलों के प्रमुख दिग्गजों ने जगह-जगह चुनाव प्रचार कर पूरी ताकत झोंकी। रविवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों के प्रमुख नेता चुनाव प्रचार में उतरकर पसीना बहायेंगे। अपने-अपने गठबंधन के प्रत्याशी जिताने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को सूचना के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, सुदेश महतो समेत कई स्टार प्रचारक अपनी ताकत झोंकेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### पांच को डुमरी की जनता चुनेगी अपना विधायक



# सूर्य मिशन में भी झारखंड का अहम योगदान

- एचइसी में बने लांच पैड से आदित्य एल-1 ने भरी उड़ान
- इसरो के इस अभियान टीम में बोकारो का एक लाल भी

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद सूर्ययान आदित्य एल-1 की सफल लांचिंग में झारखंड का भी अहम यागदान रहा है। झारखंड की राजधानी रांची में स्थित एचइसी में बने लांच पैड से इसरो ने एक ओर उड़ान भरी। वहीं इसरो के इस अहम मिशन में बोकारो के युवा वैज्ञानिक नरेश कुमार भी शामिल हैं। मंगल और चांद के दक्षिणी छोर तक पहुंच चुका भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अब सूर्य के लिए अपना मिशन भेज दिया है। इसमें एचइसी की अहम भूमिका रही है। इस प्रोजेक्ट में देश की अन्य कंपनियों के साथ एचईसी (रांची) ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। एचइसी के अधिकारी बताते हैं कि आदित्य एल-1 पूरी तरह स्वदेशी प्रयास है। इसकी लांचिंग में इस्तेमाल होनेवाले कई उपकरणों का निर्माण एचईसी में किया गया है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान मिशन के तहत एचइसी में अभी तक तीन तरह के लांचिंग पैड का निर्माण किया गया है। चंद्रयान -1, चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 का लांचिंग पैड एचईसी के कर्मचारियों ने मिलकर बनाया है। (शेष पेज 11 पर)

### इसरो के लिए मोबाइल लांच पेडेस्टल भी बना रहा एचइसी




एचइसी की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसरो के हर लांचिंग मिशन में मदर ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के बनाये लांचिंग पैड का इस्तेमाल होता है। सबसे बड़े रॉकेट प्रक्षेपण के लिए जिस यान का निर्माण हुआ था, उसमें मेकॉन के 50 इंजीनियर्स की टीम ने अहम भूमिका निभायी थी। इसके उपकरण बनाने की जिम्मेदारी टाटा स्टील और एचईसी के अलावा देश के 50 से ज्यादा संस्थानों ने बनाकर दिये थे। सबसे बड़े उपकरण एचईसी में ही बने थे। एचईसी के वैज्ञानिक सुभाष ने बताया कि एचईसी ने सामरिक क्षेत्र में कई अहम योगदान दिये हैं।

### गवर्नर और सीएम इसरो को दी बधाई



भारत के महत्वाकांक्षी सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ पूरे देश को बधाई दी। सीएम हेमंत सोरेन ने लिखा- अभूतपूर्व! हमारे इसरो के महान वैज्ञानिकों ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल1 का सफल प्रक्षेपण किया है। इसरो के सभी वैज्ञानिकों, उनके परिवारों और पूरे देश को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। राज्यपाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा- आदित्य एल1 के साथ सूर्य का अध्ययन करने वाले पहले अंतरिक्ष मिशन के रूप में एक अनोखी यात्रा पर है। प्रक्षेपण पर मेरी हार्दिक बधाई और सफलता की शुभकामनाएं।

# तीन पत्थर कारोबारियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा, भगवान भगत एवं टिंकल भगत के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। ये आरोपी साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़े हैं। यह आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में दाखिल किया गया।

बताते चलें कि 5 जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। ईडी समन भेजकर 5 जुलाई को रांची स्थित ईडी के जोनल कार्यालय बुलाया था। वहीं, भगवान भगत एवं टिंकल भगत को ईडी ने 7 जुलाई को गिरफ्तार किया था। मालूम हो कि एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साहा के अलावा भगवान भगत एवं टिंकल भगत सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। (शेष पेज 11 पर)

# डुमरी में बेबी देवी की होगी जीत : आभा सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि डुमरी विस उपचुनाव में बेबी देवी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगी। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो अपने क्षेत्र की जनता के हर सुख, दुख में बराबर के भागीदार थे और डुमरी विस क्षेत्र की जनता के लिए हर समय संघर्षरत रहते थे। स्व जगरनाथ दा हमेशा अपने क्षेत्र की आवाज को सदन तक पहुंचाने में पीछे नहीं हटते थे और डुमरी की जनता को अपना परिवार समझते थे। उन्होंने कहा कि स्व जगरनाथ दा की ही देन है कि डुमरी विधानसभा के अन्तर्गत आनेवाले उत्क्रमित विद्यालयों का संचालन सही ढंग से हो पा रहा है, क्योंकि उन्होंने ही डुमरी विधानसभा के सभी उत्क्रमित विद्यालयों को अपग्रेड कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता स्व. जगरनाथ दा को कभी भुला नहीं सकती और प्रत्याशी बेबी देवी को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाकर सदन तक पहुंचायेगी, ताकि बेबी देवी डुमरी विधानसभा के क्षेत्र की जनता के प्रति उत्तरदायी होकर अपने स्व पति के संकल्पों को पूरा कर सके।

# इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में झारखंड राजद के नेताओं ने किया प्रचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राजद के नेता डुमरी विस उपचुनाव में महागठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की जीत के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान और नुक्कड़ सभा के माध्यम से बेबी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। पार्टी के प्रधान महासचिव व गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थों के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। झारखंड सरकार द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर बेबी देवी को भारी मतों से वोट देकर विजयी बनाएं। वहीं युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि स्व जगरनाथ महतो डुमरी की जनता के सुख- दुख में हमेशा खड़ा रहे। उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास किया है। उसे देख कर उनकी पत्नी बेबी देवी को भारी मतों से विजय बनाएं। डॉ मनोज कुमार ने बेबी देवी के पक्ष में वोट मांगते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव का संदेश लेकर हमलोग आए हैं। हमेशा से लालू ने गरीब-गुरबों की लड़ाई लड़ने का काम किया।

## अर्जुन मुंडा, रघुवर दास और बाबूलाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# डुमरी उपचुनाव में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों ने आजसू की यशोदा देवी के पक्ष में मांगा वोट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के तीन पूर्व मुख्यमंत्री डुमरी विधानसभा उप चुनाव में यशोदा देवी के लिए वोट मांग रहे हैं। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री और पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम रघुवर दास तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के समर्थन में डुमरी में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। नेताओं ने कई गांवों का दौरा करने के साथ कई छोटी सभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर उन पर हमला बोला। नावाडीह प्रखंड में नावीडीह, बिरनी काली मंडप सहित अन्य गांवों में बाबूलाल ने वोटरों से संपर्क कर यशोदा को जिताने की अपील की।

नावाडीह में प्रचार अभियान में मतदाताओं को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी बेखौफ हैं। उन्हें कानून, पुलिस प्रशासन का भय नहीं है। अपराधियों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। एक सितंबर को जमशेदपुर कोर्ट परिसर में कोर्ट के पदाधिकारी पर हुए आपराधिक हमला राज्य सरकार की विफलता है। अपराधी अब कानून को हाथ में ले रहे हैं। श्री मरांडी ने कहा कि प्रदेश में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता है। जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र छोड़िए, यहां तो मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी घूस देने पड़ते हैं। राज्य में खान, खनिज, पत्थर, बालू कोयला की लूट मची है।







### राज्य की कमीशनखोर सरकार को 5 सितंबर को देना है करारा जवाब : रघुवर दास

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने हेमंत सरकार को लुटेरी, भ्रष्ट, परिवारवादी, तुष्टिकरण की राजनीति, वादाखिलाफी, किसान विरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी सरकार और कमीशनखोर सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि जेएमएम ने 2019 चुनाव में लोकलुभावन वादे कर जनादेश प्राप्त कर जनता को ठगने का कार्य किया। पिछली सरकार में उन्होंने नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 2 लाख सखी मण्डल का निर्माण कराया। जिन्हें लोन देकर आत्मनिर्भर बनाया गया। एक रुपया में रजिस्ट्री की शुरूआत करायी, आज हेमंत सरकार ने पिछली सरकार के योजनाओं को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों की चिंता करते हैं, गैस सिलेंडर में दो सौ रुपया कम कर दिया है। मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर विश्वास करते हैं। इस भ्रष्ट हेमंत सरकार को सबक सिखाना है। उन्होंने 5 तारीख को केला छाप पर ज्यादा से ज्यादा वोट देकर यशोदा देवी को जिताने का आह्वान किया।

### भाजपा की देन है झारखंड का गठन : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री और राज्य के पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड का निर्माण भाजपा की देन है। यहां जितने भी विकास कार्य सड़क, पुल पुलिया, हाईवे अस्पताल, एयरपोर्ट दिख रहे, वह भाजपा सरकार की देन है। मोदी सरकार पिछले 9 वर्षों से गांव, गरीब, किसान मजदूर आदिवासी, दलित पिछड़े सभी की सेवा में लगी है। अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही। वर्तमान सरकार ने अपने एक भी वादे पूरे नहीं किये। केवल जनता को दिग्भ्रमित किया है। झारखंड को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए एनडीए सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि डुमरी से इसकी शुरूआत करें। वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें।

## खबर एक नजर में

### झारखंड महिला जदयू की कार्यकारी अध्यक्ष बनीं रेणु गोपीनाथ पन्निकर



**रांची।** झारखंड प्रदेश जदयू के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर रेणु गोपीनाथ पन्निकर को मनोनीत किया है। खीरू महतो ने बधाई देते हुए उम्मीद जतायी कि रेणु पार्टी संविधान के अनुरूप समर्पित होकर कार्य करेंगी। उनके आने से झारखंड जदयू प्रदेश महिला प्रकोष्ठ काफी मजबूत होगी। पार्टी के नेता आफताब जमील, श्रवण कुमार, संजय कुमार सिंह, निर्मल सिंह, कामेश्वर नाथ दास, दुष्यंत पटेल, विनय भरत, भगवान सिंह तथा अन्य ने रेणु गोपीनाथ को बधाई दी है।

### रांची, जमशेदपुर और धनबाद के शहरी विकास को लेकर ₹100 करोड़ की 128 योजनाएं मंजूर

**रांची।** झारखंड के रांची, जमशेदपुर और धनबाद के शहरी विकास के लिए 100 .23 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से इन तीनों शहरों में कुल 128 योजनाओं की शुरूआत की जाएगी। रांची और धनबाद नगर निगम के अलावा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद की ओर से योजनाओं का प्रस्ताव तैयार करके भेजा गया था, जिसे मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई एचएलएमसी की बैठक में मंजूरी दी गई है। बता दें कि 15वें वित्त आयोग के फंड से इन योजनाओं को पूरा किया जाएगा। जल्द ही तीनों निकाय क्षेत्र में इन योजनाओं के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी।

### अब सूर्य पर चमकेगा भारत की बुलंदियों का सितारा : डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने देश के पहला सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप में भारतीय वैज्ञानिकों की ऐतिहासिक उपलब्धि है। चंद्रमा के बाद अब सूर्य पर भारत की बुलंदियों का सितारा चमकेगा। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने एक और छलांग लगाई है। इसरो के वैज्ञानिकों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की प्रगति को लेकर अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है और हम सब भारतीय आज अपने वैज्ञानिकों पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

### शिक्षा सचिव की अनुपालन रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत, कोर्ट ने खत्म की अवमानना याचिका

**रांची।** बकाया भुगतान से संबंधित एक अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव की ओर से कोर्ट के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रार्थियों का 1 अप्रैल 2003 से बकाया का भुगतान कर दिया गया है। इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में स्कूली शिक्षा सचिव कोर्ट में हाजिर हुए थे। साथ ही उन्होंने कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया था कि प्रार्थियों को 4 सप्ताह में ग्रेड 4 में प्रोन्नति की तिथि 1 अप्रैल 2003 की तिथि से बकाया भुगतान सुनिश्ति करा दिया जाएगा। जिस पर कोर्ट ने उन्हें अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

# डुमरी विस उपचुनाव : पदयात्रा में सुदेश महतो के साथ जनता निकली सड़कों पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/डुमरी।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के समर्थन में अपार जनसमर्थन ने झामुमो की हार सुनिश्चित कर दी है। आगे 2024 के चुनावों में हार के लिए झामुमो और उसकी सरकार तैयार रहे।

सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में शनिवार को निकाली गई पदयात्रा में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ी। बारिश के बीच पांच किमी की इस पदयात्रा में इसमें बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं।

इस दौरान सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कहा कि यह जनसमर्थन डुमरी में होने वाले परिवर्तन का परिचायक है। डुमरी को विकास के पथ पर ले जाने के लिए यहां की जनता पदयात्रा में शामिल हुई है।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर उतरा यह जनसैलाब ठग, झूठ और फरेब के सहारे चल रही सरकार के खिलाफ आक्रोश की गवाही दे रहा है। उन्होंने सरकार के मंत्रियों और सत्तारूढ़ दलों के नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि 8 तारीख को एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी की जीत के साथ पूरे राज्य में बदलाव की लहर चलेगी जो सत्ता को जड़ से उखाड़ फेंकेगा।

### अगले 48 घंटे तक बूथ और वोट की पहरेदारी करें कार्यकर्ता



सुदेश महतो ने कहा कि पूरे प्रचार के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं को डराकर-धमकाकर जनता का समर्थन हासिल करने की कोशिशें विफल होने के बाद अब झामुमो वाले वोट खरीदने का आखिरी दांव चलेंगे। एक-एक गांव, बूथ की मजबूती से पहरेदारी करनी है। आम जनता को उन्होंने पहले ही मंत्र दिया है। चुपचाप केला छाप, कोई वोट छूटे नहीं और किसी का वोट लूटे नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुनाव उस सरकार के खिलाफ है, जिन्होंने जनता का विश्वास तो लिया लेकिन जनता की सेवा कभी नहीं की। 19 साल तक डुमरी में राज करने वालों ने इस क्षेत्र के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा।

# भारत दर्शन पर जायेंगे झारखंड प्रशासनिक सेवा के ट्रेनी अफसर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भी ट्रेनिंग के दौरान भारत दर्शन पर जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी मंजूरी दे दी है। बताते चलें कि झारखंड लोक सेवा आयोग की 7वीं से 10वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा से नियुक्त 43 ट्रेनी डिप्टी कलेक्टर के दूसरे चरण का प्रशिक्षण और भारत दर्शन कार्यक्रम समेकित रूप से 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री की सोच है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अफसरों को भारत दर्शन कराया जाता है, उसी तरह राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी भारत दर्शन कराया जाए, ताकि वे अन्य प्रदेशों की प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यों को देखें और समझें। भारत दर्शन के दौरान उन्हें जो अनुभव प्राप्त होगा, उससे राज्य के विकास में और भी बेहतर तरीके से योगदान कर सकेंगे।

**संस्थान में मिलेगा प्रशिक्षण** : सभी ट्रेनी डिप्टी कलेक्टर के दूसरे चरण का प्रशिक्षण रांची स्थित श्री कृष्णा कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित होगा। इससे पहले इन सभी उप समाहर्ताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच में ही श्रावणी मेला को लेकर देवघर और दुमका में प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं, दूसरे चरण का प्रशिक्षण तथा भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद ट्रेनी अफसर 1 अक्टूबर से प्रशिक्षण के लिए अपने पदस्थापित जिला में योगदान देंगे।

# लंबे समय तक योगदान नहीं करनेवाले राप्रसे अफसर को सचेत रहने की चेतावनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** तबादले की चिठ्ठी नहीं मिलने की वजह से स्थनांतरित जगह पर 5 माह तक योगदान नहीं करनेवाले झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को भविष्य में सचेत रहने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। कार्मिक विभाग ने उनपर चल रही विभागीय कार्यवाही को यह कह कर समाप्त कर दिया कि उनके पांच माह बाद योगदान करने से कोई राजस्व की हानि नहीं हुई, बल्कि यह सिर्फ सरकार के आदेश की अवेहलना का मामला है। ऐसे में उन्हें भविष्य में इस संबंध में सचेत रहना जरूरी है।

मालूम हो कि कार्मिक विभाग ने 11 सितंबर 2015 को कार्यपालक दंडाधिकारी दुमका विजय कुमार की सेवा वापस लेते हुए बीडीओ के पद पर पोस्टिंग के लिए ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी थी। इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग ने 19 जनवरी 2016 की अधिसूचना से स्थानांतरण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी चिनियां, गढ़वा किया था लेकिन इन्होंने पांच माह तक योगदान नहीं दिया। पूरे मामले पर 26 जुलाई 2017 को ग्रामीण विकास विभाग ने आरोप पत्र तैयार कर कार्रवाई की अनुशंसा की। मामले की जांच शुरू हुई उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया। इस मामले में उपायुक्त दुमका से भी मंतव्य लिया गया। विजय कुमार ने स्पष्टीकरण में कहा कि उक्त तबादले की जानकारी किसी माध्यम से उन्हें प्राप्त नहीं हुई। उपायुक्त दुमका कार्यालय में भी इसकी जानकारी नहीं थी। उपायुक्त ने उन्हें श्रावणी मेला 2016 में दुमका में प्रतिनियुक्त किया था। इसी बीच विभाग ने कहा कि तबादले की जानकारी डीसी दुमका कार्यालय व बीडीओ को दी गयी थी।

# ₹167 करोड़ बैंक लोन की धोखाधड़ी के आरोप में सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 167 करोड़ रुपये के लोन धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की रांची एसीबी ब्रांच ने मामला दर्ज किया है। उक्त मामला मुंबई स्थित कंपनी वैरोन ऑटो कास्ट लिमिटेड और उसके निदेशकों पर दर्ज किया गया है। मामले की जांच सीबीआई की रांची सीबीआई के एसीबी ब्रांच के डीएसपी सुधांशु शेखर को सौंपी गई है। इस बाबत पीड़ित ने आरोप लगाया था कि वैरोन ऑटो कास्ट लिमिटेड वैरोन ग्रुप की नयी कंपनी थी। ऑटो कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पलेक्स की स्थापना के उद्देश्य से 721.54 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत में से एसबीआई द्वारा 167 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक (कंसोर्टियम सदस्यों) द्वारा 155 करोड़ रुपये का लोन स्वीकृत किया गया था। कंपनी ने सिविल और निर्माण कार्यों के लिए व्यक्तियों को रुपये ट्रांसफर किये थे, जिसका बिल नहीं था। इससे भारतीय स्टेट बैंक को 167 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

**पूर्व में सीबीआई ने 16 ठिकानों पर मारा था छापा** : गौरतलब हो कि झारखंड में पूर्व में चार हजार करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआइ ने कॉरपोरेट पावर लिमिटेड कंपनी से जुड़े देश के 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में बैंक धोखाधड़ी से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किया गया था। इन ठिकानों में रांची के कांके रोड स्थित चार ठिकानों के अलावा नागपुर, मुंबई, कोलकाता, दुगार्पुर, विशाखापत्तनम और गाजियाबाद शामिल है।

सीबीआइ ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त शिकायत के आधार पर कोलकाता स्थित कंपनी, उनसे जुड़े पदाधिकारियों, अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें 20 बैंकों के समूह को चार हजार करोड़ रुपये की हानि पहुंचाने का आरोप है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 30 सितंबर 2013 को इस कंपनियों के खाते को एनपीए घोषित किया था, बाद में 25 अक्टूबर 2019 को उन कंपनियों और आरोपितों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए जांच की।

जांच में स्पष्ट हुआ कि अभिजीत समूह की कई कंपनियां और उसके कुछ निदेशक कोयला घोटाले के मामलों में पहले से ही सीबीआइ जांच का सामना कर रहे हैं। उनपर चार्जशीट भी दाखिल है। यह भी पता चला कि आरोपित कंपनी ने वर्ष 2009 से 2013 के बीच हेराफेरी कर परियोजना लागत संबंधी कागजात जमा कर बैंकों से 4 हजार करोड़ का ऋण लिया था। धोखाधड़ी का आरोप मनोज जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, राजीव कुमार, विशाल जायसवाल, मुन्ना कुमार जायसवाल, पी.एन. कृष्णन, राजीव गोयल, अरुण श्रीवास्तव, एसएन गायकवाड़, प्रेम प्रकाश शर्मा और अरुण गुप्ता आदि पर लगा था।

## झामुमो का केंद्र सरकार से सवाल

# क्यों बुला रहे संसद का विशेष सत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्र सरकार से संसद के विशेष सत्र बुलाने को लेकर सवाल पूछा है। पार्टी महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन से भाजपा और केंद्र सरकार को भय होने लगा है। यही वजह भी है कि संसद के पांच दिनों के विशेष सत्र के आयोजन के संबंध में सरकारी अधिसूचना जारी नहीं कर रही। आखिर केंद्र सरकार ने क्यों बुलाया है संसद का पांच दिनों का विशेष सत्र। संसदीय कार्य मंत्री इसे सोशल मीडिया पर जारी कर रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि देश संविधान और कुछ पारंपरिक मान्यताओं से चलता है।

**अडानी पर चुप्पी** : सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लगभग तीन महीने से मणिपुर जल रहा है पर विशेष सत्र केंद्र सरकार नहीं बुला पाती। कर्नाटक में केंद्र सरकार चुनाव लड़ता है। पीए विदेशों का दौरा करते हैं। पर अपने मित्र से संबंधित बातों का जवाब नहीं देते। देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान, आर्थिक मामलों के जानकार नाम ले-लेकर लेकर तथ्यों के साथ आज देश के सबसे बड़े उद्योगपति है के कारनामे छाप रहे हैं। पर पीएम चुप रहते हैं। गुजरात सरकार आपके मित्र की चोरी पकड़ती है पर वे खामोश रहते हैं। आखिर विशेष सत्र में होगा क्या। जब दो महीने के बाद शीतकालीन सत्र तो आना ही था तो ऐसी कौन सी आपदा आ गयी कि विशेष सत्र बुला रहे हैं। पहले पता रहता तो सभी दल अपनी अपनी तैयारियों के साथ इसमें शामिल होते।

### आइएनडीए महागठबंधन का जाया आभार

झामुमो ने इंडिया गठबंधन में शामिल सभी 27 दलों के प्रति आभार भी जताया है। सुप्रियो के मुताबिक 1 सितंबर को इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय स्तर पर बनी समन्वय समिति का सदस्य चुना गया। इस देश के 11 करोड़ से ज्यादा आदिवासी जनसमुदाय के प्रतिनिधित्व करने, नौजवानों का, मूलवासियों का प्रतिनिधित्व करने को सबसे पुरानी पार्टी सहित कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पार्टियों ने हेमंत पर भरोसा जताया है। उन्हें पूर्ण विश्वास कि हेमंत को जो जिम्मेवारी मिली है, उसका सफलतापूर्वक निर्वहन वे करेंगे।

### केंद्र के आदेश पर रोकी गयी विद्युत आपूर्ति

झारखंड में पिछले दिनों से बिजली आपूर्ति के मामले और अलग-अलग क्षेत्रों में लोड शेडिंग से परेशान जनता के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिजली संकट का ठीकरा केंद्र की सरकार पर फोड़ा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने प्रेस वार्ता कर कहा कि पिछले तीन दिनों से राज्य जबरदस्त बिजली संकट से जूझ रहा है, क्योंकि केंद्र के आदेश से एनटीपीसी और पॉवर ग्रिड ने ओड़िशा से मिलने वाली बिजली आपूर्ति को रोक दिया है। झामुमो प्रवक्ता ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया है। उन्होंने ने कहा कि गोड्डा में अडाणी पॉवर प्लांट के साथ हुए पूर्व के समझौते के तहत 400 मेगावाट बिजली राज्य को मिलना है, लेकिन वह हम महंगे दर पर क्यों खरीदें?

# सीसीएल के रजरप्पा क्षेत्र में मिला कोयले का नया भंडार, अगले पांच साल तक हो सकता है उत्पादन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई सीसीएल के रामगढ़ जिला में स्थित रजरप्पा एरिया को कोयला के विशाल भंडार का नया वरदान मिला है। सीएमपीडीआई द्वारा रजरप्पा क्षेत्र के विभिन्न भागों में किए जा रहे हैं ड्रिलिंग के दौरान कोयले के नए विशाल भंडार का पता चला है। इस बात की पुष्टि सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव ने मीडिया से किया है।

महाप्रबंधक ने बताया है कि डीएलएफ, सेक्शन 1, सेक्शन 2 और सब स्टेशन में ड्रिलिंग कराई गई है। यहां कोयला होने का पता चला है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर इस कोयले का उत्पादन अगले तीन से 5 वर्षों तक किया जा सकेगा। महाप्रबंधक ने बताया कि डीएलएफ प्लांट को ध्वस्त कर यहां पर शीघ्र ही कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल 3100 मीटर ड्रिलिंग करने के बाद ही इस कोयले के विशाल भंडार का पता चला है। कोयले की खोज के लिए 4000 मीटर तक ड्रिलिंग प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट कोयला उत्पादन, कोयला डिस्पैच एवं रैक लोडिंग में अब आत्मनिर्भर बन सकेगा। मालूम हो कि रजरप्पा प्रोजेक्ट पिछले कई वर्षों से कोयला की समस्या से जूझ रहा है। कड़ी मेहनत और टीम वर्क के बाद कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल किया जा रहा है, ऐसे में नए कोयले के विशाल भंडार मिलने से रजरप्पा क्षेत्र को संजीवनी हाथ लगी है। उन्होंने बताया कि रजरप्पा प्रोजेक्ट कोयला उत्पादन कोयला डिस्पैच और रैक लोडिंग में काफी ग्रोथ किया है।

मालूम हो कि वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में इस वित्त वर्ष के अगस्त तक कोयला उत्पादन में 51 प्रतिशत, कोयला डिस्पैच में 85 फीसदी और रैक लोडिंग में 25 फीसदी का ग्रोथ हुआ है। इस तरह रजरप्पा का टर्नओवर 103 फीसदी हुआ है जबकि शुद्ध मुनाफा 160 फीसदी तक पहुंच गया है।

## रघुवर समर्थकों ने निकाला मशाल जुलूस, सरयू रहे निशाने पर



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के पवित्र छठ घाट तालाब में स्विमिंग पूल और आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य के विरोध में शहर के धर्मप्रेमी सड़क पर उतर आए हैं। इस निर्माण कार्य का एक ओर जहां सूर्य मंदिर समिति ने कड़ी आपत्ति जताते हुए विरोध दर्ज किया है। तो वहीं, सूर्य मंदिर में आस्था रखने वाले लाखों श्रद्धालुओं में आक्रोश देखा जा रहा है। सूर्य मंदिर परिसर के छठ घाट तालाब में निर्दलीय विधायक के द्वारा स्विमिंग पूल और आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल शंख मैदान में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी कोर्ट निर्माण कार्य के विरोध में शनिवार को जमशेदपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हजारों धर्मप्रेमी बंधुओ ने मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान लोगों ने मशाल एवं हाथों में तख्ती लेकर पैदल यात्रा करते हुए आमजनों को विद्यायक सरयू राय की धर्म विरोधी मानसिकता पर जागरूक किया। लोगों ने विधायक सरयू राय के धर्मविरोधी मानसिकता के विरोध में नारेबाजी कर लोगों को पत्रक बांटकर जागरूक किया। मशाल जुलूस में शामिल लोगों ने कहा कि विद्यायक बनने के बाद से ही क्षेत्र की बढ़ते समस्याओं और ध्वस्त हो रहे कानून व्यवस्था पर कोई ठोस पहल ना कर निर्दलीय विधायक अनावश्यक विवाद उत्पन्न कर सिर्फ सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। लोगों ने कहा कि सूर्य मंदिर जमशेदपुर ही नही अपितू पूरे झारखंड में श्रद्धालुओं के अटूट आस्था और अपने सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है।

## सूर्य मंदिर नहीं टाउन हॉल क्षेत्र में हो रहा क्रीड़ा क्षेत्र का विकास : सरयू राय

### सूर्य मंदिर की ओट लेकर झूठ बोल रहे हैं रघुवर दास खोलेंगे पोल : विधायक

विशेष संवाददाता



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सरयू राय।

जमशेदपुर। सूर्य मंदिर क्षेत्र में कथित स्वीमिंग पुल, बास्केटबॉल कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट तथा पार्क निर्माण को लेकर सूर्य मंदिर कमेटी द्वारा विरोध किये जाने के मामले में क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने आज स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, मैं बहुत ही विनम्रता से बताना चाहता हूं कि क्रीड़ा क्षेत्र का जो विकास हो रहा है, वह क्षेत्र सूर्य मंदिर का क्षेत्र नहीं बल्कि टाउन हॉल एरिया है। सूर्य मंदिर एक पवित्र स्थान है और उसकी पवित्रता भंग करने का दुःसाहस मैं नहीं कर सकता। विधायक निधि से जो भी विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हो रहे हैं वे सूर्य मंदिर चाहरदिवारी से बाहर हो रहे,ऐसे में मंदिर की पवित्रता का सवाल ही कहा उठता है। यह सवाल वे लोग उठा रहे हैं जो सरकारी निधि से बने आधारभूत संरचनाओं पर कब्जा कर माल महाराज का मिर्जा खेले होली की तर्ज पर निजी फायदा उठा रहे थे। रही बात छठ घाट में बोटिंग की तो खुद रघुवर दास विधायक थे तो उन्होंने 1.98 लाख की लागत से दो बड़ी-बड़ी पैडल बोट इसमें चलवाते थे, मैंने यहां पर बच्चों के लिए छोटी बोट चलवाने का प्रबंध किया तो तालाब कैसे अपवित्र हो गया। जहां तक शंख मैदान की बात है तो वहां शंख रुपी संरचनाएं खराब होने की स्थिति में हैं। मैं वहां चबुतरा बनवा कर श्रीमद भागवत गीता में उल्लेखित शंखों के प्रारुप को अधिष्ठापित करवाउंगा ताकि वहां की पवित्रता बनी रहे। लोगों के लिए मैदान के चारो ओर बेंच लगवाये जा रहे ताकि लोग शंख पर बैठ कर अपवित्र न करें। टाउन हॉल के नीचले तल में दो बड़े-बड़े कमरें हैं जहां इंडोर गेम नियमित रुप से होंगे वहां कोच आदि की व्यवस्था रहेगी। युवा खेल प्रतिभाओं को वहां निखारा जायेगा। टाउन हॉल के एक छोर पर ओलंपिक के आधा साइज का स्वीमिंग पुल अलग से बनाने का प्रस्ताव प्रशासन को दिया है। यह सब सूर्य मंदिर चाहरदिवारी से बाहर हो रहा है। मैं टाउन हॉल से लेकर तालाब तक में हर दिन चहल-पहल वाला क्षेत्र बनाना चाहता हूं ताकि जनता को लाभ हो और सरकारी निधि से बनी आधारभूत संरचना का सदुपयोग हो। कोई बताये मैं कहां गलत हूं? सरयू राय ने अपने बिष्टुपुर स्थित आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त बात कहीं। उन्होंने सूर्य मंदिर कमेटी द्वारा टाउन हॉल एरिया में विकास कार्य रोके जाने के मामले में संगठन द्वारा मशाल जुलूस एवं डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन की घोषणा की तीखी निंदा की। सरयू ने कहा, यह सब कुछ रघुवर दास के इसारे पर हो रहा है। मैंने डीसी मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की है,और कहा है कि विकास कार्य किसी के दबाव में रुकना नहीं चाहिए। दूसरी बात जो लोग यहां धरना-प्रदर्शन करने आ रहे हैं उनका ड्रोन फोटोग्राफी होनी चाहिए। वादा करता हूं कि उनसे दोगुना से अधिक लोग लेकर मैं योजना क्रियान्वयन के पक्ष में प्रदर्शन करने आउंगा। रघुवर समर्थकों को चेताते हुए विधायक ने कहा कि चिल्ड्रेन पार्क, सिदगोड़ा के नाम पर क्या-क्या हुआ है,और अब कुछ लोग जो नाटक कर रहे हैं, उसकी पोल खोलने के लिए मैं दो पेज का पर्चा तैयार कर रहा हूं जो घर-घर पहुंचाया जायेगा और जनता को बताया जायेगा कि सूर्यमंदिर परिसर को न तो अपवित्र किया जा रहा है,और ही कोई गलत योजना लागू की जा रही है।

स्पीड न्यूज

### बाबा वडभाग सिंह का 308 वां प्रकाश दिवस मनाया गया



जमशेदपुर। स्थानीय एग्रीको में बाबा वडभाग सिंह का 308 वां प्रकाश पर्व गुरमत मयार्दा के अनुसार मनाया गया। बारीडीह गुरुद्वारा की स्त्री सत्संग सभा जत्थे ने सुखमणि साहिब का पाठ एवं कीर्तन किया। बीबी दलवींदर कौर ने अरदास की। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने लंगर ग्रहण किया। बीवी निर्मल कौर और बाबा कृपाल सिंह पाले के अनुसार लोगों के पीड़ा दुख दर्द का नाश सच्चे मन से की गई अरदास से होता है।प्रधान कुलविंदर सिंह बिष्टपुर गुरुद्वारा के पूर्व महासचिव अमरजीत सिंह, बीबी निर्मल कौर, बीबी मनजीत कौर, बीबी गुरमीत कौर, बीबी रानी कौर, करनैल सिंह, सोहन सिंह, आनंद राव आदि ने हाजिरी भरी।

### हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद ने कोर्ट की सुरक्षा की समीक्षा की

जमशेदपुर। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद में शनिवार को जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय का भारी सुरक्षा के बीच निरीक्षण किया। दरअसल शुक्रवार की शाम कोर्ट परिसर में घुसकर एक कोर्ट कर्मचारी पर एक अपराधी ने चपड़ से हमला कर दिया था। इस जानलेवा हमले को लेकर हाईकोर्ट ने सोता संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस के निर्देश पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद आज सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने जमशेदपुर पहुंचे थे। उनके आगमन की खबर मिलते ही डीसी मंजूनाथ भजंत्री और सीनियर एसपी प्रभात कुमार सर्किट हाउस पहुंचे और उनका स्वागत किया। इसके पश्चात दोपहर को जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय पहुंचे यहां उनके साथ हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार एडमिनिस्ट्रेशन निकेत कुमार सिंह और जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के जिला प्रधान न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा और झारखंड बार एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन एवं परीक्षा दिवस का राजेश कुमार शुक्ला के अलावा जमशेदपुर 12 एसोसिएशन तदर्थ कमेटी के संयोजक लाल अजीत कुमार एम्बेसडर सदस्य तप मित्र तन ओझा जयप्रकाश अधिवक्ता संजीव रंजन बैरियर अजय सिंह राठौड़ और अधिवक्ता बलाई पांडा भी थे। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने निरीक्षण के क्रम में डीसी और एसपी को निर्देश दिया कि कोर्ट परिसर की सुरक्षा में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। पर्याप्त सुरक्षा जांच के पश्चात ही किसी भी व्यक्ति को कोर्ट परिसर में प्रवेश दिया जाए, पार्किंग व्यवस्था ठीक किया जाए और इलेक्ट्रिक गेट की व्यवस्था की जाए। जस्टिस ने अभी निर्देश दिया कि जब तक कोर्ट परिसर में काम होता रहे वहां सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अवश्य रहनी चाहिए।

### चांडिल : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



चांडिल। शनिवार को चौका थाना क्षेत्र के कांटिन मोड़ के पास 21 वर्षीय युवक धर्मेन्द्र सिंह मुंडा कि अज्ञात वाहन की धक्के से सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ईचागढ थाना क्षेत्र के तुता गांव निवासी के रूप में हुई है। मृतक धर्मेन्द्र चौका थाना क्षेत्र के गोडडी के आधार राईस मिल में काम करता था।

### साईकिल सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत



गम्हरिया। गम्हरिया थाना अंतर्गत ईटागढ़ पंचायत के तिरला नाला के समीप शनिवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान तिरला गांव निवासी शिवचरण पात्रो (55) के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र अरूण के अनुसार उसके पिता ऑटो प्रोफाइल में काम करते थे। सुबह करीब पांच बजे वे ड्यूटी करने के लिए निकले थे। इसी क्रम में वाहन ठोकर मार कर फरार हो गया।

## नीमडीह : तीन बेटियों संग कुंए में कूदी महिला, मौत

### बेटा न होने से डिप्रेशन में थी महिला

### मायके लौटते वक्त जंगल में भागी लटकती मिली मां की लाश



खबर मन्त्र टीम

चांडिल/जमशेदपुर। सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह थाना अंतर्गत एक हृदय वितरक घटना सामने आई है। बेटा नहीं होने से अवसादगत एक महिला ने अपनी तीन बेटियों के साथ कुएं में छलांग लगा दी।

कुएं में पानी कम होने से महिला तो बच गई किंतु उसकी तीनों बेटियों की मौत हो गई। बाद में गांव वालों ने सामाजिक बैठक कर महिला को उसके पति से संबंध बिच्छेद करवाकर उसे मायके वालों के हवाले कर दिया। पति ने सबके सामने महिला को संबंध विच्छेद करने की बात कही और शादी में पहनाये गए लोहे की चूड़ी को महिला के हाथ से उतरवा लिया गया और महिला को उसके पिता भाई और मामा के हवाले कर दिया। मायके वाले महिला को लेकर जब अपने गांव लौट रहे थे तो जंगल के पास वह सोच के बहाने रुकी और बाद में जंगल के भीतर भाग गई और एक पेड़ पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

इस मामले की पुष्टि थाना प्रभारी मोहम्मद तंजील खान ने भी की है। बताया जाता है की रघुनाथपुर मांझी टोला निवासी 35 वर्षीय सुबोध हांसदा की पत्नी सतना हांसदा (30 वर्ष) चार बेटियों की मां थी। बेटा नहीं होने से वह डिप्रेशन में चली गई थी और विक्षिप्त सी हो गई थी। 31 अगस्त को जब उसका पति सुबोध काम पर गया हुआ था तो अपराहन 4:00 बजे वह अपने घर के पास कुएं में अपनी तीन बेटियों 12 वर्षीय शेफाली हांसदा, 10 वर्षीय दीपाली हांसदा और 6 माह की बेटी रुपाली हांसदा को लेकर घर के पास के कुएं में कूद गई। बाद में पति आया तो खोजना पर पता चला की पत्नी कुएं में कूद गई है।

उसने हल्ला कर गांव वालों को बुलाया गांव वाले कुएं में घुसे तो सतना हांसदा जिंदा थी जबकि तीनों बेटियों की मौत हो गई थी। गांव वालों ने 31 अगस्त की रात में ही सतना हांसदा के पिता,भाई और मामा को बुलाया और सामाजिक बैठक की। पति सुबोध हांसदा ने गांव वालों के सामने कहा कि अब वह अपनी पत्नी को नहीं रख सकता और उसने पत्नी के हाथ से शादी के वक्त पहनाये गए लोहे की चूड़ी को उतार लिया और गांव वालों ने सहमति से सतना हांसदा को उसके पिता, भाई और मामा के हाथों सौंप दिया जो सतना को लेकर बाइक से अपने गांव की ओर चल पड़े। इस बीच गांव वालों ने तीनों बेटियों की अंत्येष्टि कर दी। पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई।

मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब 1 सितंबर की रात पुलिस को बुरुडीह जंगल में एक पेड़ से महिला की लाश झूलने की खबर मिली। रात हो जाने से पुलिस 2 सितंबर की सुबह घटनास्थल बड़ा बाजार बॉर्डर के पास बुरुडीह जंगल पहुंच कर लाश को कब्जे में ले लिया। महिला की पहचान करने के लिए पुलिस ने कोशिश शुरु की तो पता चला कि महिला रघुनाथपुर माझी टोला की रहने वाली है। उसके पति ने शव की पहचान की और पुरा वाकया पुलिस को कह सुनाया। नीमडीह थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर तंजील खान ने बताया की महिला ने अपने पिता,भाई और मामा के साथ बाइक से अपने मायके लौट के क्रम में जंगल के पास रुकी थी और शौच के बहाने जंगल के भीतर गई और भागते हुए अंदर चली गई।

चूंकि जंगल में काफी अंधेरा था इसलिए उसका पता नहीं चला और अगले दिन भी मायके वाले उसे खोज नहीं कर पाए किंतु जब जंगल में ग्रामीण शुक्रवार के दिन लकड़ी चुने गए तो महिला की लाश पेड़ से लटकते हुए पाया। थाना प्रभारी ने बताया कि चुकी महिला की मौत हो चुकी है इसलिए उसके बच्चों की मौत के मामले में कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता और इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है। पूरे वाकये को लेकर नीमडीह और आस-पास में चर्चा का बाजार गर्म है।

## साकची हाई स्कूल में पूरबी घोष ने डोनेट किया सौनिटरी इंसीनेटर मशीन



जमशेदपुर। साकची हाई स्कूल प्लेटिनम जुबिली मना रहा पूरे साल भर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज इस स्कूल से पास आउट पूर्व छात्रा पूरबी घोष ने सैनिटरी नैपकिन डिस्ट्रॉय करने के लिए इंसीनेटर मशीन डोनेट किया जो सुविधा कंपनी से ली और इस मशीन के साथ सीएसआर के तरफ से एक वेंडिंग मशीन भी दिया है। इस स्कूल में एक अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इंदू चौहान जिन्होंने महावारी के बारे में सभी जानकारी दिए। विशिष्ट अतिथि डॉ रघुमोनी स्वच्छता और स्वास्थ के जानकारी दिए। विशिष्ट अतिथि तरुण कुमार जो निश्चय फाउंडेशन का फाउंडर है, उन्होंने अपना अनुभव शेयर किए आउट बच्चो को प्रेरित किए। सुविधा कंपनी के तरफ से पवन कुमार बच्चियां को मशीन के ऑपरेशन के बारे में जानकारी दिए। स्कूल के हेड मास्टर प्रणब कुमार घोष धन्यवाद ज्ञापन और पूरबी घोष को इस डोनेशन के लिए आभार प्रकट किए। आज स्कूल के बच्चे,शिक्षक शिक्षिका,स्कूल गवर्नरिंग बॉडी का सदस्य अजय चैटर्जी, शिबानी घोष,शुभोदिप मंडल,शुभेंदु बिस्वास और अन्य उपस्थित थे। अंत में श्रीपर्णा बनर्जी ने दिल है छोटा सा छोटी सी आशा संगीत के साथ प्रोग्राम समाप्त की।

## आठ सितंबर को डीसी ऑफिस पर धरना देगा भाजमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर में झारखंड सरकार की नागरिक सेवाएं ध्वस्त हो गई हैं। इसका प्रतिकुल प्रभाव टाटा स्टील युआईएसएल पर भी हो रहा है। इसकी व्यवस्था भी पहले से खराब हो रही है। सबसे खराब हालत सफाई व्यवस्था की है। घर घर से कचरा इकट्ठा करने की डोर टू डोर व्यवस्था नकारा हो गई है। नालियों से निकला कचरा हफ्तों तक सड़क पर पड़ा रहता है। सफाई ठेकेदारों के मजदूर कहीं नजर नहीं आते। सैकड़ों गरीबों के घर पूर्वी जमशेदपुर में हैं जिनके पास शौचालय सुविधा नहीं है। आज सुबह ऐसी ही एक बस्ती का दौरा बारीडीह में किया। इसके खिलाफ आगामी 8 सितंबर को उपायुक्त के कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। उक्त बातें संवाददाता सम्मेलन में विधायक सरयू राय ने कहीं। उन्होंने कहा कि डेंगू और वायरल बुखार ने महामारी का रूप ले लिया है। टीएमएच और एमजीएम के वार्ड ऐसे मरीजों से भरे पड़े हैं। वर्तमान से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। प्रशासन अस्पतालों में स्पेशल वार्ड बनवाए। वर्तमान स्थिति में हर मरीज को चिकित्सा का अधिकार मिले। यह नहीं होना चाहिए कि अस्पताल किसी को भी इस आधार पर भर्ती लेने से इंकार करें कि बेड नहीं है। डेंगू के कारण रक्त अधिकोषों पर भार बढ़ा है। आज सबसे अधिक जरूरत रक्त की है। हमलोगों ने आगामी 25 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है, ताकि रक्तदान के माध्यम से रक्त की कमी दूर की जा सके। सरयू ने कहा कि पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था मोहरदा और टाटा लीज क्षेत्र दोनों में संतोषजनक नहीं है। साफ पेयजल आपूर्ति पर लोगों के बीच शंका पैदा हो रही है। विजया गार्डेन जैसे पॉश इलाकों में भी पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। नगरपालिका सेवाओं की कुव्यवस्था इसके लिए जिम्मेदार है। बिजली समस्या की चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि बिजली आपूर्ति की कुव्यवस्था के बारे मे तो जितना कहा जाए उतना कम है।

## श्रीनाथ विवि : स्कूल ऑफ फाइन आर्ट के द्वारा फ्रेशर्स डे का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। स्कूल आफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों के द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई साथ ही फ्रेशर्स के बीच कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न चरणों को पार करते हुए मिस्टर फ्रेशर्स के रूप में पिंकू महतो तथा मिस फ्रेशर्स सपना अंगारिया रही। सभी फ्रेशर्स का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष नलिन चंद्र ने कहा कि आप सभी का स्कूल आफ फाइन आर्ट्स में हार्दिक स्वागत है साथ ही उन्होंने सभी को इस कोर्स मे नामांकन के लिए बधाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

नलिन चन्द्र ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आप अनुशासित रहे, सृजनात्मक रहे और अच्छे काम के लिए हमेशा तैयार रहें क्योंकि समाज में आपकी पहचान आपके काम के द्वारा ही बनेगी।

इस अवसर पर बडी संख्या मे स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ज्ञान की खोज कभी रुकनी नहीं चाहिए : मनोहर राघवन

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम ) की ओर से सीएक्सओ सिरीज के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में 3 ट एशिया पैसिफिक पीटीइ लिमिटेड के पूर्व डायरेक्टर मनोहर राघवन उपस्थित थे। बीएम, एचआरएम व जीएम के प्लेसमेंट के कन्वेनर प्रोफेसर कनगराज ने उनका स्वागत किया। बड़े भौगोलिक क्षेत्रों में भी एक लीडर के तौर पर रणनीति बनाना व उसके कार्यान्वयन की बारीकियों से संबंधित विषय पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में राघवन ने कहा कि किसी भी बिजनेस का प्राइमरी ऑब्जेक्टिव अपने कस्टमर व शेयरहोल्डर के लिए वैल्यू क्रिएट करना है। जीवन में सीखना एक लाइफ लांग जर्नी है, ज्ञान की खोज कभी भी किसी भी परिस्थिति में रुकनी नहीं चाहिए। उन्होंने महत्वाकांक्षी बिजनेस लीडरों के लिए नेटवर्किंग के महत्वपूर्ण कौशल पर भी जोर दिया।

## जिओ फाइबर के कर्मचारी स्व गुलशन के परिजनों को मिला आठ लाख रुपये मुआवजा

खबर मन्त्र ब्यूरो



जिओ फाइबर के जनरल मैनेजर से समझौते के बाद हाथ मिलाते विकास सिंह।

जमशेदपुर। जिओ फाइबर कंपनी में कार्यरत मानगो के शंकोसाई रोड नंबर 1 का रहने वाला स्व .गुलशन बोपाई की विधवा मां मंजू बोपाई को भाजपा नेता विकास सिंह के अथक परिश्रम से किए गए आंदोलन के बाद जिओ फाइबर कंपनी के द्वारा आठ लाख मुआवजा के साथ-साथ टाटा मुख्य अस्पताल में गुलशन के इलाज के दौरान लगने वाला बिल, अंतिम संस्कार एवं शव वाहन की राशि देने पर समझौता होने के बाद मानगो के जिओ फाइबर कंपनी के कार्यालय का हुड़का जाम का आंदोलन समाप्त हो गया। कार्यालय परिसर में आंदोलनकर्ता विकास सिंह एवं उनके समर्थकों एवं परिवार के सदस्यों के साथ साथ जिओ फाइबर कंपनी के उच्च अधिकारियों के द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर स्व गुलशन की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत मंगलवार को जिओ फाइबर का केबल बांधने के दौरान बिग बाजार के समीप बिजली का झटका लग जाने के कारण गुलशन नीचे गिर गया था गुलशन बुरी तरह जख्मी हो गया था। शुक्रवार के दिन टाटा मुख्य अस्पताल में गुलशन का निधन हो जाने पर गुलशन के परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। देहांत होने के उपरांत गुलशन के परिजनों ने भाजपा नेता विकास सिंह को टाटा मुख्य अस्पताल में बुलाकर अपनी पीड़ा बताई थी। विकास सिंह ने जिओ फाईबर के अधिकारियों से स्व. गुलशन के परिवार को दस लाख रु मुआवजा देने के साथ-साथ अस्पताल का पूरा बिल एवं अंतिम संस्कार के रुपए की मांग रखी थी। विकास सिंह ने घोषणा किया था कि मुआवजा नहीं मिलेगा तो मानगो डिमना रोड़ स्थित जिओ फाइबर की कंपनी के कार्यालय का हुड़का जाम कर दिया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार विकास सिंह गुलशन के परिवार एवं अपने मित्रों के साथ प्रातः 10:00 बजे जिओ फाइबर के कंपनी कार्यालय हरवे हथियार के साथ पहुंचकर कार्यालय का हुड़का जाम करते हुए कार्यालय को अनिश्चितकालीन बंद करने की घोषणा कर दी थी। मामले की जानकारी मिलते ही जिओ फाइबर कंपनी के झारखंड राज्य के प्रमुख पूर्व डीएसपी बबन सिंह, ननिल सिन्हा एवं सुमित सिंह रांची से जमशेदपुर पहुंचकर विकास सिंह से मुआवजे के मामले में वार्ता करते हुए चार लाख देने की बात कही इस बार विकास सिंह भड़कते हुए कानून का आईना दिखाया और जिओ के अधिकारियों के ऊपर विकास सिंह ने 302 का मुकदमा दर्ज करने की बात कही साथ ही विकास ने कहा कि मुआवजा अगर सम्मानजनक नहीं दिया गया तो टाटा मुख्य अस्पताल से गुलशन का शव लाकर जिओ फाइबर कंपनी के कार्यालय में रख दिया जाएगा। साथ ही एन एच 33 जाम करने की धमकी विकास ने दी।

## खबर एक नजर में

### अभिभावक संघ ने डीसी ऑफिस पर किया प्रदर्शन




जमशेदपुर। जमशेदपुर अभिभावक संघ शनिवार को उपायुक्त, एसएसपी, एसपी (नगर) डीटीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को जमशेदपुर के निजी स्कूलों में चलने वाले सभी प्रकार के निजी स्कूली वाहनों में बच्चों की हो रही ओवरलोडिंग की जांच एवं तय मापदंड से ज्यादा बच्चे बैठाने वाले निजी स्कूली वाहन चालक पर कारवाई एंव भाड़ा निर्धारण कमेटी का गठन मांग के संबंध में मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि जमशेदपुर के निजी स्कूलों में चलने वाले सभी प्रकार के निजी स्कूलों वाहनों में लगातार बच्चों को ओवर लोडिग जारी है। नतीजा चलती स्कूली वाहन से बच्चा गिर जाता है पर वाहन चालक को इसकी जानकारी नहीं हो पाती। पिछले एक सप्ताह में बच्चे के गिरने और स्कूली टेंपो पलटने की लगातार दो घटनाएं हो चुकी है जिसमें बच्चे घायल हुए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के रिट पिटीशन 13029/1985 व झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण द्वारा अगस्त 2011 को जारी आदेश कि निजी स्कूल प्रबंधनों को अपने स्कूल के बच्चों को घर से स्कूल सुरक्षित आने जाने के लिए स्कूल बस का संचालन करना है पर शहर के अधिकतर निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा बस का संचालन न कर लगातार आदेश की अवमानना करते रहे हैं, ऐसे में खामियाजा बच्चों को दुर्घटना, ड्राईवर द्वारा छात्राओं के साथ छेड़-छाड़ और बलात्कार जैसी घटनाओं का सामना कर भुगतना पड़ता रहा है।

### टाटा स्टील का इंटर जेडीसी राफ्टिंग टूर्नामेंट संपन्न



जमशेदपुर। टाटा स्टील के खेल विभाग ने 1 और 2 सितंबर को वाटर स्पोर्ट्स सेंटर, डिमना में इंटर-जेडीसी राफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के वाईस प्रेसिडेंट शत्रुघ्न कुमार रॉय, टीडब्ल्यूयू के कमिटी मेंबर विनोद कुमार ठाकुर के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 32 जेडीसी यूनिट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 260 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। असाधारण कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए कोक प्लांट की टीम विजेता बनी, जबकि हॉट स्ट्रिप मिल की टीम उपविजेता रही। इंजीनियरिंग सर्विसेज दूसरे स्थान पर रही। निष्पक्ष खेल और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, टूर्नामेंट को अन्वेषा सिन्हा, अंकित मिश्रा और टाटा स्टील एडवेंचर टीम सहित प्रसिद्ध तकनीकी अधिकारियों की विशेषज्ञता से लाभ हुआ, जिन्होंने अपनी भूमिका सराहनीय ढंग से निभाई।

### जाहेर स्थान घेराबंदी निर्माण कार्य का विधायक मंगल कालिंदी ने किया शिलान्यास



जमशेदपुर। जमशेदपुर प्रखंड अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत हितकु पंचायत के गोड़ाडीह ग्राम में जाहेरस्थान घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने किया। इसका निर्माण 59 लाख रुपए की राशि से होगा। शिलान्यास करने पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विधायक का भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि जाहिरा स्थल गांव की एक धार्मिक स्थल है। प्राकृतिक से जुड़े व गांव की सुख शांति समृद्धि के लिए पूजा पाठ किया जाता है। मौके पर पूर्वी सिंहभूम मुखिया संघ ज़िला अध्यक्ष पलटन मुर्मू, झामुमो वरिस्ठ नेता रोड़िया सोरेन, पंचायत समिति सदस्य दीपु सिंह, ग्राम प्रधान मनसा सिंह, लाया मंगल सिंह, संजय दास, जगन दास, लक्खी कर्मकार, बुधन सिंह, रामदास मुर्मू, सोनाराम टूडु, उकिल सिंह, बिरु भूमिज, जलनधर सिंह, मदन दास, दुलाल सिंह, जित्सन सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### सबिता महतो ने 44 लाख की लागत वाले स्कूल भवन का किया शिलान्यास




चांडिल। शनिवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के रसुनिया गांव में अपग्रेड हाई स्कूल रसुनिया का लगभग 44 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो मंजिला 6 कमरा वाले स्कूल भवन का ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने विधिवत पिता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर दिया। विधायक ने कहा रसुनिया अपग्रेड हाई स्कूल का भवन काफी जर्जर हो गया था दो मंजिला नया विद्यालय भवन बन जाने से यहां पर पढ़ने वाले विद्यार्थियों का पठन पठान मे किसी तरह का असुविधा नहीं होगी। विधायक ने कहा स्कूल के विद्यार्थियों को हो रहे असुविधा को देखते हुए इस विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाने को लेकर प्रयास किया जाएगा। विधायक ने संवेदक को ससमय एवं अच्छे गुणवत्ता वाले भवन निर्माण करने को कहा। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु माहतो, मंगल मांझी, राहुल वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### श्री श्री राममंदिर समिति,टेल्को में भव्य तरीके से मनेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



जमशेदपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राममंदिर समिति टेल्को द्वारा राममंदिर प्रांगण में 6सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जायेगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी जोर शोर से की जा रही है।पूरे राममंदिर प्रांगण को रंगीन विद्युत सज्जा से सजाया जा रहा है।श्रीराममंदिर समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर वर्ष बहुत भव्य रूप से मनाई जाती है। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राममंदिर के ज्ञानमंडप सभागार में जमशेदपुर के लोकगायक आशुतोष तिवारी एन्ड पार्टी द्वारा संध्या 7 :00बजे से भगवान श्रीकृष्ण के भजनों की अनुपम प्रस्तुति होगी साथ ही साथ गीत-संगीत के साथ वीर बजरंगबली,कृष्ण सुदामा,राधा कृष्ण व शिव जी की मनमोहक झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र होंगी। कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिये समिति के प्रतिनिधि व सदस्यों को अलग-अलग काम बांटा गया है। आयोजन को सफल बनाने मे मंदिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह,बबन पाण्डेय,नरेंद्र कुमार सिंह(हैप्पी),शैलेन्द्र सिंह,नंदलाल सिंह,कामेश्वर सिंह,विजय कुमार सिंह, सुनील सिंह,राजेश भोजपुरिया, वेंकट राव, मनंजय पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, सुधीर कुमार सिंह, अभय पाण्डेय, भरत पाठक, दिपक कुमार, राजेश पाण्डेय, एस के मिश्रा, राकेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार इत्यादि।

## स्पीड न्यूज

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 6 सितंबर को विष्णु मंदिर में मनेगा



**मेदिनीनगर।** शहर के अतिविशिष्ट श्री विष्णु मंदिर में 6 सितंबर बुधवार को लगातार 88वें वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इसे लेकर मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता (बब्लु गुप्ता) की अध्यक्षता में बैठक की गई। यह निर्णय लिया गया है मंदिर में विधि विधान से मुख्य पुजारी कमल किशोर के द्वारा रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्णा का जन्मोत्सव पूजन एवं महाआरती होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कालाकारों के द्वारा भक्ति भजन संध्या का भी आयोजन होगा एवं भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा। बैठक में न्यास के सह सचिव श्रवण कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार, न्यासी विजय कुमार, नवीन कुमार गुप्ता (लालबाबू), सतीश कुमार दुबे, प्रदीप कुमार एवं महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

### पलामू में भी शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जाएगी : विहिप




**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद, पलामू विभाग की बैठक गढ़वा के उत्सव गार्डन में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री व प्रचार प्रसार केंद्रीय सह प्रमुख सचिंद्र नाथ सिन्हा, झारखंड विहिप प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू और झारखंड संगठन मंत्री देवी सिंह उपस्थित थे। बैठक में सिन्हा ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी 7 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद की 60वीं स्थापना दिवस मनाई जाएगी। 7 सितंबर से 25 अगस्त 2024 तक विश्व हिंदू परिषद की षष्टी पूर्ति वर्ष मानने की योजना है। इस एक वर्ष के अंदर संपूर्ण देश में एक लाख समिति गठन करने का लक्ष्य है। श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के भव्य समारोह में उपस्थिति के लिए आमंत्रण के साथ-साथ सामाजिक चेतना हेतु झारखंड प्रांत में 29 नवंबर को चार स्थानों से शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रांत के विभिन्न मार्ग से होते हुए 8 अक्टूबर को रांची में भव्य हिंदू सभा में परिवर्तित हो जायेगा। गढ़वा जिला से रथ विश्राम पूर मोड़ पर 30 सितंबर दोपहर बाद पलामू जिला में प्रवेश करेगी, जो पलामू जिला के विभिन्न प्रखंड में भ्रमण करने के बाद 2 अक्टूबर दोपहर में लातेहार जिला को सौंप दी जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 7 सितंबर से 21 सितंबर के बीच स्थापना दिवस समारोह जिला में लगभग 100 स्थानों पर मनाई जाएगी। बैठक में पलामू से जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक और लाला यादव, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, जिला सह मंत्री अमित तिवारी और आशीष चौरसिया, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, सह संयोजक मोनू गुप्ता और सोनू सिंह, नगर संयोजक आकाश, नगर सह संयोजक अमित तिवारी, दिलीप गिरी, अमलेश पासवान, विकाश कश्यप, सतबरवा से सुनील कुमार, इंदर सिंह, करण मिश्र, अंगद कुमार, अभिषेक कुमार, नवा बाजार से हिमांशु पांडेय, नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर मंत्री दीपक सिंह, बसना से कंचन गुप्ता, रेवा रातु से नीतीश कुमार, उपेंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, मंटू गुप्ता, नागदेव रवि, अमन गुप्ता, प्रेम यादव, त्रिपुरारी मिस्त्री, अनिकेत विश्वकर्मा, सुदू शामिल थे।

### मनातू प्रखंड में शिक्षकों ने मनाया ओपीएस का प्रथम वर्षगांठ



**मनातू पलामू।** ओपीएस प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय पदमा (मनातू) के प्रशाल में प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता ओपीएस के प्रखंड संयोजक संजय कुमार चौधरी ने की। इस खुशी के अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो महबुब आलम ने 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारीयों के सेवानिवृत होने के बाद परेशानियों पर प्रकाश डाला। साथ ही पेंशन बहाल करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुभकामनाएं दी। संजय कुमार चौधरी ने सभी शिक्षकों को इस अवसर पर शरीक होने के लिए धन्यवाद दिया। चौधरी कहा कि इस महान और पुनीत कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शिक्षक विद्वत जन के प्रति आभारी हैं। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह, पलामू जिला संयोजक मनोज मेहता को बधाई दी। रामशरण कुमार ने सभी शिक्षक वृंद को इस अवसर पर केक काटने के लिए आमंत्रीत किया। जिसमे राजकीय मध्य विद्यालय पदमा के प्रधान शिक्षिका सुधा कुमारी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेमरी के प्रधान शिक्षक सतीश कुमार ने केक काटकर व मिठाइयां बांट कर खुशी का इजहार किया। मौके पर बिंदेश्वर कुमार, राकेश रौशन, श्यामनंदन मेहता, राजकुमार सिंह, महेश राम, अमरेश उरांव, सुदेश चौहान, प्रसिद्ध राम, बीरबल कुमार,अशोक यादव, रविन्द्र रजक, मो इबरार आलम आशीष समेत शिक्षक उपस्थित थे।

### मृतक सहायक अध्यापक के परिजनों को संघ ने दी सहायता राशि



**पाटन (पलामू)।** सहायक अध्यापक संघ की ओर से प्रखंड पाटन के मृत सहायक अध्यापक स्वर्गीय अशर्फी राम के परिजनों को 60300 रूपये आर्थिक सहयोग किया गया। अशर्फी राम के परिवार से मिलकर तथा उन्हें सहयोग देकर सहायक अध्यापक संघ के सदस्य भावुक हो गए। अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद सिंह ने कहा कि आज यदि झारखंड सरकार सहायक अध्यापक के लिए ठोस नियमावली प्रारंभ में भी बना दी गई होती तो यह स्थिति आज नहीं आती। सिंह ने कहा कि वर्ष 2002 से आज तक विद्यालय में शिक्षक के रूप में बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगाने वाले सहायक शिक्षकों की स्थिति दयनीय है। सहायक अध्यापकों को सम्मानजनक मानदेय नहीं मिला तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी एक भी रुपए राशि नहीं मिली जिससे कि वह आगे अपने जीवन को व्यवसाय के रूप में खड़ा कर सके। सहायक अध्यापक सेवानिवृत हो चुके हैं उन्हें ठोकरे खानी पड़ रही है जिनकी मृत्यु हो गई है परिवार का दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। सिंह ने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि 20 वर्ष जो सहायक अध्यापक अपनी उम्र को समाप्त कर चुके हैं उन्हें सेवा निवृत्ति के बाद एक मुश्त राशि मिले तथा मृतक परिवार को एक नौकरी मिले। मौके पर मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार को मृत सहायक अध्यापक के एक परिवार को नौकरी दे। ऋषि कांत तिवारी ने कहा कि सरकार को सहानुभूति पूर्वक विचार करना चहिए। मौके पर विमलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार पांडेय, विवेक कुमार, सूरत राम, पप्पू सिंह, प्रभु राम, मनीष सिंह, श्याम कुमार, विवेक सहित सैकड़ो पारा शिक्षक उपस्थित थे।

### सिविल सर्जन ने जच्चा बच्चा मौत मामले का किया जांच



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम बेरू निवासी मो इम्तेयाज की 36 वर्षीय पत्नी तरन्नुम बीबी की मौत प्रसव के दौरान 29 अगस्त को हो गया था। इस दौरान एएनएम सुनीता कुमारी, साहिया सरोज देवी की लापरवाही के कारण जच्चा बच्चा दोनों का मौत हो गया था। यह मामला तुल पकड़ लिया। इसे लेकर सिविल सर्जन डा अनिल सिंह ने पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच किया। जांच के दौरान प्रभारी डा रियाज अनवर, एएनएम सुनीता देवी व साहिया सरोज देवी से क्रमशः पूछताछ किया। उन्होंने प्रभारी को इस मामले में कई आवश्यक निर्देश दिया। 29 अगस्त की पूर्वाहन नौ बजे तरन्नुम बीबी साहिया के साथ सरकारी अस्पताल प्रसव कराने के लिए पहुंची थी। जहां पर साहिया ने अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसे समझा बुझाकर प्रसव कराने के लिए न्यू लाईफ हॉस्पीटल में ले गयी। जहां पर एएनएम सुनीता देवी ने उस महिला का प्रसव कराया। इसके बाद बच्चा की मौत कुछ घंटे के बाद हो गया। महिला का अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण स्थिति नाजुक होता चला गया। जिसकी मौत एमएमसीएच अस्पताल लाने के क्रम में बीच रास्ते में ही हो गया था।

# पलामू संसदीय क्षेत्र में सुखाड़ राहत शुरू नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन : सांसद बीडी राम

**पलामू और गढ़वा जिला झेल रहा है सुखाड़ का दंश**

केंद्र सरकार राहत आपदा कोष से 500 करोड़ रुपए देने की दी है स्वीकृति

राज्य के सुखाड़ प्रभावित जिलों में राहत योजना चलाने के लिए 100 करोड़ रु शीघ्र उपलब्ध करायेगा केंद्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णुदयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र में अकाल एवं सुखाड़ की विकट स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से शीघ्र सुखाड़ राहत कार्य शुरू करने की मांग किया। सांसद राम ने कहा है कि यदि राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एक्शन नही लेती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन को बाध्य होंगे। सांसद राम शनिवार को शांतिपुरी स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों से पलामू संसदीय क्षेत्र के लोग पलामू एवं गढ़वा सुखाड़ का दंश झेल रहे हैं। बावजूद इसके अगस्त महीने का राशन कार्ड धारियों को कई प्रखंडों में राशन नहीं मिल पाया है। कई प्रखण्डों के राशन कार्ड धारियों ने इस आशय की शिकायत मुझसे की है खासकर कांडी प्रखण्ड एवं सदर प्रखण्ड मेदिनीनगर के राशन कार्ड धारियों द्वारा स्थिति की जानकारी प्राप्त करने पर यह पता चला है कि भारत सरकार के द्वारा पलामू जिला के लिए लगभग 3200 मैट्रिक टन खाद्यान की कटौती की गयी है। कटौती से लगभग 08 लाख लाभुक अगस्त माह के राशन से वंचित हो जायेंगे। भारत सरकार के द्वारा अगस्त माह में खाद्यान में कटौती का कारण यह है कि सितम्बर से दिसंबर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण खाद्यान का वितरण नहीं हुआ था और स्टाक में उतना खाद्यान होना चाहिए था। राज्य सरकार को चाहिए था कि बचे हुए खाद्यान का समायोजन जनवरी, फरवरी 2023 तक कर लेती। उक्त अवधि के खाद्यान का समायोजन 8 माह बाद अगस्त महीने में करने का क्या औचित्य है। खाद्यान वितरण में राज्य सरकार एवं जिला के आपूर्ति विभाग के द्वारा की गयी अनियमितता एवं लापरवाही का द्योतक है। सितम्बर से दिसम्बर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण राशन का वितरण क्यों नहीं हुआ और बचा हुआ राशन वर्तमान में कहाँ है।

अगस्त माह का खाद्यान्न बचे हुए लाभुकों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाये। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार राहत आपदा कोष से 500 करोड़ रूपए देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही राज्य के सुखाड़ प्रभावित जिलों में राहत योजना चलाने के लिए 100 करोड़ रूपए शीघ्र उपलब्ध कराएगी। उन 9 जिलों में पलामू एवं गढ़वा शामिल हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर नारायण पाण्डेय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा, रविन्द्र सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला मिडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, भाजपा नेता ईश्वरी पाण्डेय, मनोरंजन दुबे उपस्थित थे।

**पलामू में खरीफ फसलों के आच्छादन की स्थिति**

| क्रमांक फसल का नाम | लक्ष्य हेक्टेयर में | आच्छादन हेक्टेयर | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. धान | 51000 | 3061 | 6.00 |
| 2 मक्का | 27520 | 16544 | 60.12 |
| 3 दलहन | 51800 | 20515 | 39.62 |
| 4 तेलहन | 2384 | 893 | 37.39 |
| 5 मोटे अनाज | 3210 | 405 | 12.62 |
| कुल | 135917 | 41428 | 30.45 |

**वर्षा की स्थिति**

जून, जुलाई, अगस्त समान्य वर्षा
वास्तविक वर्षा जुन, जुलाई, अगस्त
885.2 मि0मी0, 385.5 मि0मी0
करीब 500 मि0मी0 की कमी

**गढ़वा में खरीफ फसलों के आच्छादन की स्थिति**

| क्रमांक फसल का नाम | लक्ष्य हेक्टेयर | में आच्छादन हेक्टेयर | में प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 धान | 55000 | 16048.07 | 29.18 |
| 2 मक्का | 27200 | 24506 | 90.09 |
| 3 दलहन | 44800 | 30655 | 68.43 |
| 4 तेलहन | 5100 | 3822.4 | 74.95 |
| 5 मोटे अनाज | 3610 | 400 | 11.08 |
| कुल | 135710 | 75431 | 55.58 |

**वर्षा की स्थिति**

जून, जुलाई, अगस्त समान्य वर्षा
जुन, जुलाई, अगस्त 5564.00 मि0मी0, 4155.30 मिमी, करीब 1409 मि0मी0 की कमी

सांसद ने कहा, यह आंकड़ा सरकार की आंख खोलने के काफी है। बाववुद सब कुछ जानते हुए राज्य सरकार झारखंड की जनता को उनके राह मो करम पर छोड़ दिया है।

## पांकी विधायक ने कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा होगा ऐतिहासिक : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर मौर्या फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बाबुलाल मरांडी का संकल्प यात्रा 13 सितंबर को पांकी विधानसभा क्षेत्र में होनेवाला है। जो ऐतिहासिक रूप से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। ताकि पांकी विधानसभा राज्य में अपना अमिट छाप छोड़ सके। साथ ही उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें। कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के मेहनत के बदौलत ही भाजपा देशस्तर पर सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में जाना जाता है। कहा कि मरांडी के संकल्प यात्रा को मंजिल तक पहुंचाने में कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। बैठक को जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। जो अनुशासन में रहकर कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं को बदौलत सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन सरकार के कारगुजारियों के कारण झारखंड की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। साथ ही राज्य में अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिस कारण प्रदेश अध्यक्ष को संकल्प यात्रा के रूप में निकलकर राज्य की जनता को एक संकल्प दिलाने का काम किया जा रहा है कि इस निकम्मी सरकार को धराशाई करने के लिए राज्य के एक-एक जनता संकल्प लें तभी जाकर राज्य का विकास हो सकता है। बैठक में पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मंच, मोर्चा के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता समेत अन्य शामिल थे।

## डुमरी उप चुनाव में पूर्व सीएम के साथ डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया मंच साझा



कई नुक्कड़ सभा को भी किया संबोधित, लोगों से एनडीए प्रत्याशी को वोट देने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड के डुमरी विधानसभा में हो तो उपचुनाव को लेकर प्रचार प्रसार तेज हो गया है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान चंद्रवंशी ने पूर्व सीएम रघुवर दास, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह व आदित्य साहू सहित कई दिग्गज नेताओं के साथ मंच साझा किया। उन्होंने डुमरी विधानसभा में कई नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया। इसके अलाव उन्होंने चंद्रवंशी समाज के लोगो के बीच जाकर एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को वोट देने का अपील किया। चंद्रवंशी ने दावा किया कि डुमरी विधानसभा से एनडीए प्रत्यासी यशोदा देवी प्रचंड जीत हासिल करेंगी। चंद्रवंशी के साथ विश्रामपुर विधानसभा के कई और भाजपा कार्यकर्ता भी गए हैं।

### नक्सलियों की वर्दी सिलने वाला आरोपी समेत पांच गिरफ्तार



**तरहसी पलामू।** तरहसी थाना पुलिस ने नक्सलियों की वर्दी सिलने वाले आरोपी समेत पांच फरार वारंटी को गरदू एवं उदयपुरा टू में कार्रवाई कर शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया। सभी को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार एक आरोपी के खिलाफ खिलाफ रंगदारी मांगने का अरोप है। तरहसी के थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने बताया कि फरार वारंटी के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी कड़ी में गर्दू गांव में कार्रवाई कर चंदन साव पिता राजेंद्र साहू को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह नक्सलियों से सांठ गांठ रखने के एवं उनकी वर्दी सिलने के आरोप में इसाक मियां पिता रियासत मियां को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह उदयपुर टू इलाके में कार्रवाई कर तीन भाइयों परम देव शर्मा, श्यामदेव शर्मा एवं अमरेश शर्मा को कांड संख्या 1254/16 के तहत गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि चंदन साव पर रंगदारी मांगने का आरोप है। करवाई टीम में पुलिस अवर निरीक्षक भोला राणा और जवान शामिल थे।

## ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल का मना 29वां स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**मेदिनीनगर।** ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल का 29वां स्थापना दिवस समारोह विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। समारोह का उदघाटन विद्यालय के निदेशक विनोद मिश्रा एवं संस्थापक राजेंद्र मिश्र व अन्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर मालर्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर विनोद मिश्रा ने कहा कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 1994 में राजेंद्र प्रसाद मिश्रा के द्वारा किया गया था। तबसे लेकर आज तक विद्यालय दिन प्रतिदिन उतरोतर प्रगति कर रहा है। संस्थापक राजेंद्र मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस समय विद्यालय की स्थापना की गई थी उस समय कम संसधान हुआ करता था, लेकिन आज एक विद्यालय में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए जो अहर्ताएं होनी चाहिए आज वह सभी अहर्ताएं इस विद्यालय में मौजूद है। इस मौके पर संरक्षक विजय शंकर मिश्र, सहायक शिक्षक मुकेश कुमार सिंह व अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। जबकि इस मौके पर नमिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। समूह नृत्य खुशी कुमारी, रिया कुमारी, अंजली कुमारी ने प्रस्तुत किया। जबकि बाल रूप प्रदर्शन वर्ग यूकेजी एवं एलकेजी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शार्दूल सिंह व धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में चंदा तिवारी, दिलीप तिवारी, अरूण कुमार मिश्र, राजा सिंह, प्रीती कुमारी, अमृता शुक्ला, माही सिंह, सीमा सिन्हा, राजेश कुमार वर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चेरो मिलन सह तर्पण कार्यक्रम 8 अक्टूबर को



**सतबरवा पलामू।** चेरो मिलन समारोह सह तर्पण कार्यक्रम को लेकर शनिवार को पलामू किला मेला परिसर में शिव मंदिर प्रांगण में चेरो आदिवासी समाज के लोगों की बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू प्रमंडल के प्रमुख चेरो नेता अवधेश सिंह चेरो ने की। मुख्य वक्ता पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह चेरो, लातेहार के सूर्य देव सिंह चेरो, शिव निवृत शिक्षक राम लखन सिंह, गिरजानंद सिंह, ठाकुराई सिंह, सतीश सिंह, इंदर सिंह समेत कई लोगों ने अपना अपना मंतव्य दिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 अक्टूबर 2023 को चेरो मिलन समारोह सह तर्पण कार्यक्रम करने का निर्णय सर्वसम्मति से बैठक के दौरान लिया गया। यह कार्यक्रम पलामू किला स्थित जतरा मेलाटांड़ के नजदीक औरंगा नदी के तट पर आयोजन किया जाएगा। जिसमें चेरो समाज के लोग अपने पूर्वजों सहित राजा मेदिनी राय के वंशजों का तर्पण करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर उमेश सिंह को सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। वही उपाध्यक्ष के पद पर अभय सिंह, करीमन सिंह, अनील सिंह, मनोज सिंह, सचिव गुड्डू कुमार सिंह, विनोद सिंह तथा कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, सह मीडिया प्रभारी विनय सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी चंदन सिंह,सह सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह, पूजा व्यवस्थापक विश्वनाथ सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख जमुना सिंह तथा पूरन सिंह को बनाया गया है।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो लोग घायल

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर में अनियंत्रित बाइक सवार पेड़ से जा टकराया। जिससे बाइक सवार महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार की शाम करीब 6.30 बजे की है। ग्रामीणों ने बताया कि परशुराम सिंह बांसडीह पंचायत के बनखेता गांव निवासी है वहीं महिला सविता देवी जो किन्नी गांव की रहने वाली है। दोनों बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर से घर तेजी से जा रहे थे। गांधीपुर पेट्रोल पंप के बगल में ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया और बाइक पेड़ से जा टकराया। मौके पर चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच दोनों घायलों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद गंभीर सविता देवी का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है।

### मझिगावां के विशाल कुमार तीन दिनों से लापता



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मझिगावां निवासी लक्ष्मण प्रसाद के पुत्र विशाल कुमार उर्फ राजकपुर कुमार 25 वर्ष तीन दिनो से लापता है। विशाल के बड़े भाई नितीश कुमार ने चैनपुर थाना में गुमशुदगी का आवदेन देकर कहा है कि मेरा भाई विशाल कुमार 30 अगस्त को रात में लगभग 10 बजे घर से खाना खा कर गांव में घूमने के लिए निकला था। लेकिन वह रात में घर नहीं आया। उसी रात से उसका मोबाईल ऑफ बता रहा है। मेरा भाई विशाल कुमार हाफ पैंट और टी शर्ट में घर से निकला था। उन्होंने कहा कि विशाल कहीं भी दिखे तो इसकी सूचना दें।

### खाना बनाने के दौरान महिला झुलसी, रेफर

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के खाप कटैया ग्राम में शनिवार को खाना बनाने के दौरान मंजू देवी नामक महिला के कपड़ों में आग पकड़ ली। इससे वह बुरी तरह झुलस गई। उसे आसपास के लोगों की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। उक्त महिला खाप कटैया निवासी संतोष साव की पत्नी है। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि इलाज के दौरान घायल महिला ने खाना बनाने के दौरान कपड़ों में आग पकड़ लेने की बात कही है। घायल महिला का इलाज औरंगाबाद में चल रहा है।

## भंडार पंचायत के विकास योजनाओं में बरती जा रही है घोर अनियमितता, कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत भंडार पंचायत के विकास योजनाओं में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस पंचायत में 15 वे वित्त व मनरेगा के कार्यों में बड़े पैमाने पर लूट खसोट मची हुई है। भ्रष्टाचार का जनक मुखिया आरती देवी को बताया जा रहा है। इसकी लिखित शिकायत पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य सुनैना देवी सहित कई ग्रामीणों ने डीसी और डीडीसी से की है। डीसी को दिए आवेदन में सुनैना देवी ने कहा है कि 15 वें वित मद से कराए जाने वाले कार्यों में भंडार पंचायत के मुखिया आरती देवी ने अपने देवर अनुज पासवान को लाभुक समिति का अध्यक्ष बना दिया है। लाभुक समिति के द्वारा कुआं मरम्मती का कार्य कराया जा रहा है। ये कुआं भी मुखिया का ही है। इस कूप मरम्मती के नाम पर पैसा की निकासी भी कर ली गई है। इसी तरह मनरेगा द्वारा भंडार अखाड़ा भवन से शिवनंदन ठाकुर के घर तक कराए गए पथ निर्माण कार्य में मुखिया की जेठानी पूनम देवी को मेठ बनाकर राशि की निकासी कर ली गई है। जबकि उक्त पथ का पूर्व मे एनआरईपी द्वारा ग्रेड वन का कार्य कराया जा चूका है। अवशेष भाग नंदकिशोर के घर से द्वारपार तक मनरेगा से हीं मिट्टी मोरम का कार्य कराया पूर्व में भी कराया गया था। इस योजना में वार्ड सदस्य की बहू को मेठ बनाया गया। ग्रामीणों की माने तो उक्त तीन योजना तो बानगी मात्र है। पंचायत में संचालित सभी विकास योजनाओं का कमोबेश यही स्थिति है। सुनैना देवी और ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है।

## सिविल सर्जन ने पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** पलामू सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी का औचक निरीक्षण किया। वे केंद्र के ओपीडी, दवा भंडार, कुपोषण केंद्र, प्रसव कक्ष समेत सभी विभागों का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। इस दौरान गड़बड़ी पाये जाने पर उन्होंने प्रभारी डा रेयाज अनवर को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए 15 दिनों के अंदर सुधार करने को कहा। उन्होंने दवा भंडार का निरीक्षण करते हुए पाया कि पंजी का संद्धारण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा मल्टी पारा मॉनीटर जो भेजा गया था उसका स्थापन ओपीडी एवं प्रसव कक्ष में नहीं कराये जाने पर कारण पूछते हुए उसे अविलंब स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ ऑक्सीजन सिलेंडर का रख रखाव करने का निर्देश दिया। इसके बाद ओपीडी का निरीक्षण करते हुए डॉ सपना लकड़ा, डा आरिफ को निर्देश देते हुए कहा कि आनेवाले सभी रोगियों का उपचार सही तरीके से करें और सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये दवाओं को परची पर लिखें। बाहर का कोई भी दवा न लिखें। उन्होंने लेबर रूम के जांच के दौरान व्यवस्था देखकर भड़क उठे और इंचार्ज ममता कुमारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लेबर रूम का हर हाल में साफ सफाई रखें। साथ ही साथ गर्भवती महिला के साथ किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतें। यदि ऐसा पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रेहला योगी वीर देव स्थल पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**छः सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी यागराज व बंगाल के कलाकार लेंगे भाग**





योगीवीर बाबा देवस्थल व युवा समाजसेवी ज्वाला गुप्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन मौके पर आगामी छः सितंबर दिन बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला सिद्ध पीठ योगीवीर देव स्थल पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी युवा समाजसेवी ज्वाला गुप्ता ने आज पत्रकारों को दी।

गुप्ता ने कहा की कृष्ण जन्माष्टमी के पावन मौके पर सिद्ध पीठ योगी वीर देव स्थल कमिटी के तत्वाधान में भव्य भक्ति जागरण व झांकी का आयोजन किया जायेगा। जिसमे बनारस की सुप्रसिद्ध गायिका नंदनी स्वराज व इलाहाबाद की लोकप्रिय गायिका जुली सिंह भाग लेंगी।

वही कलकता के प्रसिद्ध झांकी बंटी एंड ग्रुप के द्वारा सुंदर व दिव्य प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। आयोजन को सफल बनाने में देव स्थल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी, पिंटू केशरी, विनोद सिंह, संरक्षक मंडली के वरीय सदस्य साइमन मैथ्यू एसले, स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार, राजमोहन पाल, डाक्टर अनिल सिंह, रंजीत सिंह, राजू सिंह,संजू सिंह, कृपा शंकर सिंह, नीरज सिंह,धीरज सिंह, रामनाथ कश्यप, दिनेश गुप्ता के सक्रिय सहयोग के अलावा प्रधान संरक्षक आदर्श सिंह राजपूत, राजेश प्रसाद, बिट्टू गुप्ता, प्रीतम भगत, राकेश चौबे, संतोष चौबे, शंकर गुप्ता, पारस नाथ पाल, विजय शंकर, हरकेशवर प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य लोग अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# उज्जवला योजना से वंचित लाभूकों को फ्री में मिलेगा गैस कनेक्शन : विनोद

**सभी गैस कनेक्शन धारकों को 200 रूपये दिया जा रहा सब्सीडी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** बालाजी भारत गैस ग्रामीण वितरक के प्रोपराईटर विनोद विश्वकर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर 75 लाख नये गैस कनेक्शन देने का घोषणा किया गया है। विनोद ने कहा कि सभी गैस कनेक्शन धारकों को 200 रूपये सब्सीडी भी दिया जा रहा है। उज्जवला योजना के तहत जिन लाभूकों को गैस कनेक्शन अभी तक नहीं मिल सका है उन्हें अब गैस कनेक्शन फ्री में प्राप्त हो जायेगा। उज्जवला गैस कनेक्शन लेने के लिए अहर्ता रखने वाले सभी व्यक्ति मेसर्स बालाजी भारत गैस में अपना केवाईसी कराकर रसोई गैस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उज्जवला गैस कनेक्शन लेने के लिए इन कागजात के साथ केवाईसी करायें। इनमें लाभूक का राशन कार्ड, राशन कार्ड में सभी व्यक्ति का आधार कार्ड, बैंक खाता, फोटो दो पीस कलर, मोबाईल नंबर, ई मेल आईडी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि समय कम है जितना जल्द करें पहले आयें और पहले पायें।

स्पीड न्यूज

## कुमारधुबी स्टेशन के विकास का काम रुका

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी स्टेशन में अमृत योजना के तहत चल रहे विकास कार्य में बालू की किल्लत बाधा बन गई है जिस कारन काम सही रूप से आगे नहीं बढ़ पा रहा है ।इसको लेकर भाजपा ग्रामीण जिला मंत्री अनिल यादव ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। रेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुमारधुबी स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है ।लेकिन कार्य में लगने वाले बालू पर रोक लग जाने के कारन प्रधानमंत्री के विकास कार्य बाधित हो रहा है ।अधिकृत बालू स्टाकिस्ट भी बालू उपलब्ध कराने में असमर्थता दिखा रहे हैं ।जिस कारन कुमारधुबी स्टेशन का विकास कार्य अधर में लटका हुआ है। उन्होने रेल मंत्री से अपील किया है कि उचित कार्रवाई करते हुए बालू उठाव कराने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया जाए जिससे स्टेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो सके।

## बस दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे यात्री

**गिरिडीह।** गिरिडीह से पिहरा जा रही एक बस अपना संतुलन खो कर खेत मे जा घुसी जिसमे एक महिला घायल हो गई। बताया जाता है गिरिडीह से पिहरा जा रही यादव डीलक्स बस नावाडीह के पास अपना संतुलन खो दिया और डायवर्शन को तोड़ते हुए खेत मे चली गयी। बस में 30 से ज्यादा लोग सवार थे जिसमें एक महिला घायल हो गयी बाकी यात्रियों को कोई चोट नही लगी। बताया जाता है कि बस का स्टेरिंग लोक हो गया था जैसे ही बस नवाडीह पहुँची ड्राइवर ने मोड़ पर बस को मोड़ा लेकिन उसके बाद स्टेरिंग लोक हो गया और बस सीधा मुड़ने के बजाय डायवर्सन को तोड़ते हुए खेत मे चली गयी। घटना की खबर पाकर स्थानीय लोग पहूंचे और बस में लोगों को बाहर निकाला । सभी यात्री सुरक्षित थे वहीं एक महिला घायल हुई थी जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल स्थानीय लोगों ने भेज दिया गया है।

## विशेश्वर आरओ वाटर प्लांट का उद्घाटन

**बोकारो/कसमार।** पेटरवार पेट्रोल पंप के सामने क्षेत्र का पहला शुद्ध पेयजल प्लांट विशेश्वर इंटरप्राइजेज का उद्घाटन गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया। प्रोपराइटर विशेश्वर महतो ने बताया कि इस प्लांट से 300 मिली 500 मिली1 लीटर व 20 लीटर तक शुद्ध पानी व मैंगो फ्रूटी आदि उत्पादित होगा। डिस्टील वाटर कोल्ड ड्रिंक आदि का भी उत्पाद तैयार होगा। मौके पर कसमार प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी जिप सदस्य प्रहलाद महतो शांतीलाल जैन मुखिया अमरलाल महतो भुवनेश्वर महतो अजय सिंह रितेश सिन्हा डॉ अजय सूरज महतो मनोज महथा विशेश्वर महतो कृष्णा महतो संजय केवट हरेंद्र महतो कैलाश महतो आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी अर्जुन ठाकुर का हृदयाघात से निधन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के अखबार हॉकर चन्द्रशेखर ठाकुर के पिता समाजसेवी अर्जुन ठाकुर उम्र 80 वर्ष का अपने आवास में हृदयगति रूक जाने से निधन हो गया। स्वव ठाकुर अपने पीछे दो पुत्र संतोष ठाकुर व चन्द्रशेखर ठाकुर समेत भरापूरा छोड़ गए है। वह सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते थे। स्वव ठाकुर के निधन पर कसमार प्रमुख नियोति कुमारीए कसमार जिप सदस्य अमरदीप महाराज 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रमए राजेश कपरदार ए पत्रकार रमेश चंचलए दीपक सवाल ए शेखर मुखर्जी ए विकास गोस्वामी ए हेमंत महतो ए अशोक महतो के अलावे राजेश चौबेए शशी चौबे ए संतोष महतो ए बिनोद शर्माए राजकिशोर शर्मा ए अनु शर्माए सुभाष ठाकुरए सुधीर ठाकुर आदि कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना जताई है। मौक पर मौजूद लोगों ने उनके कार्यकलापों और उनके द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में चर्चा की।

### ग्रामीण एकता मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

# सिजुआ साइडिंग की रोकी ट्रांसपोर्टिंग

**आंदोलन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शनिवार को एकेडब्लुएमसी से सिजुआ साइडिंग तक बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 कतरास एरिया के द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग में बढ़ती जा रही अनियमितताओं को लेकर ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले सैकड़ो महिला पुरुषों ने सिजुआ साइडिंग में जमकर प्रदर्शन किया एवं ट्रांसपोर्टिंग के कार्य को बाधित कर दिया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है सनी सिंह और प्रकाश सिंह ने बताया कि इससे पहले भी कटरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को लिखित रूप से समस्याओं से अवगत करा दिया गया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद आज पुनः ग्रामीण आंदोलन को मजबूर हुए। ग्रामीण एकता मंच के द्वारा कतरास महाप्रबंधक को जो आवेदन दी गई थी। उनमें मुख्य बातें लिखी गई थी। जिनमें मुख्य रूप से सभी कोल परिवहन गाड़ियों को बिना त्रीपाल से ढके चलाया जा रहा है जिसके कारण काफी धूल उड़ रही है और प्रदूषण फैल रहा है। ट्रांसपोर्टिंग रूट पर जल छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिससे कि आसपास रहने वाले एवं रहीगरों का चलना मुश्किल हो गया है एवं कई सारी स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। सभी गाड़ियों को लदान क्षमता से अधिक लोड कर चलाया जा रहा है जिससे कि क्षेत्र में सड़के जर्जर हो रही है, और दुर्घटना की संभावना बढ़ रही है। सीएचपी कसिंग के दौरान जल छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिससे काफी मात्रा में धूल कण उड़ता है और अगल-बगल के आबादी का रहना मुश्किल हो गया है। कोल परिवहन में लगी सभी गाड़ियों काफी तेज रफ्तार से चलती है जो कि किसी गंभीर दुर्घटना का बुलावा है। जिसे धीरे चलने की आवश्यकता है। आंदोलन की सूचना पर क्षेत्र संख्या चार के उपमा प्रबंधक सत्येंद्र सिंह पहुंचे एवं आंदोलनकारी से वार्ता किया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जल्द ही महाप्रबंधक से बात कर सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। मौके पर सनी सिंह प्रकाश सिंह अशोक कुमार अनिल भैया राजू कुमार मो अमजद एवं सैकड़ो महिला पुरुष आंदोलनकारी मौजूद थे।



सिंजुआ साइडिंग में अपनी मांगों को लेकर ट्रांसपोर्टिंग रोकते मंच के लोग।

## ट्रांसफर के विरोध में दो घंटे चक्का जाम

**कतरास।** एरिया 3 के न्यू आकाश किनारी कोलयरी में संचालित एसटीभी जेभी डेको आउटसोर्सिंग कम्पनी के कार्यरत 25 कर्मियो में जेएमएम के तीन कर्मियों को भी पुटकी ट्रांसफर कर दिया गया था। इसी को लेकर शनिवार को जेएमएम के झंडा गाड़ कर रास्ता अवरुद्ध करते हुए ट्रांसपोर्टिंग 2 घंटे के लिए जाम कर दिया गया था । आउटसोर्सिंग कंपनी जो कार्य कर रही है वह लोकल कमेटी के द्वारा देखरेख में संचालित किया जा रहा है। वही अवरुद्ध रास्ता को किलियर कराने के लिए कमेटी के लोग पहुंचे और गाड़ी को पास कराने लगे। लेकिन मजदूर भी इस बात को लेकर अड़े रहे कि हम लोग लोकल हैं लोकल में जब काम हो रहा है तो काम यही करेंगे ।

## झरिया : नन्हें कवियों की प्रतिभा को मिल रही है नई पहचान




झरिया में कविता का वाचन करता बच्चा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** शनिवार को डी.ए.वी मॉडल स्कूल सी.एफ.आर.आई धनबाद में अंतरसदनीय अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जूनियर विंग के बच्चों ने अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने अपने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा सभी बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अंग्रेजी कविता वाचन में - आशू कुमार, देवयानी, मायरा प्रसाद, श्रुति सुमन, ऋषभ चटर्जी, रितिका सिंह, पलक कुमारी, रुद्रांश सिंह तथा भाव्या चंद्र विजेता रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के सी.सी.ए.इंचार्ज श्रीमती मौसमी बनर्जी तथा जूनियर विंग की इंचार्ज श्रीमती ममता शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान शिक्षिकाओं में श्रीमती शुभ्रा बनर्जी, श्रीमती मेघा यादव, श्रीमती पायल मुखर्जी, श्रीमती सोनाली पाठक, श्रीमती आयुषी, दयानंद सदन के मास्टर दिलीप कुमार गुप्ता, हंसराज सदन के मास्टर अमोद कुमार झा, श्रद्धानंद सदन के मास्टर रवीशचंद्रा, बिरजानंद सदन के मास्टर तथा सत्य प्रकाश उपस्थित थे।

# बीसीसीएल कर्मियों को एरियर के साथ मिला वेतन

**35 हजार कर्मियों के बीच 1747 करोड़ से अधिक का भुगतान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल कर्मियों को एकमुश्त 23 महीने के एरियर के साथ अगस्त माह का वेतन का भुगतान शुक्रवार को कर दिया गया है। बीसीसीएल ने करीब 35 हजार कर्मचारियों में एरियर व वेतन के साथ 1747 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान किया है। इसमें करीब 1350 करोड़ रुपया का भुगतान एरियर मद में किया गया है। सूचना के मुताबिक बीसीसीएल कर्मियों को दो लाख से लेकर आठ लाख रुपया तक एरिया मिला है। इधर एकमुश्त एरियर व वेतन मिलने से बीसीसीएल कर्मियों में हर्ष है।

### अधिकारियों को रात 12.30 बजे तक करना पड़ा काम

बता दें कि 23 माह के एरियर का एकमुश्त भुगतान बीसीसीएल के सामने एक बड़ी चुनौती थी. इस संबंध में बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने सभी संबंधित विभागों व अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि कंपनी के सभी कर्मचारियों को एनसीडब्ल्यू-11 के अनुसार बढ़े हुए वेतन के शेष एरियर का भुगतान अगस्त माह के वेतन के साथ किया जाना है। हालांकि, संपूर्ण प्रक्रिया व गणना आदि के लिए अत्यंत कम समय था। परंतु फिर भी सीएमडी श्री दत्ता के मार्गदर्शन में वित्त व ईडीपी विभाग के साथ ही अन्य संबंधित अधिकारियों की पूरी टीम ने इस पर 31 अगस्त की रात्रि 12:30 बजे तक कठिन कार्यवाही करते हुए बीसीसीएल के लगभग 35 हजार कार्मिकों के खाते में एक साथ 1747 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान सुनिश्चित किया है। इसके लिए बीसीसीएल सीएमडी ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई दी है।

## बोकारो : ईडी ने कर्मियों का मुंह मीठा कराया



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट ने की सभी प्रमुख इकाइयों ने पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अगस्त 2023 के दौरान वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष की तुलना में अगस्त 2023 के महीने में हॉट मेटल उत्पादन में 15ः की वृद्धि क्रूड स्टील उत्पादन में 11०7ः की वृद्धि और सेलेबल स्टील उत्पादन में 18०1ः की वृद्धि हुई। अगस्त माह में कोक ओवन और कोल केमिकल्स एसएमएस न्यू तथा हॉट रोल्ड कॉइल फिनिशिंग जैसी प्रमुख उत्पादन इकाइयों ने उत्पादन लक्ष्य का 100ः हासिल किया जबकि हॉट स्ट्रिप मिल ने अपने उत्पादन लक्ष्य का 99ः हासिल किया। सीआरएम 3 की पीएलटीसीएम बीएएफ और एसपीएम 3 इकाइयों में भी पहली बार उत्पादन लक्ष्य में 100ः उपलब्धि हासिल की गई। बीएसएल के ईडी ;वर्क्सद्ध बीके तिवारी ने ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसाद के साथ इन विभागों का दौरा किया और इस्पातकर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मौके पर इन विभागों के सीजीएम वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अगस्तए 2023 माह में एसएमएस न्यू विभाग में हीट ब्लोनए हीट कास्ट एवं क्रूड स्टील उत्पादन में नया दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड और सीआरएम 3 के पीएलटीसीएम एवं बीएएफ में भी नए दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड बने ।

## बोकारो : बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल क्लब की ओर से सेक्टर.12 स्थित आसस विद्यालय में सेक्टर 12 में छात्रों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को तीन केटेगरी मै बांटा गयाए जिनमे पहली से तीसरी क्लास चौथी से छठी क्लास और सातवीं क्लास के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम गुंजा कुमारीए द्वितीय नवीन और तृतीय अंजू रही। क्लब की प्रेसिडेंट अमीषा अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य है उन्हें अपनी प्रतिभाओं को प्रकट करने का मौका प्रदान करना। सचिव मिनी कपूर ने कहा बच्चों ने तरह तरह के चित्र बना कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है ।प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से एक स्वर्णिम अवसर मिलता है।

**एक नजर में**

## ग्रामीणों ने किया कचरा डंपिंग का विरोध

**लोयाबाद ।** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत एकड़ा के ग्रामीणों ने नगर निगम के कचरा को डंपिंग नही होने दिया गया । गौरतलब है कि बासुदेवपुर कोलियरी के पिछे जिला प्रशासन के द्वारा कचरा डंपिंग के लिए जगह चिन्हित किया गया था। जैसे ही कचरा से भरी नगर निगम की गाडी डंपिंग करने आई एकड़ा के लोगो के द्वारा जमकर विरोध किया गया। यह घटना 25 अगस्त की है। ग्रामीणों के विरोध के फलस्वरूप धनबाद से आई पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज भी किया गया था। जिसमे कुछ ग्रामीणों को हल्की फुल्की चोटें भी आई थी। इसी घटना को लेकर यहां की जनता नगर निगम के खिलाफ एकजुट होकर कचरा डंपिंग का विरोध करने के लिए 2 सितम्बर शनिवार को एकड़ा के ग्रामीणों के द्वारा कचरा गाडी को रोका गया। आन्दोलन कारी सुबह से ही बासुदेवपुर मुख्य द्वार पर पहुंच कर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की गई। लोगो के भारी विरोध के कारण बिना कचरा डंपिंग किए ही सभी गाडियां बैरंग लौट गई। बहरहाल समाचार लिखे जाने तक कचरा डंपिंग विरोध करने बाले लोग बासुदेवपुर कोलियरी के मुख्यद्वार पर डटे थे।

## सोशलिस्ट पार्टी बेबी देवी को कर रही समर्थन

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** सोशलिस्ट पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय मंत्री मृणाल कांति देव ने पत्रकारों को बताया कि डुमरी उप चुनाव में उनकी पार्टी बेबी देवी का समर्थन कर रही है । आगे श्री देव ने बताया कि आलाकमान के दिशा निर्देश पर बेबी देवी के समर्थन का प्रस्ताव लिया गया । जिसके लिए उनके पार्टी चुनाव प्रचार प्रसार के लिए क्षेत्र में कदम बढ़ाई हुई । जिससे क्षेत्र में देखकर ऐसा लग रहा है की जनता पूरी तरह बेबी देवी के पक्ष में अपना मतदान करने को तैयार है । इस तरह ऐसा प्रतीत होता है की बेबी देवी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी और जनता के बीच पहुंचेगी । हमारे पार्टी के आलाकमान के निदेर्शानुसार हमारे पार्टी के समर्थक क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं और सोशलिस्ट पार्टी लोहिया के सभी कार्यकर्ता बेबी देवी को जीतने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## चांपी में फुटबॉल टूर्नामेंट 11 अक्तूबर से

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड के चांपी पंचायत के अंबा टोला में 33वां पांच दिवसीय फुटबाल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरूआत 11 अक्टूबर से होगी और यह आयोजन 5 दिनों तक होगा। इसमें स्थानीय फुटबॉल टीम के अलावा विभिन्न पड़ोसी जिलों से कई नामचीन फुटबॉल टीम भी हिस्सा लेगी ।उपरोक्त जानकारी मुखिया प्रतिनिधि सह फुटबॉल कमेटी के पदाधिकारी सीताराम मुर्मू मिडिया को देते हुए बताया कि विजेता उपविजेता को नगद राशि के साथ-साथ बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। इस आयोजन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। इसके लिए एक बैठक रखी गई जिसमें अखिलेश मुर्मू, अनिल मुर्मू, प्रकाश मुर्मू, वीरेंद्र बेसरा, त्रिलोक मुर्मू, मनोज मुर्मू, बिंदेश्वर मुर्मू, वीरेंद्र हेब्रम, नरेश टुडू आदि मौजूद थे।

## डुमरी उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित : बाबूलाल मरांडी

**चुनाव प्रचार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र के भेंडरा के दहियारी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा बैठक के मध्यम से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान हेतु आयोजित नुक्कड़सभा में शामिल हुए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। वर्ष 2019 के लोकसभा में गिरिडीह से जिस प्रकार एनडीए प्रत्याशी की जीत हुई थीएआने वाले चुनाव में भी एनडीए शानदार जीत दर्ज करेगा। मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन का परिवार नाम बदलकर गरीब आदिवासियों की जमीन लूट रहा है। मरांडी ने कहा कि जब राज्य का सीएम ही फ्रॉडिज्म कर रहा हैए तो जनता का क्या होगाए इसका अनुमान सह ही लगाया जा सकता है। ऐसे व्यक्ति के सीएम रहते राज्य से अपराध और लूट का राज खत्म नहीं होने वाला है। इसीलिए भाजपा ने भ्रष्टाचारी.लुटेरी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। हेमंत सिर्फ आदिवासियों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं और आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते राज्य में आदिवासी ही लूटे जा रहे हैं। मौके पर 16 वी लोकसभा रविंद्र कुमार पांडेयएविधायक भानु प्रताप साहीए भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंहए जयदेव रायएआदि उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार ने महिलाओं को पीछे धकेलने का किया काम : रघुवर दास

**डुमरी उपचुनाव**

**इसरी बाजार में रघुवर दास ने की नुक्कड़ सभा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** हेमंत सोरेन की सरकार ने महिलाओं को पीछे धकेलने का काम किया है। मेरी सरकार ने एक रुपया में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री शुरू की थी। हेमंत सोरेन की सरकार ने आने के बाद इस व्यवस्था को बंद कर दिया। हमने सखी मंडल का निर्माण कर रेडी टू इट बनाने का काम दिया ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सके। परंतु इस सरकार ने कमीशन के चक्कर मे इसे भी महिलाओं से छीन कर दिल्ली के एक ठेकेदार को दे दिया। जबतक महिलाओं को सशक्त नही बनाया जाएगा राज्य आगे नही बढ़ेगा। उक्त बातें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शनिवार की डुमरी ईसरी बस पड़ाव के समीप एनडीए गठबंधन से आजसू पार्टी उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनका पूरा मंत्रिमंडल राज्य का काम काज छोड़कर डुमरी विधानसभा में अपने प्रत्याशी को उपचुनाव जिताने में लगा हुआ है। अगर हेमंत सरकार ने डुमरी में थोड़ा भी विकास का काम किया होता तो आज उन्हें डुमरी आने की जरूरत नही पड़ती।



बोकारो पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये बोलेरो चोर।

## चोरी का बोलेरे बरामद, चोरों को भेजा गया जेल

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के गर्री में दो सप्ताह पूर्व महेंद्रा बोलेरो चोरी कांड़ का खुलासा करते हुए जरीडीह पुलिस निरीक्षक शंकर कामती ने बताया कि गर्री निवासी अब्दुल रहीम अंसारी के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। वरीय पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार एक विशेष छापामारी दल बनाकर गुप्त छापामारी की गई। जिसमें चोरी कांड में संलिप्त अपराधी कसमार थाना क्षेत्र के गर्री निवासी मो तौसीफ एवं अंसारी ने चोरी घटना में संलिप्तता स्वीकार किया। बताया जाता है कि बोलेरो वाहन अन्य मोटरसाइकिल के नंबर लगाकर चतरा रोड की तरफ जा रहा था। ईंधन खत्म होने के करण अपराधी ईंधन लाने गये। इस पेट्रोलिंग पार्टी ने संदेह के आधार पर वाहन जप्त कर लिया। ईंधन लेकर आने के बाद पूछताछ पर अपराधियों ने अपराध कबूल कर लिया। अभियुक्तों का अन्य थानो में भी आपराधिक कांड दर्ज है। छापामारी दल में जरीडीह अंचल के पुलिस निरीक्षक शंकर कामती कसमार थाना प्रभारी उज्जवल पांडेय पुअनि कार्तिक पाहन तकनिकी शाखा के चंदन कुमार मिश्रा हवलदार दीपक कुमार आरक्षी पवन कुमार सूरज कुमार समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे। पुलिस न बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बोलेरो को उसके मालिक को सौंप दिया जाएगा।

# अतिक्रमित दुकान और आवासों को लीज पर दे प्रबंधन : रामू मंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआइएल सिंदरी प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान में संघर्ष के लिए शामिल हुए घटकों की संयुक्त संघर्ष मोर्चा सिंदरी की बैठक राजद कार्यालय में शनिवार को संयोजक रामू मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गौशाला बाजार संघर्ष गृह बचाओ मंच को घटक बताते हुए प्रबंधन से 40 अतिक्रमणकारी दुकानों व आवासों को लीज देने की माँग की गई। मोर्चा संयोजक ने बताया कि माननीय न्यायालय ने गौशाला बाजार के भूमि विवाद संख्या 64/1980 की विवादित जमीन पर खजांची सिंह का कब्जा दिखाते हुए उक्त जमीन को खाली करने का आदेश दिया गया है। उक्त भूमि पर लगभग 40 वर्षों से अन्य परिवारों का कब्जा है। इन परिवारों ने एफसीआइएल सिंदरी प्रबंधन से लीज पर दुकान और मकान के लिए 10 वर्षों पूर्व आवेदन भी दिया था। इसके साथ ही धनबाद नगर निगम को होल्डिंग टैक्स भी जमा कर रहे हैं। माडा से पानी और झारखंड बिजली बोर्ड से बिजली का कनेक्शन भी उन परिवारों ने ले रखा है। न्याय आने के लगभग 43 वर्षों बाद अचानक खाली करने के आदेश का नोटिस खजांची सिंह सहित अन्य दरवाजो पर चस्पा किया गया है। उन्होंने बताया कि नोटिस के अनुसार उक्त विवाद एफसीआइएल प्रबंधन और खजांची सिंह के बीच है। वहीं खजांची सिंह की मृत्यु लगभग 12 वर्ष पूर्व हो गई। इस गड़बड़झाला के खिलाफ संयुक्त संघर्ष मोर्चा संघर्ष करेगी। मोर्चा एफसीआई प्रबंधन से मांग भी करती है कि सभी 40 परिवारों को लीज भी दिया जाय।



प्रबंधन संग वार्ता करते लोग।

**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में मुनेश्वर यादव, राजीव मुखर्जी, रामू मंडल, सागर मंडल, विकास कुमार ठाकुर, गौतम प्रसाद, विमल रवानी, सुभाष मंडल, अनिल कुमार शर्मा, राजेश गुप्ता, शुभांकर मंडल मौजूद थे।

## बच्चों की शिकायत पर खेतको मुखिया जांच को पहुंची विद्यालय

**प्रबंध समिति संयोजिका व विद्यालय के प्रधान शिक्षक को हटाने की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** खेतको मे उस समय अफरा.तफरी मच गई जब खेतको राज्यकिय मध्य विद्यालय के लगभग 40 बच्चे मुखिया अनवरी खातुन के आवासीय कार्यालय पहुच यह शिकायत किया की उन्हे स्कूल में एमडीएम नही मिल रहा है। बच्चों से यह सुनते ही मुखिया श्रीमती खातुन पंचायत प्रतिनिधियों और कांग्रेस पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष सब्बीर अंसारी को साथ लेकर उक्त विधालय की निरीक्षण को पहुची तो देखा कि बच्चों की शिकायत शत प्रतिशत सत्य है। जांच के दौरान उन्होंने पाया कि विधालय में कुल बच्चों की नामांकन की संख्या 203 है जबकि उपस्थिति 114 दिखाई गई है जिसमे मात्र 74 बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बना है बाकि बच्चों का एमडीएम गायब है। मुखिया द्वारा संयोजिका और प्रधान शिक्षक से इस संबंध में पुछे जाने पर उन लोगो ने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया जिस पर मुखिया श्रीमती खातुन भड़क गई और आनन फानन में विद्यालय में चल रहे गड़बड़ झाले को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पेटरवार को पत्र प्रेषित करते हुए विधालय में मची लुट और गड़बड़ी को उजागर करते हुए विधालय के प्रबंध समिति की संयोजिका लक्ष्मी देवी व प्रधानशिक्षक नकूल मांझी को त्वरित कार्रवाई करते हुए इस विद्यालय से हटाया जाये। उन्होंने अपने द्वारा प्रेषित पत्र विधालय में फैली कुव्यवस्था का भी जिक्र किया है जिसमे उन्होंने कहा कि विधालय की किसी भी कक्षा में पंखा नही है जिस कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावे विधालय के मध्याह्न भोजन में भी भारी गड़बड़ी की ओर इशारा की है। उन्होंने अपने पत्र में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मांग की है कि इस मामले की अतिशीघ्र जांच करे और विधालय के प्रधानशिक्षक व संयोजिका को तत्काल यहां से हटाया जाये। निरीक्षण उपरांत उन्होंने कही कि हमारे पंचायत इस तरह की घटना को किसी किमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कही कि उक्त स्कूल में काफी पहले से ही प्रबंध समिति की संयोजिका की मिली भगत से इस तरह की गड़बड़ियां की जा रही थी मगर जैसे ही बच्चों ने हमे इस बात से अवगत कराया मै विधालय पहुची और कार्यवाही की अनुशंसा की।

## समय संवाद

चंद्रयान-3 को अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। चंद्रयान-3 की कामयाबी से सारा देश गर्व महसूस कर रहा है। इसी तरह से जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देशवासियों को गौरव के फिर से क्षण दिए। वे शायद पहले भारतीय खिलाड़ी हैं जिनसे देश सिर्फ गोल्ड की ही उम्मीद करता है। वे सारे देश के नायक बन चुके हैं। शायद इसीलिए नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उन्होंने 88.17 मीटर तक जैवलिन फेंका।

# जी-20 नेताओं को आकाश को छूते भारत दिखाया जायेगा

**आरके सिन्हा**



**आगामी** 9-10 सितंबर को राजधानी में जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन उस समय आयोजित हो रहा है, जब भारत को अलग-अलग क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। बेशक, चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग भारतीय अंतरिक्ष की दुनिया में एक गर्व का क्षण है। सैकड़ों वैज्ञानिकों की मेहनत का फल देश को अंततः मिल गया है। चंद्रयान-3 को अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। चंद्रयान-3 की कामयाबी से सारा देश गर्व महसूस कर रहा है। इसी तरह से जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देशवासियों को गौरव के फिर से क्षण दिए। वे शायद पहले भारतीय खिलाड़ी हैं जिनसे देश सिर्फ गोल्ड की ही उम्मीद करता है। वे सारे देश के नायक बन चुके हैं। शायद इसीलिए नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उन्होंने 88.17 मीटर तक जैवलिन फेंका। वे इस तरह वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। नीरज की प्रेरणा के चलते हमारे दो अन्य जैवलिन थ्रोअर क्रमशः किशोर जेना पांचवें और डीपी मनू छठे नंबर पर रहे। खेलों में एथलेटिक्स को सबसे अव्वल स्थान प्राप्त है। खेलों की जननी है एथलेटिक्स। उसी एथलेटिक्स में भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों या वर्ल्ड चैंपियनशिप में एकाध बार को छोड़कर कभी कोई बड़ी सफलता नहीं लगी थी। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर साबित कर दिया था कि भारत के खिलाड़ी एथलेटिक्स में भी किसी से कम नहीं हैं। हमारे शतरंज के युवा खिलाड़ी रमेशबाबू प्रज्ञानंदा वर्ल्ड चैंपियन बनने से जरा सा के लिये रह गए। उन्हें शतरंज वर्ल्ड कप के फाइनल में हार मिली। पर उन्होंने संकेत दे दिए कि वे भविष्य के वर्ल्ड चैंपियन हैं। वर्ल्ड मिलेट वर्ष में जी-20 के मेहमानों को निश्चित तौर पर मिलेट के पकवान भी परोसे जाएंगे क अब इस सकारात्मक माहौल में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। अब भारत आयोजन के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) का उदघाटन कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला समेत जी- 20 देशों के सभी प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष राजधानी नई दिल्ली में आ रहे हैं। पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन की कमी खलेगी। वे यूक्रेन युद्ध के कारण सम्मेलन में नहीं आ रहे। भारत में 1983 के बाद जी-20 सम्मेलन पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा है। तब से भारत लगभग बदल चुका है। अब भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। कुछ समय पहले भारत ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की ही अर्थव्यवस्था हमारे से आगे है। जी-20 देशों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए आने वाले नेताओं को यह तो पता ही होगा कि भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र लगातार आग बढ़ रहा है। वह वित्त वर्ष 2021-22 में 15.5 फीसदी की वृद्धि के साथ 227 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान हुई 15.5 फीसदी की वृद्धि पिछले एक दशक के किसी भी वर्ष में हुई वृद्धि में सबसे अधिक है। भारत से संबंध रखने वाले आई टी पेशेवरों की सारी दुनिया भर में धूम है। आईटी सेक्टर भारत की तस्वीर बदल रहा है। इसमें कोई शक नहीं है कि जी-20 के नेताओं को भारत में अपनापन मिलेगा और अपने देश के प्रतीक भी मिलेंगे। उदाहरण के रूप में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर खबरें आ रही हैं वे और कुछ अन्य जी-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ( पूसा) भी जायेंगे। जाहिर है, वहां पर उन्हें कृषि क्षेत्र में भारत की लंबी छलांग की विस्तार से जानकारी मिलेगी। उन्हें पूसा में अपने देश के महान कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग की कुछ फोटो भी लगी मिलेंगी। पूसा के किसी अधिकारी को बाइडेन को बताना होगा अगर आज भारत खाद्दान्न उत्पादन में आत्म निर्भर हो चुका है तो इसका श्रेय अमेरिका के महान कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और उनके साथी कृषि वैज्ञानिकों को देना होगा।

# आज की गजल और दुष्यंत कुमार



**कविता**

**बतौर** लेखक दुष्यंत कुमार पर गजलकार का लेबल चस्पा है। लेकिन दिलचस्प बात है कि गजलें उनका पहला प्यार या फिर चुनाव नहीं थीं। इनसे पहले वे उपन्यास, नाटक, एकांकी और कविता सरीखी हर विधा में अपना हाथ आजमा चुके थे। इन सब में उन्होंने हाथ ही नहीं आजमाया, हर जगह अपनी साफ छाप भी छोड़ी। यहां तक कि आम तौर पर लेखक साहित्य की जिस एक विधा की तरफ सबसे कम जाते हैं उस कठिन क्षेत्र में भी दुष्यंत कुमार काम कर रहे थे, यानी 'आलोचना' में। इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है 'नयी कहानी'। कहानी परंपरा के इस नए आंदोलन, जिसके प्रमुख सूत्रधार मोहन राकेश, राजेन्द्र यादव और कमलेश्वर माने जाते हैं, का नामकरण भी दुष्यंत कुमार का ही किया हुआ है। अपने एक लेख में उन्होंने बाकायदा यह बात पुष्ट की थी कि क्यों और किस तरह ये कहानियां पुरानी कहानियों से अलग हैं। और यह भी कि आखिरकार इनका नाम 'नयी कहानी' ही क्यों हो।

फिर भी कुछ अधूरापन और कोई तलाश अब भी दुष्यंत के लेखन का एक जरूरी हिस्सा थी। शायद वह एक फॉर्म जो एकदम उनकी अपनी हो। जहां वह अपनी बात को अपने लहजे में और अपने तरीके से कह सकें, ठीक वैसे ही जैसी उनकी चाहत है। तलाश की उनकी इस अनवरत यात्रा ने अंततः गजल तक पहुंचकर अपनी संतुष्टि और अपना मुकाम पाया। गजल की उनकी एकमात्र किताब ह्यसाए में धूपह्ण ने फिर इतना कुछ उन्हें दिया कि उन्हें और किसी पहचान की जरूरत ही नहीं रही। मात्र 64 गजलों से बनी इस किताब ने प्रसिद्धि के नए आयाम रचे तो इसलिए कि उसके एक-एक शेर में दुष्यंत कुमार जिंदगी और समाज की शिनाख्त करते चले।

वह जमाना भी कुछ और था। उन दिनों के रचनाकारों के बीच रिश्तों और दोस्ती का ऐसा आलम था कि वे सिर्फ न एक दूसरे को उनके क्षेत्र में खड़ा कर रहे थे बल्कि उन्हें स्थापित करने के सारे जतन भी किये जा रहे थे, चाहे मनोबल बढ़ाने के जरिये ही सही। यह साथ कई बार तो देर तक और दूर तक का रहा। कमलेश्वर और दुष्यंत कुमार के मामले में खासकर। मित्रता से आगे बढ़कर यह संबंध रिश्तेदारी में (दोनों समधी थे) बदल जाता है। यही नहीं 'साये में धूप' की भूमिका में अपने गजल लिखने का लगभग सारा श्रेय वे लेखक कमलेश्वर के खाते में डालते हुए लिखते हैं- 'कमलेश्वर इस अफसाने में न होता तो यह सिलसिला शायद यहां तक न आ पाता- 'हाथों में अंगारे लिए सोच रहा था/ कोई मुझे अंगारों की तासीर बताये। दुष्यंत कुमार की गजलों में आम इंसानों की छटपटाहट है, उनके स्वप्न-भंग हैं, हमारी सामाजिक दशा है, उसकी पेचीदगियां हैं और इस सबके साथ अपने परिवेश से दुखी और नाराज लोगों की बेचैनी और उनकी चीखें भी हैं। उन्हें शिकायत है तो सबसे है। खुद से देश से, संविधान से ,सरकार से। पर सबसे पहली शिकायत उनकी उन जैसे लोगों से ही है। उनकी मजबूरियों से भी ज्यादा उनकी चुनी हुई चुप्पियों से। वे लिखते हैं- 'तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं/कमाल यह है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं।' या फिर 'न हो कमीज तो घुटने से पेट ढक लेंगे/ ये लोग कितने मुनासिब हैं इस सफर के लिए। इससे ज्यादा साहस और हैरत की बात और क्या हो सकती है कि कोई लेखक सरकारी नौकरी करते हुए भी व्यवस्था-विरोध वाले शेर कहता और लिखता हो। वह भी आपाताकाल जैसे सेंसरशिप वाले वक्त में। वह भी सीधे सरकार की तरफ इशारा करते हुए। उनके इस मंतव्य के कुछ शेर बहुत प्रसिद्ध हुए थे जिनका सीधा संदर्भ आपातकाल और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जुड़ता था। मसलन- 'मत कहो आकाश में कुहरा घना है/ यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है' या 'फिर एक गुड़िया की कई कठपुतलियों में जान है/और शायर ये तमाशा देखकर हैरान है।' इसी शेर का अगला हिस्सा सम्पूर्ण क्रांति का नारा देने वाले जयप्रकाश नारायण को समर्पित था। दुष्यंत कुमार ने लिखा- 'एक बूढ़ा आदमी है मुल्क में या यूं कहो/ इस अंधेरी कोठरी में कोई रोशनदान है।'

निरर्थकता और बेचैनी का वह घना बोध जो दुष्यंत कुमार की गजलों का मुख्य विषय रहा है, आपातकाल-विरोधी आंदोलन के साथ आशावाद के सपनों में खोने लगता है। बेचैनियां, बेचारगी का रास्ता भूलने लगती हैं और उनके भीतर का शायर उम्मीदों से भरकर कहता है - खुदा सही न सही आदमी का ख्वाब सही...पर यह त्रासदी रही कि इस आंदोलन के खत्म होने तक दुष्यंत भी अपने सपनों के साथ अपनी अंतिम यात्रा पर निकल चुके थे, सिर्फ 42 वर्ष की उम्र में।

दुष्यंत के शेर बगावती हैं, पर उन्होंने सिर्फ बगावती शेर ही लिखे, यह धारणा गलत है। उनके शेरों में प्रेम के रंग भी हैं। कम हैं तो इसलिए कि उनके मनमाफिक प्रेम का रंग दुनिया में उस तरह बचा ही नहीं था। और जो और जितना था उस पर इतना अधिक लिखा जा चुका था कि अब कुछ कहने की उतनी जरूरत ही नहीं थी। पर जब भी वे उसे अपने शब्दों में कहते हैं तो जैसे प्रेम भी इन शब्दों छुअन भर से बिलकुल नया-नया हो उठता है मसलन- 'मैं तुम्हें भूलने की कोशिश में/ आज कितने करीब पाता हूं...तू किसी रेल सी गुजरती है/ मैं किसी पुल सा थरथराता हूं' और-' तुमको पुकारता हूं कबसे मैं ऋतम्भरा, अब शाम हो चुकी है मगर दिल नहीं भरा।

दुष्यंत की गजलों के प्रशंसक शिक्षक भी रहे, छात्र भी, नेता भी रहे और अभिनेता भी। मनोज बाजपेयी कहते हैं उन्हें कविता पढ़ने का चस्का दुष्यंत के शेरों को पढ़ने-सुनने के बाद ही लगा। दुष्यंत कुमार की गजलों के मशहूर होने का एक बड़ा सबब यही था कि लोगों को उनकी गजलों में अपना अक्स और अपने दर्द की परछाइयां नजर आ रही थीं, वे मुद्दे भी जो उनके कलेजे में फांस की तरह चुभते थे पर उनकी मजबूरियां जहां उनकी जुबान सिल देती थी। दुष्यंत भी यह बूझते थे इसलिए तो उन्होंने लिखा-मुझमें रहते हैं करोड़ों लोग चुप कैसे रहूं। दुष्यंत कुमार को हिंदी गजलों के शुरूआती शायर के रूप में याद किया जाता है। पर उनसे पहले निराला, नीरज, गोपाल सिंह नेपाली जैसे अन्य कई कवि-गीतकार गजल और गीत लिखकर यही करते आ रहे थे। सवाल फिर यह उठता है कि फिर कैसे वे हिंदी के पहले शायर हुए। वे ऐसा क्या नया कर गए कि पूरी हिंदी गजल की परम्परा को उनके नाम से जोड़कर देखा और जाना जाने लगा? इस बात को समझने के लिए पहले दुष्यंत के इन शेरों से रुबरू होना होगा- 'वे कर रहे हैं इश्क पे संजीदा गुफ्तगू / मैं क्या बताऊं, मेरा कहीं और ध्यान है।' या फिर- 'मैं जिसे ओढ़ता बिछाता हूं/ वो गजल आपको सुनाता हूं।' यहां यह बिलकुल स्पष्ट है कि उनके लिए गजल लिखने का मतलब जिंदगी को गजलों की शर्त पर जीना या गजलों की तरह जीना तो है ही। कहीं इससे भी अलग रोजमर्रा की तमाम बातों को, उसकी भाषा को, शब्दों को जिंदगी से गजल में बुला लेना भी है। इसीलिए यहां ' कहीं और ध्यान' होने का मतलब गजल को इश्क के जाल से निकलकर आम लोगों से जोड़ने और उनसे मुखातिब करने से है। तब तक यह एक आम धारणा चलती आ रही थी कि अगर गजल कही जा रही तो उसमें 'इश्क और माशूक' का जिक्र होना निहायत जरूरी है। महबूब के जुल्फों के पेंचो-खम की बातें करना भी इस परंपरा का एक मकबूल हिस्सा रहा और 'सागरो-मीना' की बात करना इसकी एक जरूरी रस्म। यह भी एक कारण था कि अपनी कविताओं में बेहद सामान्य और निचले तबके के लोगों की बातें करने वाले निराला भी गजल लिखते हुए परंपरा के फंदे में फंसते दिखे।

**(लेखिका, कवि और आलोचक हैं)**

# जीवन से प्यार के गीतकार शैलेंद्र

**अजय कुमार शर्मा**

## बॉलीवुड के अनकहे किस्से



**भारतीय** जनजीवन में फिल्मी गीतों की गहरी पैठ है। जीवन से जुड़ी कोई भी और कैसी भी घटना हो उसे गीत ही हमारे बीच सजीव और साकार करते हैं। धार्मिक अवसर हो या देशभक्ति का समय, हमारे त्योहार हों, जन्मदिन या फिर शादी-ब्याह की खुशियां हो, सबके लिए हमारे पास गीतों की भरमार है। इन गीतों के अनेक रचनाकारों में शैलेंद्र का नाम बिल्कुल अलग,अनूठा और सबसे लोकप्रिय रहा है। सरल और सहज भाषा में लिखे गए उनके गीत केवल मनोरंजन ही नहीं करते बल्कि जीवन से जुड़े गहरे संदेश भी देते हैं। यह वर्ष उनका जन्म शताब्दी वर्ष है।

शैलेंद्र का जन्म 30अगस्त, 1923 को पंजाब प्रांत के रावलपिंडी शहर (वर्तमान पाकिस्तान) में एक सामान्य परिवार में हुआ था। उनके पूर्वज बिहार के निवासी थे। शैलेंद्र (मूल नाम शंकर दास राव ) जब छह साल के थे तो पिता गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और उनकी फौज की नौकरी चली गई। घोर आर्थिक संकट से गुजरते हुए यह परिवार रावलपिंडी से मथुरा (उत्तर प्रदेश) आ गया। शैलेंद्र की प्रारंभिक शिक्षा यहीं हुई। आर्थिक स्थिति बेहतर न होने के कारण शैलेंद्र को मथुरा के रेलवे वर्कशॉप में कार्य करना पड़ा। यहीं से उनका ट्रांसफर बंबई (अब मुंबई) के रेलवे वर्कशॉप में हो गया। कविता का शौक उन्हें बचपन से ही था और युवा अवस्था से ही मथुरा और आसपास होने वाले कवि सम्मेलनों में वे भाग लेने लगे थे।

बंबई की रेलवे कालोनी में श्रमिक वर्ग के साथ रहते हुए उनका झुकाव वामपंथ की तरफ हुआ और वे भारतीय जन नाट्य संघ से जुड़ गए और उनके साथ काम करने लगे। मंचों पर उनकी कविताएं बड़े ध्यान से सुनी जाती थीं। ऐसे ही एक कवि सम्मेलन में उनकी कविता राज कपूर ने सुनी और उन्हें अपनी फिल्मों में गीत लिखने का निमंत्रण दिया, लेकिन स्वाभिमानी शैलेंद्र ने तत्काल उन्हें यह कहकर मना कर दिया कि वह फिल्मों के लिए गीत नहीं लिखते हैं।

आगे चलकर कुछ परिस्थितियां ऐसी हुईं कि उन्हें अपनी गर्भवती पत्नी के इलाज के लिए कुछ पैसों की जरूरत पड़ी। तब वह राज कपूर से पैसे मांगने गए। राज कपूर ने पैसे तो दे दिए लेकिन उनसे यह भी अनुरोध किया कि यदि वे उनकी निमार्णाधीन फिल्म बरसात के लिए दो गीत लिख दें तो उन्हें यह पैसे वापस करने की जरूरत नहीं है। शैलेंद्र ने गीत लिखे। पहला गीत था- बरसात में हमसे मिले तुम सजन तुमसे मिले हम बरसात में... और दूसरा गीत था- पतली कमर है, तिरछी नजर है...। दोनों ही गीत अत्यंत लोकप्रिय हुए और बरसात की सफलता में इन गानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उसके बाद तो उनकी फिल्मों में ख्याति और प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ती गई । अपनी रेलवे की नौकरी छोड़कर वह फिल्मों के लिए गीत लिखने लगे। आरके फिल्म्स यानी राज कपूर के साथ उनका अटूट रिश्ता बना जो आजीवन बना रहा। इस तरह मुकेश, हसरत जयपुरी, शंकर जयकिशन के साथ उनकी बहुत प्यारी जोड़ी बनी और लोकप्रियता के चरम पर पहुंची।

18 वर्ष के अपने छोटे से फिल्मी करियर में उन्होंने कुल 173 हिंदी फिल्मों में 793 गीत लिखे । इसके अलावा 6 भोजपुरी फिल्मों में 37 और एक बंगाली फिल्म के लिए सिर्फ एक गीत लिखा। यह गीत हिंदी में ही था। मोहम्मद रफी की आवाज में रिकॉर्ड हुए इस गीत को बांग्ला फिल्मों के तत्कालीन सर्वाधिक लोकप्रिय युगल जोड़ी उत्तम कुमार व सुचित्रा सेन की उपस्थिति में फिल्माया गया था। इसका संगीत बंगाल के सुप्रसिद्ध संगीतकार नचिकेत घोष ने तैयार किया था। इस तरह उन्होंने कुल 180 फिल्मों में कुल 831 गीत लिखे। कुछ गैर फिल्मी गीत भी हैं जो रिकॉर्ड हुए थे पर फिल्मों में नहीं लिए जा सके।

उनके गीतों से सजी फिल्मों में प्रमुख हैं- आवारा, दो बीघा जमीन, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, सीमा मधुमती, जागते रहो, गाइड, काला बाजार, जंगली, बूट पॉलिश, यहूदी, अनाड़ी, पतिता दाग,बंदिनी गुमनाम और तीसरी कसम आदि। उनकी अंतिम फिल्म सपना का सौदागर थी जिसमें उनका लिखा गया गीत था ... तुम प्यार से देखो हम प्यार से देखें...। गीत लेखन के लिए उन्हें तीन फिल्म फेयर पुरस्कार मिले । पहला था यहूदी ( 1958) के गीत- यह मेरा दीवानापन है...दूसरा-सब कुछ सीखा हमने न सीखी होशियारी (अनाड़ी 1959) और फिर 1968 में ब्रह्मचारी फिल्म के गीत मैं गाऊं तुम सो जाओ...। तीसरी कसम फिल्म निर्माण के दौरान उन्हें गहरी हानि हुई और उससे ज्यादा मानसिक कष्ट। अपने लोगों के छल कपट से वह बहुत परेशान हो गए और 14 दिसंबर 1966 को हमारे बीच नहीं रहे। यह अजीब इत्तेफाक था कि उस दिन उनके सबसे प्रिय मित्र राज कपूर का जन्मदिन था।

### चलते-चलते

लगातार गीत और उनकी तुकबंदी सोचने के कारण शैलेंद्र अक्सर कई जरूरी काम आदि भूल जाते थे...। एकबार तो वे अपनी पत्नी को ही भूल गए। हुआ यह कि सुंदरबाई हॉल में एक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम खत्म हुआ तो उन्हें अपनी पत्नी की याद ही नहीं रही और वह लोकल ट्रेन में बैठकर सीधे घर पहुंच गए। उनकी पत्नी रात में किसी तरह उनके दोस्तों की सहायता से घर पहुंचीं। देखा वह आराम से सिगरेट पी रहे थे। उनको देखते ही बोले...मैं तुम्हें भूल आया शकुन, माफ करना। मगर मुझे यकीन था कि तुम किसी न किसी तरह घर पहुंच जाओगी।

# हनुमान चालीसा के रचनाकार कौन थे?

**जीवीएस शास्त्री**

**बात** 1600 ईस्वी की है यह काल अकबर और तुलसीदास जी के समय का काल था। एक बार तुलसीदास जी मथुरा जा रहे थे, रात होने से पहले उन्होंने अपना पड़ाव आगरा में डाला, लोगों को पता लगा कि तुलसीदास जी आगरा में पधारे हैं। बीरबल ने अकबर को बताया, इन्होंने ही रामचरितमानस की रचना की है, यह रामभक्त तुलसीदास जी है, मैं भी इनके दर्शन करके आया हूं। अकबर ने भी उनके दर्शन की इच्छा व्यक्त की और कहा मैं भी उनके दर्शन करना चाहता हूँ। बादशाह अकबर ने अपने सिपाहियों की एक टुकड़ी को तुलसीदास जी के पास भेजा और तुलसीदास जी को बादशाह का पैगाम सुनाया कि आप लालकिले में हाजिर हों। यह पैगाम सुन कर तुलसीदास जी ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम का भक्त हूँ, मुझे बादशाह और लालकिले से मुझे क्या लेना-देना और लालकिले जाने के लिए साफ मना कर दिया। जब यह बात बादशाह अकबर तक पहुँची तो बहुत बुरी लगी और बादशाह अकबर गुस्से में लालताल हो गया, और उन्होंने तुलसीदास जी को जंजीरों से जकड़बा कर लाल किला लाने का आदेश दिया। जब तुलसीदास जी जंजीरों से जकड़े लाल किला पहुंचे तो अकबर ने कहा की आप कोई करिश्माई व्यक्ति लगते हो, कोई करिश्मा करके दिखाओ। तुलसी दास ने कहा मैं तो सिर्फ भगवान श्रीराम जी का भक्त हूँ कोई जादूगर नही हूँ जो आपको कोई करिश्मा दिखा सकूँ। अकबर गुस्सा कर उन्हें कारावास में डाल दिया। दूसरे दिन इसी आगरा के लालकिले पर लाखों बंदरों ने एक साथ हमला बोल दिया, पूरा किला तहस नहस कर डाला। लालकिले में त्राहि-त्राहि मच गई, तब अकबर ने बीरबल को बुला कर पूछा कि बीरबल यह क्या हो रहा है, तब बीरबल ने कहा हुजूर आप करिश्मा देखना चाहते थे तो देखिये। अकबर ने तुरंत तुलसीदास जी को कल कोठरी से निकलवाया। और जंजीरे खोल दी गई। तुलसीदास रोते-रोते कुछ लिख रहे थे। यह 40 चौपाई, हनुमान जी की प्रेरणा से लिखी गई हैं। अकबर बहुत लज्जित हुए और तुलसीदास जी से माफी मांगी और पूरी इज्जत और पूरी हिफाजत, लाव-लश्कर से मथुरा भिजवाया।आज हनुमान चालीसा का पाठ सभी लोग कर रहे हैं। और हनुमान जी की कृपा उन सभी पर हो रही है। और सभी के संकट दूर हो रहे हैं। हनुमान जी को इसीलिए संकट मोचन भी कहा जाता है।

# बच्चों की शारीरिक सक्रियता पर ध्यान दें

**मोनिका शर्मा**



**जीवन** की जंग हो या खेल का मैदान बहुत कुछ एक सा है। कड़ी मेहनत, जीतने का जज्बा, हौसला, लीडरशिप, दृढ़ता, गंभीरता, अनुशासित दिनचर्या और नाकामयाबी पर भी असीम धैर्य। जो कुछ जिन्दगी से जूझने के लिए चाहिए वही खेल के मैदान में भी बेहद जरूरी है। ऐसे में नयी पीढ़ी को खेलों से जोड़ना जरूरी है। उनके व्यक्तित्व को ठहराव और संघर्ष का पाठ पढ़ाने के लिए खेलना बेहद जरूरी है।

### शारीरिक सक्रियता

हाल के बरसों में बच्चों का निष्क्रिय लाइफस्टाइल वाकई चिंता का विषय बन गया है। मोटापा और कम उम्र में दूसरी बीमारियों की दस्तक अभिभावकों को भी डरा रही है। ऐसे में गेम्स फिजिकल एक्टिविटीज के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी में भी मददगार हैं। खेलने से तो हर उम्र के लोगों को मानसिक स्फूर्ति मिलती है। बच्चों में तो यह स्फूर्ति पढ़ने लिखने की क्षमता में भी इजाफा करती है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि खेल के मैदान में उतर कर बच्चों का मानसिक तनाव कम होता है और एकेडेमिक फ्रंट पर बेहतर परफॉर्म करने के मौके बढ़ जाते हैं।

### जुड़ाव का भाव

खेलों से जुड़ी टीम स्पिरिट का भाव बच्चों के मन में आपसी जुड़ाव की सोच भी लाता है। बचपन से ही साथ और सहयोग का पाठ पढ़ाता है। बतौर टीम सदस्य जो जिम्मेदारी के भाव बच्चों के मन में पनपते हैं वे आगे चलकर उनके सामाजिक-पारिवारिक जीवन में भी काम आते हैं। अपने हमउम्र साथियों के साथ मिलकर खेलने और हार जीत को जीने का भाव उन्हें सिर्फ अपने आप तक सिमटे रहने के दायरे से बाहर लाता है। उनके मन की झिझक दूर होती है और वे मिलनसार बनते हैं। समझना मुश्किल नहीं कि बचपन में ही पैदा होने वाली सामाजिकता की ऐसी सकारात्मक सोच बच्चों को जिम्मेदार और सहयोगी नागरिक भी बनाती है।

### अनुशासन और समय प्रबंधन

खेलों से जुड़कर बच्चे समय प्रबंधन भी सीखते हैं और अनुशासन भी। किसी भी काम को नियमित करने और बेहतर बनने की आदत उनके व्यवहार का हिस्सा बन जाती है। इसीलिए अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को खेलों से जोड़ने की हर संभव कोशिश करें। इनडोर या बच्चे की पसंद का आउटडोर गेम खेलने में रुचि पैदा करना उनके रोजमर्रा के शेड्यूल को प्रोडक्टिव बनाता है।

### स्क्रीन पर खेल ठीक नहीं

आजकल बच्चे खेल भी स्क्रीन के मैदान में ही खेलते हैं। स्मार्ट स्क्रीन तक सिमटी खेलों की दुनिया उनके लिए हर तरह से घातक तो है ही कई बार अपराधियों के जाल में भी फंसा देती है। कुछ खेल ऐसे भी हैं जो बच्चों के लिए जानलेवा बन जाते हैं। घंटो स्क्रीन में ताकते रहने से उनकी आंखों पर बुरा असर पड़ता है। स्मार्ट गैजेट्स को बच्चे जिस तरह पकड़कर बैठते हैं, उनका पोस्चर खराब होता है।

आज के समय में ऑनलाइन पढ़ाई के तनाव और व्यस्तता के चलते बच्चे खेलों से बिलकुल दूर हो गए हैं। कोरोना काल में घर तक ही सिमटी जिन्दगी में उनका शारीरिक और बौद्धिक विकास भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में इस आपदा के बाद बच्चों को ज्यादा से ज्यादा आउटडोर एक्टिविटीज से जोड़ने की सोच रखनी होगी। इन दिनों भी स्क्रीन पर ज्यादा वक्त बिताने के बजाय इनडोर गेम्स खेलने को समय दिया जाए तो ज्यादा अच्छा है। इसके लिए अभिभावकों का भी खेलों में रुचि लेना आवश्यक है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# एस. सोमनाथ बधाई के पात्र हैं

**हृदयनारायण दीक्षित**

**भारत** में ज्ञान सर्वोपरि उपलब्धि है। भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रकृति के सभी प्रत्यक्ष रूपों की जिज्ञासा थी। ज्ञान ही परम सत्ता के वास्तविक दर्शन का उपक्रम भी था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने ज्ञान को सर्वोपरि बताया है। वे उज्जैन में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'भारत वैदिक काल से ही ज्ञानी समाज था। इसमें संस्कृत भाषा की विशेष भूमिका रही है। गणित, दर्शन विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, तत्व ज्ञान, खगोल, तर्क, व्याकरण, आदि विषय अतिमहत्वपूर्ण हैं। इन विषयों पर संस्कृत में विपुल लेखन हुआ है।' उन्होंने कहा कि, 'संस्कृत दुनिया की प्राचीन भाषा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का काव्य रचा गया है। ऋग्वेद का रचनाकाल लगभग साढ़े दस हजार वर्ष प्राचीन है। वैदिक काल में ज्ञान की परिभाषा भी की गई थी। ऋग्वेद (10.71) में ऋषि आंगिरस बृहस्पति हैं। वे ज्ञान के अधिष्ठाता हैं। ब्रह्मज्ञानी हैं। सूक्त के देवता 'ज्ञान' हैं। सूक्त में ज्ञान की प्रारंभिक अवस्था का उल्लेख है।' कहते हैं, 'प्रारम्भ में पदार्थों के नाम रखे गए। नाम और रूप का परिचय ज्ञान का प्रथम सोपान है। इनका शुद्ध और दोषरहित ज्ञान अनुभूति में छुपा है।' ऋषि सूप और सत्तू का उदहारण देते हैं। कहते हैं, 'सूप से सत्तुओं को स्वच्छ करने की तरह मेधावी जन अपनी बुद्धि से भाषा को सुसंस्कृत करते हैं। कुछ लोग प्रकृति के गूढ़ तत्वों को देख कर भी नहीं समझ पाते। कुछ लोग सुनते हैं लेकिन समझ नहीं पाते। जैसे पति के सामने पत्नी अपना रूप नहीं छुपाती उसी प्रकार ज्ञान देवी सुपात्र के सामने अपना रूप खोल देती हैं।' आगे कहते हैं, 'किसी-किसी ज्ञानी में शब्द और उनके भावों को ग्रहण करने की क्षमता होती है। उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो भाषा को फल फूल रहित सुनने व अध्ययन तक सीमित मानते हैं।' ज्ञानी एक समान नहीं होते। सबकी क्षमताएं अलग-अलग होती हैं। ज्ञान प्राप्ति असाधारण कार्य है। ऋग्वेद के लगभग साढ़े दस हजार मंत्र हैं।

अधिकांश मंत्रों में प्रकृति की शक्तियों पर गहन जिज्ञासा है। ऋषि प्रकृति के गोचर प्रपंचों को ध्यान से देखते हैं और प्रकृति की शक्तियों की गतिविधि को भी। वैदिककाल में परिपूर्ण वाकस्वातंत्र्य था। दर्शन चिंतन के लिए यूनान सारी दुनिया में विख्यात रहा है। लेकिन देवों पर ही प्रश्न उठाने के आरोप में सुकरात को प्राणदण्ड दिया गया था। सुकरात पर मुख्य आरोप था कि वे देवताओं के अस्तित्व पर प्रश्न उठाते हैं। वे अपनी तर्क कुशलता के आधार पर संस्कृति के विरुद्ध विचार देते हैं। यह भी कहा जाता था कि सुकरात पृथ्वी के नीचे और ऊपर आकाश आदि के रहस्यों को जानने का प्रयास करते हैं। सुकरात प्रतिभाशाली विद्वान थे।

एथेंस नगर की न्यायपीठ में उन पर मुकदमा चलाया गया। न्यायपीठ के 501 सदस्यों के सामने सुकरात ने सफाई दी। 220 न्यायकताओं ने उन्हें निर्दोष माना। 281 ने दोषी पाया। बहुमत से उन्हें प्राण दंड की घोषणा की गई। आश्चर्य है कि विश्व दर्शन की मूल भूमि यूनान में ही दार्शनिक सुकरात को प्राणदण्ड दिया गया।भारत में वैदिककाल से ही प्रश्न और जिज्ञासा का वातावरण रहा है। ऋग्वेद में वैचारिक विविधता है। यहां वैदिककाल से लेकर उत्तर वैदिककाल, पुराणकाल और महाकाव्यकाल तक विचार अभिव्यक्ति की अगाध स्वतंत्रता रही है। प्रकृति की तमाम शक्तियों को देवता कहा जाता रहा है।

## स्पीड न्यूज

### सीसीएल में मृतक के आश्रितों को अब 86 दिनों में मिलेगा नौकरी : फौजी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोलियरी मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री रामेश्वर सिंह फौजी ने शनिवार को बताया कि अब कोल इंडिया कार्मिक के मौत के 86 दिनों बाद ही आश्रितो को नौकरी मिलेगा। उन्होंने कहा है की कोल इंडिया बोर्ड ने एक स्टैंडर्ड ऑपरेशन ऑफ प्रोसीजर (ओसीपी) बनाकर कर्मियों को मौत के 86 दिनों के अंदर नौकरी देने का फैसला लिया है। ऐसा नहीं करनें पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कारवाई करने का भी फैसला लिया गया है। कोल इंडिया प्रबंधन के ऐतिहासिक फैसला का रामेश्वर सिंह फौजी ने स्वागत करते हुए धन्यबाद दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि इसका लाभ कोल इंडिया के मृत कर्मियों के आश्रितों को मिलेगा।

### खिलाड़ियों का निबंधन आज से

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले के खिलाड़ियों का निबंधन 3 सितंबर से 20 सितंबर तक किया जाएगा । सत्र 2023-24 के लिए जिलाभर के क्रिकेट खिलाड़ी अपना निबंधन करवा सकते हैं । संघ के सचिव अरुण कुमार राय ने बताया कि स्कूली क्रिकेट के लिए 16 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी अपना निबंधन 7 सितंबर से 15 सितंबर तक करवा सकते हैं । वहीं, सत्र 2023-24 के लिए सीनियर खिलाड़ी अपना निबंधन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक करवा सकते हैं । निबंधन के लिए डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, तीन वर्ष का मार्कशीट, पासपोर्ट फोटो, बैंक पासबुक साथ लेकर आएंगे। विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नं 9431181700 एवं 7004901312 पर संपर्क करें।

### कुजू में सर्प दंश से एक की मौत

**कुजू।** क्षेत्र के डटमा मोड़ स्थित बंद पड़े अलंकार सिनेमा हॉल के पास रहने वाले एक व्यक्ति को जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उसका मौत हो गया। बताया जाता है कि कुकर - गैस मिस्त्री शिव नारायण सोनी (उम्र 72 वर्ष) पिता भिखाड़ी सोनी रात्रि में अपने घर पर सोया था। इसी बीच रात्रि करीब 11 बजे जहरीले सांप ने डंस लिया। जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। चिकित्सको ने वृद्ध की नाजुक स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### महिला जागृति ने लगाया शिविर

टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो पंचायत के भुइया टोला आँगन बाड़ी केंद्र मे जीव दया फाउंडेशन के तहत संचालित कार्यक्रम आयोजन कर्ता झारखण्ड महिला जागृति अमृत नगर के सौजन्य से कुपोषण हो रहे 6 माह 6 वर्ष के झरपो भुइया टोला और जरगा के गरीब बच्चों के माता के संग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंद्रमनी कुमारी व उर्वसी भारती ने किया। उन्होंने उपस्थित कुपोषित हो रहे बच्चों के माताओ को गुनवता पूर्ण पौष्टीक आहार, शिक्षा समेत अन्य विभिन्न जानकारी दी। मौके पर मध्य विद्यालय झरपो के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दीपक,वि. प्र. समिति अध्यक्ष बसंत राम,महेन्द्र इंदिवर, शंकर कुमार, विजय कुमार,प्रमोद कुमार, शिल्पा सुहासिनी समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### सुदखोरों से बचाये पुलिस : रोशन नायक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर पंचायत की मुखिया गुलाब देवी के पुत्र रोशन कुमार नायक ने भुरकुंडा पुलिस से स्थानीय सुदखोर से जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है। भुरकुंडा ओपी में मुखिया के पुत्र ने दिये आवेदन में बताया है कि करीब डेढ साल पुर्व पटेलनगर पंचायत निवासी नरेश यादव मेरी मां के मुखिया पद पर चुनाव जीतने के खुशी में मुझसे पार्टी देने के लिये बोले। मैने कहा कि मेरे पास पैसा नही है। इस पर वे जबरदस्ती मुझे 25 हजार रुपए दिये और उसी पैसा से पार्टी में खर्च हुआ। दो महिने बाद पैसा लौटाने गया तो बोले कि 80 हजार देना होगा। डेढ साल में 3,44000 रुपए दे चुका हूं। इसके बाद भी नरेश यादव द्वारा 2 लाख रुपए देने का दबाव दिया जा रहा है।

### चंद्रावती ने कार्मिक अधिकारी को सौंपा पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ठेकेदारी कंपाउंड भुरकुंडा निवासी स्व. रामनारायण पांडेय की पत्नी पीड़ित चंद्रावती देवी ने भुरकुंडा कोलियरी के कार्मिक पदाधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि विगत 5 दिसंबर 2022 को महाप्रबंधक कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन व मेरे बेटों के बीच वार्ता हुई थी। उक्त बैठक में पतरातु बीडीओ, अंचलाधिकारी, सीसीएल के लिगल एडवाईजर सहित कई अधिकारी भी शामिल थे। वार्ता के दौरान पूर्व वित्त मंत्री एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा भी दूरभाष के माध्यम से इसमें शामिल हुए थे। वार्ता में निर्णय हुआ था कि सीसीएल प्रबंधन गंभीरता पूर्वक विचार कर सकारात्मक सहयोग करते हुए मेरी सारी परेशानियों को दूर करेगी। इसके लिए प्रबंधन ने 90 दिनों का समय मांगा था। साथ ही प्रबंधन ने मझे आंदोलन को स्थगित करने की बात कही थी।

### वुशू प्रतियोगिता में मिला तीन गोल्ड



रजरप्पा। 28 और 29 अगस्त को रांची स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया वुमेंस वुशू प्रतियोगिता हुआ था, जिसमें पूरे राज्य से कुल 370 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वही रामगढ़ जिला से कुल आठ प्रतिभागियो ने भाग लिया था। सीनियर वर्ग में - 65 किलोग्राम भार में कविता कुमारी, जूनियर वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट के खुशी पटेल-56 किलोग्राम भार और -48 किलोग्राम भार में डीएवी रजरप्पा प्रोजेक्ट के अंशिका साहू ये तीनों ने अपना अपना इवेंट में कड़ी टक्कर के साथ गोल्ड मेडल जीती। गोल्ड मेडल जीतने पर पूरे रामगढ़ के वुशू खिलाड़ी एवं समाजसेवियों में काफी उत्साह और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, कोच व नेशनल वुशू जज गौरी शंकर दांगी ने बधाई दिया. इनके अलावा रामगढ़ 01के बीईईओ प्रभाकर, बीपीओ मोहम्मद इंसा, विद्यालय के प्रिंसिपल वेद प्रकाश, शिक्षिका आराधना, शंकर तिवारी, ऋषिकेश रजक, चंद्रशेखर राम करमाली, गौतम सिंह बम, राजीव जायसवाल, शशि पांडे, तपेश्वर महली, परी सिंह, दीपक कुमार टाइगर, सुमित राज, विपूल, सौरभ कुमार, शोभा कुमारी, कांति कुमारी, समीर आदि ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रेन्बो स्कूल के बच्चों ने सूर्य मिशन के लांचिंग को देखा

## सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा : सिकंदर कुशवाहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के बाद इसरो ने एक बार फिर इतिहास रचने के लिए अग्रसर है। इसरो के सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को शनिवार सुबह 11.50 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस स्टेशन से लॉन्च किया। इस अवसर पर प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही के बच्चों ने सूर्ययान के सफल लॉन्चिंग का लाइव टेलीकास्ट को देखते हुए खुशी जाहिर किया।इस सुनहरे मौके पर बच्चों ने भारत माता की जय के नारे के साथ अपनी खुशी को जाहिर किया। अब लॉन्चिंग के ठीक 125 दिन बाद यह अपने पॉइंट एल1 तक पहुंचेगा। इस अवसर पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा। उन्होंने बताया कि अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के तहत सूरज से निकलने वाली किरणों की जांच करेगा। आदित्य एल-1 को सूरज और पृथ्वी के बीच में लैरेंज प्वाइंट-1 पर रखा जाएगा। आदित्य एल-1 में लगे 7 पेलोड्स सूरज से निकलने वाली विभिन्न किरणों का अध्ययन करते हुए ,आदित्य एल-1 सूरज के कोरोना से निकलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं की स्टडी करेगा। इसरो इस मिशन की मदद से सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास कर सौर हवाओं के विभाजन और तापमान का अध्ययन करेगा।साथ ही सौर तूफानों के आने की वजह, सौर लहरों और उनका धरती के वायुमंडल पर क्या असर होता है इसका भी पता लगाएगा। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी, अंजुम प्रवीण आदि उपस्थित थे।

# पतरातू में नौ ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने किया ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पतरातू।** पतरातू पुलिस ने ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। नौ ग्राम हीरोइन भी बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपए आंकी गई है। एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पीटीपीएस न्यू मार्केट स्थित मॉडर्न ड्रेस नामक दुकान में हीरोइन बेची जा रही है। सूचना मिलते ही रामगढ़ एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने सूचित स्थान पर छापेमारी कर जनता नगर निवासी विक्की कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। तलाशी ली गई तो मौके से 9 ग्राम हीरोइन, वजन करने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीन आदि बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी विक्की कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भुरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ा गेट निवासी सुजीत राम द्वारा उक्त हीरोइन की सप्लाई की गई। जानकारी मिलते ही पुलिस ने सुजीत राम को भी पकड़ लिया। सुजीत राम ने भी हीरोइन सप्लाई करने की बात स्वीकार किया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार विक्की कुमार श्रीवास्तव पूर्व में संगठित आपराधिक गिरोह के मामले में जेल जा चुका है। वहीं, भुरकुंडा पुलिस ने चार माह पूर्व सुजीत राम को भी भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। छापेमारी टीम में पतरातू थाना प्रभारी अमित कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, एसआई अक्षय कुमार समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

**माफियाओं में हड़कंप:** पतरातू थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि नशा करने वाला स्वयं का जीवन बर्बाद करता ही है। समाज पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं से नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए आगे आने का आह्वान किया।

### बलकुदरा आउट सोर्सिंग में विस्थापितों को मिले काम : कुलदीप यादव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** परियोजना के बलकुदरा आउट सोर्सिंग माइंस में कोयला उत्पादन करने वाली एसएमपीएल कंपनी द्वारा बलकुदरा खदान में ओबी रिहैंडलिंग का कार्य शुरू करने से पूर्व उद्घाटन समारोह में कंपनी द्वारा लोकल विस्थापितों को आमंत्रित नहीं करने पर स्थानीय बिस्थापित मोर्चा अध्यक्ष सह इंटक जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने नाराजगी जाहिर की है। कुलदीप यादव ने कहा कि ये कंपनी विस्थापित विरोधी है। बलकुदरा खदान में ड्राइवर, लेबर जो भी कार्य है उसमें 50 प्रतिशत विस्थापित व 40 प्रतिशत स्थानीय झारखंडी को देने सहित लोकल सेल के कार्यों में 50 प्रतिशत भागीदारी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी ऐसा नहीं करती है तो स्थानीय विस्थापित कंपनी के कार्यों का विरोध करेंगी। इसमें किसी प्रकार का समस्या होने पर इसकी सारी जबाबदेही कंपनी प्रबंधक की होगी।

# दारू में सैकड़ों कार्डधारियों को नहीं मिला अनाज, हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददात**



**दारू ।** दारू प्रखंड के कबीलाशी पंचायत के ग्राम सिलाडीह, बलिया, लरतांगों, ऊंचाभेड़ा के लगभग 500 कार्डधारी को डीलरों द्वारा चार माह से अनाज नहीं देने का मामला सामने आया है। जिसके कारण शनिवार को करीब 100 से अधिक संख्या में कार्डधारी शिलाडीह बस्ती में एक स्थान पर पहुंचकर राजेंद्र डीलर होश में आओ होश में आओ तथा राजेंद्र डीलर अनाज दो अनाज दो के नारे लगाए। यहां के कार्डधारीयो में डीलर राजेंद्र कुमार दास के प्रति भारी आक्रोश है। कार्डधारी का कहना है कि डीलर राजेंद्र कुमार दास जिसका लाइसेंस संख्या 5/2001 है जो पिछले 4 माह जून से अगस्त का राशन उन्हें नहीं दिया गया है डीलर एक बोरा अनाज लेकर उनके घरों तक आता है और मापतौल में इसका इस्तेमाल कर अंगूठा लेकर चला जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि डीलर के खिलाफ हमलोगों ने जिले की उपायुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि को आवेदन दिया हूं परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। वही इस मामले पर पत्रकारों के समक्ष डीलर ने कहा कि सरकार द्वारा राशन में कटौती कर दी गई है जिसके कारण राशन देने में असमर्थ हूं। काबलासी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने कहा कि यह सच है कि पांच सौ से अधिक राशन कार्डधारी को डीलर राजेंद्र कुमार दास के द्वारा लाभुको को चार महिने से राशन नहीं दिया गया है। उन्होंने जिला उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है साथ ही उन्होंने कहा कि डीलर द्वारा गलत किया जा रहा है इस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इस बारे में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उग्रनाम बड़ाईक ने कहा कि दारू प्रखंड के सभी डीलरों को आवंटन के अनुसार अनाज दिया गया है लरतांगो के डीलर राजेंद्र कुमार दास के खिलाफ शिकायत मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन नौ को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक शनिवार को भुरकुंडा पंचायत में हुई। बैठक में 9 सितंबर को होने वाले संकल्प यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा और बड़कागांव विधानसभा स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन व जनसभा भुरकुंडा मंडल के बुध बाजार में नौ सितंबर को 3 बजे होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा मुख्यरूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में बड़कागांव विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी सह हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, भुरकुंडा मंडल के प्रभारी सह युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभितेश सिंह, जिला के मंत्री संजीव कुमार बावला उपस्थित थे। ओबीसी मोर्चा के प्रभारी योगेश दांगी, देवेन्द्र सिंह, जुगल नायक, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, ज्योति सिंह, अजय पासवान, राजेश गुप्ता, संतन सिंह, जनार्दन सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रेस क्लब बरही के सदस्यों ने प्रखंड परिसर में कार्यालय की मांग की



**बरही।** प्रेस क्लब हजारीबाग प्रखंड इकाई बरही के सदस्यो ने प्रखंड परिसर में पत्रकारों के बैठने व मीटिंग करने को लेकर अपना एक कार्यालय भवन की मांग को लेकर बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार को लिखित ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार को अवगत करवाया कि प्रेस क्लब हजारीबाग प्रखंड इकाई बरही का चुनाव बीते 20 अगस्त को वैधानिक रूप से सम्पन्न हुआ है। इसके बाद नई कार्यकारिणी सदस्य कार्य कर रही है। पत्रकार हित में कार्य करने के लिए एक कार्यालय की आवश्यकता है। प्रेस क्लब हजारीबाग का कार्यालय के लिए जिला प्रशासन की ओर से सरकारी भवन उपलब्ध कराया गया गया है, प्रेस क्लब बरही भी जिला की प्रखंड इकाई है। कार्यालय नही रहने के कारण पत्रकारों को सामूहिक रूप से बैठने और कार्यालय से जुड़े कार्यों के निष्पादन करने में कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष अनुज यादव ने बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार से अपील किया कि पत्रकार हित में कार्यालय के लिए प्रखंड परिसर में एक कमरा उपलब्ध कराया जाए। मौके पर केंद्रीय सदस्य आनंद प्रसाद प्रदान, अध्यक्ष अनुज यादव, सचिव अनुज सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश रोशन, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, सुजीत प्रधान, अब्दुल मनान वारसी रितेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# युवा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

## कई स्कूलों के छात्रों ने रंगारंग देशभक्ति गीत और नृत्य किया



रामगढ़। हुहुहा स्थित महर्षि परमहंस बीएड कॉलेज में हुए जिलास्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए। बीएड कॉलेज में युवाओं पर केंद्रित रंगारंग कार्यक्रम में पहुंचे सांसद का कॉलेज की छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। सांसद और उनके साथ आए भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,महामंत्री रंजन फौजी का छात्राओं ने अगवानी करते हुए सभा कक्ष तक ले गए । जहां जिले भर से आए विभिन्न स्कूलों के प्रतियोगी छात्र छात्राओं ने रंगारंग देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों के नृत्य संगीत से प्रभावित होकर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित बच्चों से अमृतकाल का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास का जो सपना देखा है वो आप जैसे युवाओं को अलग रख कर नही बल्कि आप जैसे युवा छात्रों की प्रतिभा को इस अमृत काल में उभारकर ही संभव है। प्रतिभागियों को उत्साह जागते हुए सांसद ने उनसे पंच प्रण के रूप में विकसित भारत निर्माण,भारतीय धरोहर और विरासतों को बढ़ावा देने,एकजुट होकर एकता और अखंडता बरकरार रखने और देश और समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाने का वचन लिया । जिसका सभी ने समर्थन किया। कार्यक्रम के अंत में सांसद जयंत सिन्हा ने प्रतिभागियों को परितोषिक देकर उनका हौसला बढ़ाया।

### संकल्प यात्रा को लेकर जयंत सिन्हा ने की बैठक

रामगढ़। ब्रह्मऋषि धर्मशाला में नगर अध्यक्ष शिवकुमार महतो की अध्यक्षता में शनिवार को भाजपा कैंट मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक के सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की प्रदेश भर में चल रहे संकल्प यात्रा की तैयारी के निमित इस बैठक में कैंट मंडल के अध्यक्ष ने इसकी सफलता को लेकर कुछ सुझाव दिया। जिसको सांसद ने स्वीकार करते हुए कार्यक्रम की सफलता में जुट जाने का आह्वान किया। जिसपर कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो ने उपस्थित दर्जनों पदाधिकारियों के साथ जयघोष के साथ सहमति जताई। अनूठे कार्यों से कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय हो चुके कैंटमंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो ने बूथ नंबर 50 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी को भाजपा का प्रदेश विस्तारक नामित होने की खुशी में 50 ग्राम का चैन सांसद के साथ संयुक्त रूप से देकर सम्मानित करते हुए कहा कि ये हमारे मंडल के साथ पूरे जिले के लिए गर्व की बात है की हमारे बीच रहकर युवा मोर्चा से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाला सत्यजीत चौधरी आज जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व के साथ अपने बूथ अध्यक्ष का दायित्व भी बखूबी निभा रहें है । इसे पहचानते हुए भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने विस्तारक नामित किया है। इस बात पर सांसद ने भी सत्यजीत चौधरी को उनके कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।

## एक नजर में

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत गुड़ियों चौक पर 100 से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आम ग्रामीण मौजूद रहे। इस बाबत विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी एवं शिक्षा पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। साथ ही बच्चों को पढ़ने में परेशानियों का सामना करना नही पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि मो वारिश अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव, प्रभु यादव, प्रकाश यादव, रमजान अंसारी, संजय राम, गोविंद राम, गंगाधर पंडित, शहंसा, रामानंद यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रतियोगिता



बरही। बरही में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कई प्रतियोगिता हुआ। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों ने बाँसुरी, झूला, राधा-कृष्ण मूर्ति निर्माण व मटकी सजाकर और हाथों पर मेहंदी लगाकर कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बांसुरी प्रतियोगिता में प्रथम भैया अनुपम उरांव कक्षा षष्ठ व, झूला बनाने की प्रतियोगिता में भैया राजेश, युवराज और अमित दशम अ प्रथम स्थान, भैया नवीन कुमार नवम अ द्वितीय स्थान, कृष्ण राधा मूर्ति कला प्रतियोगिता सिमरन षष्ठ ब प्रथम स्थान, सिल्क कुमारी सप्तम ब द्वितीय स्थान, खुशी कुमारी तृतीय स्थान, मेहंदी प्रतियोगिता प्रथम स्थान खुशबू और दिया दशम ब, आराधना और सोनम दशम ब द्वितीय स्थान, रोशनी और निर्जला दशम ब तृतीय स्थान, मटकी सजाओ प्रतियोगिता प्रथम स्थान निशू कुमारी और लक्ष्मी कुमारी नवम ब, द्वितीय स्थान मुस्कान और सोनम नवम ब, तृतीय स्थान भूमि और सोनी अष्टम ब और 3डी कार्ड बनाने की प्रतियोगिता में भैया बंटी मंडल नवम ब प्रथम स्थान, ऋतुराज नवम ब द्वितीय स्थान, लवनीश तृतीय स्थान नवम ब ने प्राप्त किया। नर्णायक की भूमिका पुष्पलता, विनीता, ऋचा, राखी जी और सुनीता कुमारी ने किया।

### स्ट्रीट लाइट ठीक करे प्रशासन : किशुन यादव

**बरही।** हजारीबाग समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने शामिल होकर बरही चौक से बरही अनुमंडल तक खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को बनवाने की बात कही। जिसपर जिला प्रशासन का सकारात्मक प्रतिक्रिया मिला और समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस बाबत किशुन यादव ने बताया की आरडीएसएस योजना के तहत अगले पांच वर्ष में विद्युत के क्षेत्र में आधुनिकीकरण सहित उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त विद्युत सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### कटकमसांडी में पीडीएस गोदाम का उद्घाटन



**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय में पीडीएस गोदाम का उद्घाटन कटकमसांडी प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, उप प्रमुख ममता देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पंचायत मुखिया श्रुति पांडे, ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख संगीता देवी और उप प्रमुख ममता देवी ने बताया कि कटकमसाडी प्रखंड मुख्यालय में पीडीएस गोदाम हो जाने से अब पीडीएस गोदाम में दलाली नहीं चलेगा, और पीडीएस दुकानदारों को समय पर अनाज उठाव करने में मदद मिलेगा। विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा कि मुख्यालय में पीडीएस गोदाम हो जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और जिले के बाजार समिति में दलाली और घुसखोरी होता था अब प्रखंड मुख्यालय में इन सभी पर लगाम लगाई जाएगी। मौके पर कटकमसाडी प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी शौकत सरवर ,कैलाश यादव,खिरोधर यादव, कुमारी बखला, प्रकाश दास,मो अकरम, दर्जनों की संख्या में पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

### हजारीबाग में 30 खिलाड़ियों का हुआ चयन

हजारीबाग। झारखंड राज्य फुटबॉल संघ के द्वारा आयोजित अंतर जिला फुटबॉल मैच जो 10 सितंबर से गढ़वा में होने वाला है। इसके लिए हजारीबाग जिला फुटबॉल टीम गठन के लिए हजारीबाग में लीग मैच खेले गए और 2 सितंबर को कर्जन ग्राउंड में उपस्थित खिलाड़ियों के बीच से 40 खिलाड़ियों का चयन किया गया । रविवार को इसमें से 30 खिलाड़ियों का चयन कर प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इस बार टीम को प्रशिक्षण कोच जसीम खान देंगे । अंत में 20 खिलाड़ियों का चयन कर जिला टीम का गठन किया जाएगा । इस मौके पर हजारीबाग एथलेटिक संघ के अध्यक्ष किशोरी राणा, कार्यकारी अध्यक्ष नजरुल हसन, सचिव भैया मुरारी, कोषाध्यक्ष अशोक भट्टाचार्य, लाल किशोर प्रसाद, बहादुर राम, अभय पासवान, अबोध राम, ललन बेसरा, सफीउल्लाह खान, गुड्डू, सिकंदर यादव, धनेश्वर गोप उपस्थित थे।

### एदला में 105 साल की महिला का निधन

कटकमसांडी। प्रखंड के अंतर्गत एदला गांव में रहने वाली 105 साल की बुजुर्ग महिला जिसका नाम चंद्रिका मोसमात है जो शनिवार को रात में निधन हो गया। वह अपनी पूरी भरा पुरा परिवार को छोड़ कर चली गई।निधन के बाद अंतिम शव यात्रा में गाजे बाजे के साथ किया गया ।उनकी अंतिम यात्रा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। उनकी अंतिम यात्रा में आसपास गांवों के हजारों लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा देखने के लिए बड़ी संख्या में गांव के लोग जमा हुए।

### लार्ड कृष्णा स्कूल में क्विज प्रतियोगिता

**दारू।** अमृतनगर स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल में शनिवार को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग के द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण हजारीबाग के क्रियान्वयन हेतु प्रोग्राम के लिए विद्यालय सभागार में बच्चों को प्रेरित किया गया एवं उन्हें पुरस्कृत किया गया। बच्चे तंबाकू नियंत्रण के लिए क्विज प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमें वर्ग दशम का विद्यार्थी हीरालाल कुमार प्रथम दिव्यांशु कुमार एवं अभिनव दोनों विद्यार्थी द्वितीय पुरस्कार एवं आयुष कुमार तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। इस कार्यक्रम में बच्चों को तंबाकू नियंत्रण के अलावा उससे बचने का उपाय भी बताया गया। इस कार्य को संपन्न करने के लिए विभाग द्वारा मोहम्मद इरफान एवं रेहान जामी ने बच्चों को तंबाकू नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी दिए। प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार देव को बच्चों को पुरस्कार दिया।

### टाटीझरिया में पीडीएस गोदाम का उद्घाटन

टाटीझरिया। प्रखंड कार्यालय कैंपस मे पीडीएस गोदाम का उद्घाटन हजारीबाग डीएसओ अरबिन्द कुमार , प्रमुख संतोष मंडल ,बिडिओ शईनी तिग्गा ,जिप सदस्य रामप्रसाद, उप प्रमुख रबि बर्णवाल बीस सूत्रों अध्यक्ष रबि सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संतोष मंडल ने कहा कि प्रखण्ड मे गोदाम खुलने से सभी डीलरो को सुबिधा होगा। बिडिओ ने बताया कि यहां गोदाम बनने से कितना आवंटन आएगा उसका लेखा जोखा यहां हमे तुरन्त जानकारी मिल जाएगा। वही एम ओ आलोक कुमार ने बताया कि सभी डीलर को समय पर राशन मिल जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता 9 सितंबर को

**लोहरदगा।** योगी सेना के बैनर तले प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योगी सेना के अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने बताया कि शहर के गुदरी बाजार स्थित शोक विनायक संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप 9 सितंबर को संध्या 7 बजे से मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी। जहां मटकी फोड़ प्रतियोगिता के अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

### लोहरदगा में बाबूलाल मरांडी की जन संकल्प यात्रा आज, सभी तैयारी पूरी



**लोहरदगा।** जिला भाजपा द्वारा रविवार को आयोजित जन संकल्प यात्रा सभा में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह वर्तमान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे। इसे लेकर भाजपा कार्यकता तैयारी को अंतिम रूप दे रहे हैं। बाबूलाल मरांडी रविवार को दिन के 12:30 बजे लोहरदगा पहुंचेंगे। फिर शंख नदी स्थित भगवान बिरसा मुंडा का माल्यार्पण करेंगे ततपश्चात 2500 मोटरसाइकलों के साथ भाजपा कार्यकर्ता शंख नदी के पास से रैली द्वारा समाहरणालय मैदान तक बाबूलाल मरांडी का काफिला का स्काउट करेंगे। फिर समाहरणालय मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बसिया।** बसिया थानांतर्गत देवी गुड़ी चौक के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक (19) वर्षीय युवक निखिल बरवा की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार निखिल बरवा एवम बड़कीटोली नाथपुर निवासी आर्यन किंडो एक बाइक से केमताटोली से कोनबीर आये थे और शुक्रवार शाम को लौटने के क्रम में देवी गुड़ी चौक के समीप पानी टंकी के पास खड़े ट्रक को पीछे से धक्का मार दिया जिससे निखिल बरवा की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि आर्यन किंडो घायल हो गया। घायल का इलाज रेफरल अस्पताल बसिया में चल रहा है।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या



**घाघरा।** प्रखंड के घोड़ाटांगर में सोहना उरांव ने पंखा टांगने वाली कुंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी शनिवार को दिन के 9:30 बजे परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। परिजनों ने बताया कि सोहना की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से खराब थी। वह घर से दो दिनों से लापता भी था।

### असहाय वृद्धा सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के फसिया पंचायत अंतर्गत विंध्याचल नगर के वृद्ध महिला बसंती देवी (71) को फसिया पंचायत के मुखिया ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है। बताया जाता है कि महिला टाटा की रहने वाली है। पति के मौत के बाद अपने बहन की बेटी के घर बडाईक मुहल्ला गुमला में रहने लगी। वहीं कुछ दिन रहने के बाद विंध्याचल नगर में आधा डिसमिल जमीन लेकर अपना घर बनाकर कुछ छोटी-मोटी काम कर अपना जीविकोपार्जन कर रही थी।

### तीखी धूप से खेतों में पड़ने लगी दरार



**भंडरा।** प्रखंड मे हजारों हेक्टेयर खरीफ फसलों पर सूखे का साया मंडराने लगा है। अगस्त के दौरान एकाध दिनों हुई बूंदाबांदी के उपरांत बारिश की झमाझम खेतों की फसलों को नसीब नहीं हुआ है। जहां पानी की नमी के कारण खेतों में लगी खरीफ की फसलें अब पीली पड़ने लगी है। खासकर धान का खेत मानों पीले रंग के फसल में नजर आने लगा है। जबकि धान की खेतों में दरार पड़ने लगा है। पीले धान और खेतों के दरार हो देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच आई है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में लाइव टेलीकास्ट

**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के महत्वपूर्ण आदित्य एल1 सोलर मिशन लॉन्च का सीधा प्रसारण देखने के लिए एक लाइव टेलीकास्ट कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया था और इस अभूतपूर्व घटना को देखने के लिए छात्रों, संकाय सदस्यों और अंतरिक्ष उत्साही लोगों का भीड़ उमड़ी थी। इसरो ने शनिवार को श्रीहरिकोटा से भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में लाइव टेलीकास्ट ने छात्रों, शिक्षक सदस्यों और स्थानीय समुदाय को आदित्य एल1 के पीछे के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़ने का एक अनूठा मौका दिया। जिसका उद्देश्य कॉलेज के युवाओं के बीच वैज्ञानिक जांच और अंतरिक्ष अन्वेषण की भावना को बढ़ावा देना था।

### व्यवहार परिवर्तन को लेकर कार्यक्रम




**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में 1-15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन के लिए स्वच्छता जागरूकता दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के एनसीसी कैडेट एवं इको क्लब तथा हेल्थ एवं हाइजीन क्लब के विद्यार्थियों ने विद्यालय तथा विद्यालय के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी कैडेट्स ने नीमटोली में प्लाग रन किया।

### जिले में नहीं हो रहा कानून का पालन

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम के सदस्यों उपायुक्त को ज्ञापन सॉफ्टवेयर जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के उल्लंघन का मामला उठाया है। महिला जिला सचिव सैयदा खातुन, नगर अध्यक्ष जयोति वर्मा के नेतृत्व में डीसी को मांग पत्र सौंपा गया। मिशन बदलाव सदस्यों ने कहा कि गुमला के सभी निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन हो रहा है।

# विधायक व उपायुक्त ने किया कामडारा में प्रखंड स्तरीय स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का उद्घाटन

- जिले के सभी पुस्तकालयों की विवरणी प्राप्त करने हेतु आधिकारिक वेबसाइट का हुआ लॉन्च
- वेबसाइट के माध्यम से पुस्तकालयों एवं उपलब्ध पुस्तकों से संबंधित सभी जानकारी को कर सकते हैं प्राप्त
- सुदूरवर्ती इलाकों में हाईटेक पुस्तकालय होना गर्व की बात : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




पुस्तकालय का उद्घाटन करते विधायक व डीसी और पुस्तकालय उद्घाटन के बाद विद्यार्थियों से बातचीत करते विधायक व डीसी।

**गुमला।** कामडारा प्रखंड में शनिवार को प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का विधायक जिग्गा सुसारन होरो वह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। अब तक जिले भर में पुस्तकालय उद्घाटन के क्रम में कामडारा में 10 वां प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय है। कमाडारा स्थिति पुस्तकालय का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखा गया।

मौके पर जिला के सभी पुस्तकालयों की जानकारी एवं पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी देने हेतु जिला स्तरीय एक आधिकारिक वेबसाईट का शुभारंभ विधायक के हाथों किया गया। इस वेबसाइट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति जिले भर में संचालित पुस्तकालयों की जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही पुस्तकालयों में उपलब्ध किताबों की सूची की भी जानकारी वहां से प्राप्त कर सकता है। कामडारा सहित जिले के हर एक पुस्तकालयों में सभी प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित पुस्तकों को उपलब्ध कराया गया है। वहीं पुस्तकालय में हाई टेक व्यवस्था के साथ साथ कंप्यूटर की भी सुविधा दी गयी है।

सभी पुस्तकालय प्रातः 6 बजे से संध्या 6 बजे तक खुली रहेगी। एक विद्यार्थी चाहे तो पूरे 12 घंटे पुस्तकालय में बैठक कर अध्ययन कर सकता है। मौके पर विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि यह गर्व की बात है कि ऐसे सुदूरवर्ती इलाके में भी इतने हाईटेक सुविधाओं से लैस पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। जिसमें अभ्यार्थी बिना किसी संकोच में आकर अपनी पढ़ाई एक शांत वातावरण में कर सकते है।

उन्होंने जिले में चल रहे पुस्तकालय क्रांति के बेहतर क्रियान्वयन पर जिला प्रशासन की टीम की सराहना की। साथ ही उन्होंने अपने विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बने सभी प्रखंड स्तरीय पुस्तकालयों में विधायक मद से 10 केवी की सोलर बैटरी देने की घोषणा कि ताकि पुस्तकालयों में 24 घंटे बिजली की सुविधा मिल सके इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को भी आवश्यक सलाह दिया।

उपायुक्त ने सभी अभ्यार्थियों से उक्त पुस्तकालय का अधिक से अधिक सदुपयोग करने की अपील की एवं अभ्यर्थियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में अपना नाम करने की बात कही। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय निर्माण के पीछे के उद्देश्य से भी सभी को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का उद्घाटन कर इसे प्रखंड वासियों को सुपुर्द कर दिया गया है। पुस्तकालय का संचालन करने की जिम्मेवारी अब प्रखंड के बुद्धिजीवियों के हाथों है।

इसे अपना समझकर इसके संचालन में सहयोग करें। इससे पूर्व माननीय विधायक एवं उपायुक्त सहित सभी पदाधिकारियों ने पूरे पुस्तकालय का दौरा किया एवं वहां उपस्थित सभी विद्यार्थियों से भी मुलाकात की। इस क्रम में विधायक ने अभ्यर्थियों को मन लगाकर पढ़ने एवं अपने जीवन में बेहतर करने की सलाह दी एवं नव निर्मित पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा। इस दौरान कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, बीडीओ सह सीओ कामडारा, पंचायत स्तरीय सभी मुखिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी एवं सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने किया कामडारा स्थिति विद्यालयों का निरीक्षण

# बच्चों से उनके शैक्षणिक स्तरों की उपायुक्त ने ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बच्चों से निरीक्षण के दौरान बातचीत करते उपायुक्त।

**खास बातें :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय एवं हॉस्टल के कमरों का भी दौरा किया। उपायुक्त ने विद्यालय के छोटे बड़े जरूरतों को विद्यालय फंड से पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं विद्यालय के कुछ कमरों में पंखे न लगे होने पर उपायुक्त ने बीइओ पर नाराजगी जतायी।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कामडारा प्रखंड के दौरे के क्रम में राजकीय बुनियादी विद्यालय एवं कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त ने दोनो ही विद्यालय के शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय भवन, बच्चों के शैक्षणिक स्तर आदि का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिये। राजकीय बुनियादी विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पिरामल फाउंडेशन के द्वारा फाउंडेशन लर्निंग के तहत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली एवं पिरामल फाउंडेशन को योजनावार तरीके से कार्य करते हुए बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने का निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के कई बच्चों से देर तक बात चीत की उनके शैक्षणिक स्तरों को टटोला। उक्त विद्यालय में पिछले कई सालों से बिजली कनेक्शन नहीं होने की जानकारी विद्यालय के प्रिंसिपल ने दी। जिसपर उपायुक्त ने विद्युत विभाग के रवैये से नाराजगी भी व्यक्त की तथा फौरन विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को अपने कार्यालय में बुलाने का निर्देश दिये।

# शहरी क्षेत्र से बड़ी मात्रा में गांजा समेत नशीले पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**




गिरफ्तार व्यक्ति और घर की तलाशी लेते डीएसपी और सीओ।

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र में शनिवार की शाम नशे के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। एसडीओ अरविंद कुमार लाल के नेतृत्व में ब्राउन शुगर, गांजा, कोरेक्स सिरप सहित कई नशीले पदार्थ बड़ी मात्रा में बरामद किए गए हैं। हालांकि बरामद किए गए नशीले पदार्थ की मात्रा कितनी है इसकी जानकारी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने यह कहते हुए नहीं दी की गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी पर एक जगह पर और छापामारी चल रही है।

नशे के कारोबार की जड़ तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है उसके बाद ही कुछ कहा जाएगा। जानकारी अनुसार सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, सदर सीओ सनी कुमार दास, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव और मेडिकल ऑफिसर डॉ अशोक ओड़ेया के नेतृत्व में लोहरदगा ब्लॉक कॉलोनी के निकट अशोक नगर कुटमू में गुड्डू वर्मा नामक शख्स के रिहायशी मकान में छापेमारी की गई। शनिवार शाम करीब तीन घंटे तक प्रशासनिक टीम ने गुड्डू वर्मा के घर का चप्पा चप्पा खंगाला। कुएं में झागर डालकर पड़ताल की गई कि कहीं कुछ नशीले पदार्थ ठिकाने लगाने के लिए कुएं में तो नहीं डाल दिए गए। हालांकि वहां कुछ नहीं मिला। जितने नशीले पदार्थ मिले उन्हें दो बड़े बंडलों में बांधकर पुलिस जीप में लादकर ले गई। नशीले पदार्थ की बिक्री से प्राप्त नकद भी जब्त किया गया है। यह रकम कितनी है इस पर स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। नशे के कारोबारी गुड्डू वर्मा सहित उसके पूरे परिवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### साइकिल के चक्के में पैर घुसने से किशोर घायल

**गुमला।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के केदली पाकरटोली निवासी सीताराम साहू का पुत्र करण साहू अपने छोटे भाई रामचरण साहू (12) को साइकिल पर बैठकर खेत में छिड़कने हेतु युरिया खाद लेने के लिए गांव के ही दुकान में जा रहा था। उसी दौरान साइकिल पर पीछे बैठा रामचरण साहू का पैर साइकिल के पहिए में घुस गया। जिसे उसके पैर बुरी तरह छिल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत उसको सिसई उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष नासिर अंसारी के अध्यक्षता में नोवेल्टी होटल में हुई। बैठक में बाबूलाल मरांडी के आगमन के सिलसिले में चर्चा हुई। बैठक में अजय पंकज सामिल थे। मौके पर उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी का जन सभा को सफल बनाने को लेकर अल्पशंख्यक समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में जन सभा में शामिल हो। अजय पंकज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल मे राष्ट्र हित,जनहित के किए कार्यो को जनता के बीच जाकर जानकारी देने की बात कही। बैठक में अख्तर अंसारी, एमडी जान अंसारी, जहांगीर आलम, गुड्डू अंसारी, एमडी असलाम अंसारी आदि मौजूद थे।

### चेंबर आज करेगा पौधरोपण

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा 03 सितंबर को वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम दिन की 1:00 बजे पालकोट रोड स्थित डुमरडीह में किया जायेगा। जिसमें चेंबर के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य व सभी पूर्व अध्यक्षों से भाग लेने की अपील की गयी।

### डीएमएफटी फंड से घटिया पथ निर्माण कर हुए घपले की जांच के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति गुमला इकाई ने जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट फंड से निर्मित पीसीसी पथ निर्माण कार्य में अनियमितता बरतते हुए एवं विकास की राशि की लूट करने वाले इंजीनियर व दोषी अधिकारियों पर जांचोपरांत कार्रवाई को मांग-पत्र सौंपा है। पार्टी ने कहा है कि जिला परिषद गुमला से निर्मित कोटाम, शिवराजपुर, भुवाल टोली तक पीसीसी पथ, चैनपुर प्रखंड के बासटोली से मेन रोड तक पीसीसी पथ, बिशनपुर प्रखंड के मूंदार से आरसी प्राथमिक विद्यालय तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य प्राक्कलन को ताक पर रख घटिया बनाने की जांच की मांग की है। वहीं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गुमला से निर्मित डुमरी प्रखंड के ग्राम बेलगांव पंचायत खेतली में जेंडर मिंज के घर से लेकर आंगनबाड़ी केंद्र होते भूखन साय के घर तक पीसीसी पथ, रायडीह प्रखंड के काशीर पंचायत अंतर्गत कोयनारा गांव मुख्य पथ से नीलम एक्का के घर तक पीसीसी पथ व कामडारा प्रखंड के रेडवा पंचायत में कामाटोली से बड़ाटोली तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की भी मांग की है।

## पुलिस केंद्र गुमला में एसपी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी संपन्न

- लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने का एसपी ने दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस केंद्र गुमला में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का सभी थाना प्रभारी को एसपी ने निर्देश दिया। साथ ही अवैध उत्खनन, बालू तस्करी, पशु तस्करी आदि पर चर्चा करते हुए एसपी ने कड़ाई से इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया। गोष्ठी में नशा पान, डायन बिसाही, ओझा गुणी, महिला उत्पीड़न, नशीले मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। साथी लोगों को जागरूक करने हेतु समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। हत्या बलात्कार हुआ आप प्राकृतिक मृत्यु मामले में टीवी कांड का निष्पादन करने का एसपी ने निर्देश दिया।

## पेड़ से लटका मिला नाबालिग लड़का का शव, मातम, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत मुरपा ग्राम के समीप पतरा में नाबालिक लड़का पेड़ के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मुरपा बड़का टोली निवासी केश्वर उरांव का 15 वर्षीय पुत्र सुबोध उरांव ने पेड़ में फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया।

वहीं घर वालों ने बताया कि रात में खाना खाकर बिना बताये लगभग 11 बजे सुबोध घर से निकला था। परन्तु जब काफी देर तक घर नही आया तो परिजनों ने काफी खोजबीन किया परंतु लड़का का कहीं पता नही चला। वहीं सुबह में ग्रामीणों ने घर के नजदीक माटी टोगरी पतरा में पेड़ से झूलते हुए शव को देख इसकी सूचना घर वालों को दिया। तब घर वालों ने जाकर और रस्सी को काट कर शव को उतार कर जन प्रतिनिधियों को सूचना दिया। वही घटना की सूचना पर शोक प्रकट करते हुए जनप्रतिनिधियों ने सेन्हा थाना को घटना की जानकारी दी।

## खिलाड़ियों के इरादों में जीत की गूंज चाहिए : सुखदेव भगत

- तोड़ार की टीम कंडरा को एक गोल से पराजित कर बनी विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** इंडियन टाइगर झखरा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस के सुखदेव भगत ने कहा की इरादों में जीत की गूंज चाहिए आसमां भी जमीं पे आयेगी।

सुखदेव भगत ने कहा की अनुशासन और निष्ठा के साथ खेल को खेले। खेल में रोजगार के काफी अवसर है। हमारी सरकार ने खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ी गणों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजना लायी है। पंचायत में जमीन उपलब्ध हो तो मिनी स्टेडियम निर्माण कराया जायेगा।

### स्कूटी सवार ने बाइक चालक को मारी टक्कर, हुआ घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के मुरकुंडा निवासी आरम प्रजापति (22) को एक स्कूटी चालक ने डुमरडीह के समीप टक्कर मार फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह मुरकूंडा से काम में गुमला जा रहा था। उसी दरम्यान डुमरडीह के समीप एक स्कूटी सवार युवक ने मुझे टक्कर मार दिया। जिससे मैं अनियंत्रित होकर गिर गया। वहीं घटना में युवक को हाथ और कमर में चोट लगी है। जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने अपने स्कॉर्पियो से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

## गुमला समेत राज्य को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए धरना छह को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के गुमला जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए गुमला सहित झारखंड को अविलंब सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए जिला मुख्यालय गुमला में 6 सितंबर 2023 को धरना कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही है। उन्होंने यह भी कहा है कि अल्पवृष्टि के कारण पानी मशीन चलाकर धान की रोपनी तो कुछ जमीन पर किसानों ने किया है लेकिन, पानी के अभाव में धान खेत में ही सूख रहे हैं। यह किसानों के लिए बहुत ही दुख भरा समय है । जिले में सिंचाई का साधन बनाने के नाम पर एक तरफ जहां लूट मची हुई है वहीं दूसरी ओर सरकार व प्रशासन का भी किसानों के खेत में सिंचाई का साधन बने इस पर ध्यान नहीं है जिसे अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी। धरना के बाद हजारों किसान गोलबंद होंगे।

# डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार होती है तेज: प्रवीण सिंह

- भाजपा घाघरा और आदर मंडल की संयुक्त बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल लोग।

- हमारा देश पूरे विश्व में परचम लहरा रहा है और इनका श्रेय पार्टी व यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है? । हम सभी का कर्तव्य है कि उनके हाथों को मजबूत करें साथ ही उन्होंने कहा आने वाले 2024 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा में भी भाजपा का परचम लहरेगा और झारखंड में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार होगी। डबल इंजन की सरकार में विकास की गति का रफ्तार काफी तेज होगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी, श्याम किशोर पाठक, आसीस सोनी, गोपाल गोप, पप्पू गुप्ता, अशोक उरांव, भिखारी भगत, तिम्बू उरांव, रामनंदन साहू, बिपिन बिहारी सिंह, अरुंजय सिंह, अमित ठाकुर, विजय कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के छठ मुहल्ला स्थित अर्ध निर्मित सूर्य मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी मंडल घाघरा व आदर की संयुक्त बैठक शनिवार को पूर्व एमएलसी सह भाजपा नेता प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 19 सितंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के दौरान घाघरा आना तय हुआ है।

जिसके निमित्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं कई जिम्मेवारी पदाधिकारी को सौंपी गई। इस क्रम में प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में कार्यक्रम कराया जाएगा। इस दौरान गांव-गांव में कार्यकताओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही ताकि कार्यक्रम सफल बन सके। साथ ही कार्यकर्ताओं को यह भी निर्देश दिया गया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में बहुमत दिला कर मजबूत करना है। हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है।

# मतदाता जागरूकता को लेकर 6 से 30 सितंबर के बीच होंगी कई गतिविधियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते बीडीओ।

**भंडरा।** प्रखंड निर्वाचन अधिकारी सह बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय के सभाभवन मे सभी बीएलओ संग बैठक की । बैठक मे बीडीओ ने बताया की आगामी लोक सभा व विधानसभा निर्वाचन मे मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से कैलेण्डर तैयार कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किया जा रहा तथा निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

माह सितंबर में 06 से 30 के बीच मतदाता जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त नवीन मतदाता फार्म 6 भरने वालों को एकत्रित कर सम्मान कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। बीडीओ ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रो के समस्त प्रमुख स्थानों, चौक चौराहा पर नारा लेखन व वॉल पेंटींग कर मतदाताओं को जागरूक करें। बीडीओ ने कहा की प्रत्येक संकुल स्तर पर शिक्षक, शिक्षिकायें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका व मध्यान भोजन के स्व सहायता समूह एवं प्रत्येक समिति के सदस्यों को बीएलओ स्वीप सखी, नवीन मतदाता, दिव्यांगजन, नव वधु सम्मान, नवीन महिला मतदाताओं का सम्मान सहित अन्य कार्यक्रम किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### केजीएन आयुर्वेदा स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र चिकित्सालय का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सिमरिया थाना के समीप शनिवार को केजीएन आयुर्वेदा स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र चिकित्सालय का उद्घाटन किया गया। यह उदघाटन मुख्य अतिथि सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने विधिवत फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में शहादत अंसारी, नेशनल प्रमोटर कीवा काइपो इंडस्टीज सह रांची हाई कोर्ट के अधिवक्ता, डॉ. संजय कुमार सिंह, सुरेन्द्र राम, तुलसी साव, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकश सिंह, प्रमुख रोहन साहु, इंसपेक्टर केपी चौधरी और थाना प्रभारी विवेक कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों को बुके और माला पहनाकर स्वागत किया गया। एसडीपीओ ने बढ़ते स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद को अपनाने की नसीहत दी । उन्होंने कहां कि आयुर्वेद से कोई साइड इफेक्ट होता ही नही है। यह किसी बीमारी मे फायदा नही किया तो नुकसान भी नही करता। एलोपैथिक तत्काल के लिए है परंतु आयुर्वेद बीमारी को जड से समाप्त करता है। अन्य अतिथियो ने भी आयुर्वेद की महता पर प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद प्रतिष्ठान को पुष्पित पलवित होने की कामना की। इस मौके पर प्रतिष्ठान के मालिक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मो इमदाद हुसैन ने कहां कि आयुर्वेद प्राचीन सभ्यता की देन है। हमारे त्रृषि मुनि ने कठिन तपस्या और गहन खोज के बाद इसे इजाद किये थे। आज आधुनिक युग मे भी इनके खोज पर ही हम कठिन से कठिन बीमारी का सफल इलाज आयुर्वेद से करने मे सफल हो रहे है। मो आदम,मो अरबाज, मो. मेराज, रामप्रसाद, तालेश्वर आदि शामिल हुए।

### डीएमएफटी मद से योजना निर्माण में भ्रष्टाचार, कराया जा रहा जांच



**सिमरिया।** प्रखंड के इचाक पंचायत स्थित शीला गांव में एनआरईपी विभाग द्वारा निर्माण किए जा रहे सड़क में घोर अनियमितता बरती जा रही है ।जिससे निर्माण के पहले सुबह हीं सड़क फट गया है ।जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने कहा की फोन के माध्यम से घटिया निर्माण की शिकायत विभाग से की गई लेकिन उसके बाद भी समंधित अधिकारी चुपी साधे हुए हैं। आगे ग्रामीणों ने कहा कि अब इसकी शिकायत उपयुक्त चतरा से की जाएगी। ग्रामीणों में विभाग के चुप्पी को लेकर काफी रोष है। आगे ग्रामीणों ने कहा कि एनआरईपी विभाग से मनोज पासवान के घर से देवी मंडप तक पीसीसी पथ का निर्माण कराना था जिसमे सबसे पहले जीएसबी डालना था उसके बाद पक्की कारण( ढलाई )करना था ।लेकिन संवेदक के द्वारा बिना जीएसबी डाले ढलाई कर दिया जा रहा है ।जिससे ढलाई तुरंत फट गया है। इस तरह के घटिया निर्माण में समंधित अधिकारियों का भी हाथ है। गौरतलब है कि फटे सड़क को निशान मिटाने को लेकर संवेदक के द्वारा सीमेंट का घोल देकर मामले को लीपापोती करने में कोई कसर नही छोड़ा जा रहा है ।मालूम हो कि सबानो गांव में भी रामेश्वर राम के घर से मानत नदी तक डीएमएफट मद से हीं सड़क निर्माण करना था। जिसका स्टिमिट 1/1.5/3 था लेकिन संवेदक द्वारा 4/4/1के मात्रा से देकर ढलाई की गई। यंहा पर भी ढलाई के सुबह हीं सड़क फट गई थी। लेकिन संवेदक के द्वारा सीमेंट का घोल लेपकर मामला रफा दफा किया गया।

### 162 किलोग्राम डोडा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर पुलिस ने शनिवार को ग्राम जोगियारा बस्ती मोड़ के समीप से 162 किलोग्राम डोडा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के पास से 9 बोरी में रखें 162 किलोग्राम डोडा के अलावा एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक अपाची मोटरसाईकिल और एक मोबाइल जब्त किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मेदवाडीह कुन्दा से जोगियारा होकर पाण्डेयपुरा की ओर एक स्विफ्ट डिजायर चार चक्का गाडी न0–ओआर14 डब्लू 0003 से अफीम डोडा की तस्करी अपाची मोटरसाईकिल से स्कोर्ट कर कुछ लोग करने वाले है। इस संबंध अंचल अधिकारी प्रतापपुर जुल्फिकार अंसारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम जोगियारा बस्ती मोड़ के पास से एक व्यक्ति पाचु गंझु उम्र 23 वर्ष पिता बुधन गंझु सा0– कसियाडीह टोला– डंडई थाना जोरी जिला चतरा को अवैध अफीम डोडा 161.9 कि0ग्रा0 के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में प्रतापपुर थाना कांड सं0– 124/23 दि0– 02.09.2023 धारा– 15/25/27/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### बैटरी चोरी मामले में तीन किशोरों को पकड़ा

**डोमचांच (कोडरमा)।** नावाडीह से चोरों द्वारा एक ट्रैक्टर व एक टेंपू से बैटरी चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन किशोरों को पकड़ा है। पकड़े गए सभी किशोर नावाडीह के रहनेवाले है। मामले को लेकर नावाडीह निवासी बसंत कुमार मेहता ने डोमचांच थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि बीती रात उनके घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर व टेंपू से अज्ञात चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। इस संबंध में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि घटना के बाद पुलिस की जांच में मिले सुराग के आधार पर तीनों किशोर को पकड़ा गया है।

## मरकच्चो के जंगलों में कायम है पुष्पाराज

# धड़ल्ले से कट रहे पेड़, खत्म हो रहे है जंगल

खबर मन्त्र संवाददाता





**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों, कस्बो, जंगलों के पेड़ो में कायम है पुष्पाराज, धड़ल्ले से कट रहे है पेड़, खत्म हो रहे है जंगल, इन दिनों मरकच्चो थाना क्षेत्र के जंगलों व पेड़ो में पुष्पराज का साम्राज्य दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जो हर बार वन विभाग के कर्मी यही बोल रहे है पुष्पराज रुकेगा नहीं यहां एक दो नही कई पुष्पा है, जो जंगलों को काटते हुवे कह रहे है पुष्पाराज रुकेगा नही, वन विभाग के प्रयासों को ठेंगा दिखाते हुवे लगातार तस्कर हावी हो रहे है और धड़ल्ले से पेड़ो को काटकर इसकी तस्करी कर रहे है। हाल में आई लकड़ी तस्करी से जुड़ी फिल्म पुष्पाराज, फिल्म देख आपने खूब तालियां बजाई होगी, लेकिन आज हम आपको फिल्म के नही रियल लाइफ पुष्पाराज के बारे में बताएंगे। वन विभाग हरेक जंगल क्षेत्र में वन रक्षा समिति का गठन की है। वनरक्षा के लिए वनपाल भी विभाग के पास है तो फिर लकड़ी कटने का सूचना वन विभाग को पहले क्यों नही मिलती है। खैर इन सवालों के पर्दे के पीछे की कहानियां है जो दाल में कुछ काली चीजो की तरफ इशारा कर रही है। मरकच्चो थाना क्षेत्र के वन मंडल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत बेहरवा जंगल, नादकरी, हरलाडीह में पेड़ो को तस्कर बेखौफ हो कर दिन दहाड़े पेड़ काट रहे हैं और विभाग को शायद इसकी भनक तक नहीं है या फिर यूँ कहें सब कुछ जानते हुए विभाग चुप्पी साधी हुई है, नतीजतन तस्करों के हौसले इतने बुलंद है की दिन के उजाले में भी पेड़ो की कटाई कर परिवहन करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। खास बात तो यह है कि यह पूरा खेल क्षेत्र के वन कर्मियों के इशारे पर धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों की माने तो थाना क्षेत्र के गांव, कस्बो व जंगलो में हरे भरे पेड़ों की कटाई इन दिनों तेजी से चल रही है। कहीं-कहीं तो वन विभाग के लोग सुविधा शुल्क लेने के लिए जिस स्थान पर पेड़ काटा जा रहा है वहां पहुंच जाते हैं। फिर क्या वन माफियाओं के आदमी उनकी सेवा कर देते हैं और वह भी चुप्पी साधे वाहनों में सवार होकर निकल पड़ते हैं। अवैध कमायी के चक्कर में वन विभाग के अधिकारी इन व्यापारियों को खुली छूट दे रखे हैं। वहीं हरा पेड़ कटता देख ग्रामीण अपने स्तर पर इसकी शिकायत विभाग से करते रहते हैं, लेकिन सुनवाई एक नहीं होती हैं। हरा पेड़ कटता देख ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है, लेकिन विडंबना है वन विभाग का लकड़ी तस्करों पर इस तरह का नजरें साफ तौर पर कहीं न कहीं तस्कर और विभाग की मिली-भगत को साबित करता है। पेड़ों को काट वन माफिया की अपनी जेब गर्म की जा रही है। जिसे रोकने के बजाय सभी जिम्मेदार मुखदर्शक बने हुए है। वन विभाग का पुष्पाराज खत्म करने के दावे कितने सार्थक होंगे यह तो आने वाला समय बताएगा।

### युवा व्यवसायी बिट्टू की करंट लगने से मौत

**गढ़वा।** शहर के टंडवा निवासी युवा व्यवसाई झामुमो बिट्टू मालाकार की शुक्रवार की रात्रि करीब 9:00 बजे करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह देर शाम दुकान बंद कर घर लौटने पर अपने घर के इनवर्टर का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान उसे बिजली का करंट लग गया। जिससे वह अचेत अवस्था में गिर पड़ा। आनन फानन में बिट्टू को गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### शोक सभा का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के टंडवा मोहल्ला निवासी बिट्टू मालाकार की बिजली के करंट से मौत पर कन्या विवाह विकास सोसायटी ने शोक सभा का आयोजन किया। जिला परिषद मार्केट स्थित कार्यालय में संस्था के सचिव विकास कुमार माली के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मृतक की आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

### मनरेगा योजना में घोटाले का आरोप

**डोमचांच (कोडरमा)।** मनरेगा योजना में गड़बड़ी को लेकर डोमचांच प्रखंड के सपही के चौधरीडीह निवासी राजू कुमार यादव ने उपायुक्त को एक आवेदन देकर मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन द्वारा कार्य किए जाने एवं बिचौलियों द्वारा करोड़ों रुपयों के घोटाला करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि पूर्व में भी इसके सबंध में आवेदन दिया गया था, लेकिन अबतक कार्रवाई नही की गई है। उन्होंने उपायुक्त से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

## बिजली कटौती से परेशान लोग पहुंचे विद्युत सब स्टेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



विद्युत सब स्टेशन में उपस्थित लोग

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से परेशान होकर शुक्रवार की देर रात जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष सह नगर पंचायत के भावी अध्यक्ष प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक लोग नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय विद्युत सब स्टेशन में पहुंचे और निर्बाध्य 22 घंटा बिजली आपूर्ति बहाल करने का मांग किया।

जानकारी के अनुसार मझिआंव विद्युत सब स्टेशन में मझिआंव शहरी एवं ग्रामीण के साथ-साथ बरडीहा एवं कांडी प्रखंड क्षेत्र के लिए 18 से 22 घंटा बिजली आपूर्ति के लिए कम से कम 12 मेघा वाट बिजली मझिआंव विद्युत सब स्टेशन को मिलना चाहिए। लेकिन मझिआंव विद्युत सब स्टेशन को मात्र 4 से 6 मेघा वाट बिजली मिल रही है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत एवं मझिआंव ग्रामीण, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि जो भी कुछ समय के लिए क्षेत्र में बिजली आपूर्ति मिल रहा है उसमें भी लोगों को लो वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही बिजली आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण किसान दोहरा मार झेल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने जो भी कुछ धान का खेती किया है उसको भी पानी नहीं मिल पा रहा है। साथ ही भीष्म गर्मी होने के कारण नगर पंचायत क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गर्मी से जीना मुहाल हो गया है। जिससे नाराज होकर नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के नेतृत्व में शुक्रवार की देर रात्रि दो दर्जन से अधिक की संख्या में लोग विद्युत सब स्टेशन में लोग पहुंचकर हंगामा करते हुए ठीक ढंग से बिजली आपूर्ति का मांग किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्रीय विद्युत सहायक कनिय अभियंता कमल कुमार गुप्ता ने बताया कि ऊपर से ही विद्युत आपूर्ति कम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मझिआंव शहरी एवं ग्रामीण और कांडी बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के लिए 10 से 12 मेघा वाट बिजली चाहिए लेकिन 4 से 6 मेगावाट बिजली मिल रहा है जिसके कारण लोगों को लोड सेडींग के साथ-साथ लो वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है।

## खिलाड़ियों और आमजनों के लिए शुरू हुई जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम की सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** लंबे समय से एक बेहतर स्टेडियम की आस में बैठे चतरा के लोगों का इंतजार खत्म हो गया है। जिले में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम की सेवा 1 सितंबर से स्थानीय खिलाड़ियों व आम लोगों को मिलने लगी है। जिला खेल पदाधिकारी की ओर से इस संबंध में सूचना जारी की गयी है।

इसमें जिले वासियों को जानकारी देते कहा गया है कि स्टेडियम के रख-रखाव के लिए जरूरी सावधानियों का ध्यान रखना उपयोगी होगा। लोगों से अपील की गयी है कि स्टेडियम में धातु के जूते (लोहे के स्टड) के साथ मैदान में इंट्री ना करें। फ्लैट सोल वाले जूते, चप्पल पहनकर ना चलें। पालतू जानवरों के साथ मैदान में घुमना भी प्रतिबंधित रहेगा।

मैदान के अंदर किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ का सेवन प्रतिबंधित रहेगा। सिगरेट, बीड़ी का प्रयोग भी नहीं होगा। च्यूइंग गम के साथ मैदान में इंट्री नहीं करनी है। कोई भी भोजन या कांच का कंटेनर के साथ मैदान में इंट्री नहीं करनी है। मैदान के अंदर किसी भी तरह के तोड़ फोड़, नुकसान की स्थिति में सीसीटीवी के माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर लीगल एक्शन होगा। स्टेडियम के नए पवेलियन में इंट्री अभी वर्जित है। स्टेडियम का समय सुबह 5 बजे से सुबह 9 बजे तक और दोपहर को 3 बजे से शाम 7 बजे तक तय है। स्टेडियम परिसर में आने वाले सीसीटीवी की निगरानी में हमेशा रहेंगे।

### भवनाथपुर के युवक की अहमदाबाद में मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी पंचायत के कुंवरठीका ग्राम निवासी जगदीश सिंह के 31 वर्षीय पुत्र बिजेंद्र सिंह की मौत इलाज के दौरान अहमदाबाद में हो गई। वह दो माह पूर्व ही अहमदाबाद के नाना चिलोड़ा स्थित हिन्दुस्तान इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी में काम करने गया हुआ था। बीते 31 अगस्त को कंपनी में काम करते समय उसकी अचानक तबियत खराब होने के बाद उसे इलाज के लिए वहीं के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान 31 अगस्त की रात में उसकी मौत हो गई। शनिवार की सुबह मृतक का शव एम्बुलेंस से पैतृक आवास पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक का दाह संस्कार गांव के ही पुरान पानी नदी के श्मशान घाट पर किया गया। इसकी जानकारी मिलते ही उपप्रमुख पिंटू टोपो, बबलू यादव, सदर उल्फत अंसारी, विजय उरांव, सुनील राम, राजेश्वर सिंह, हीरालाल सिंह आदि ने मृतक के घर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

## नगर परिषद के 45वें प्रशासक के रूप में हर्षवर्धन ने किया पदभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद के 45वें प्रशासक के रूप में हर्षवर्धन ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान प्रशासक विनीत कुमार से पदभार लिया। मौके पर नप के कर्मियों ने निवर्तमान प्रशासक को विदाई दी, वहीं नए प्रशासक का स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि नगर परिषद में नई योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने के अलावा नगर परिषद को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यपालक प्रशासक श्री हर्षवर्धन ने कहा कि उन्हे नगर परिषद क्षेत्र में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन सबका सहयोग मिला तो कोई भी चुनौती आसानी से हल किया जाएगा। पूछे गए सवाल के जवाब में कार्यपालक ने कहा कि वे (2009-2022) तक पिछले 13 वर्षों से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियर विभागाध्यक्ष के रूप में अपना योगदान दे चुके हैं। इसके पश्चात उन्होंने सिविल सेवा ज्वाइन की। इसके पश्चात सिमडेगा में उन्होंने 1 साल तक ट्रेनिंग की। उन्होंने कहा झुमरी तिलैया नगर परिषद में यह उनका पहली पोस्टिंग है। योगदान के पूर्व नगर परिषद सभागार में नए कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय, सिटी मैनेजर सतीश कुमार, सिटी मिशन मैनेजर नीलम कुमारी, प्रधान लिपिक सुभाष कुमार, खजांची संजीव पांडेय, लेखपाल राजेश केसरी, टैक्स दरोगा महादेव यादव, अकाउंटेंट पीयूष तिवारी, संग्रह बद्री यादव, भुनेश्वर साव, सफाई इंचार्ज राजूराम राम, मिल्टन टंडन, विमल कुमार, राजेश कुशवाहा, चंदन पांडेय, बलराम कुमार, मुकेश राणा, सुदर्शन श्रीवास्तव, रोशन कुमार सहित नगर परिषद के कई कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### रोक के बावजूद अवैध बालू का उत्खनन जारी



अवैध बालू लदा ट्रैक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड उच्च न्यायालय व राज्य सरकार के द्वारा बालू उत्खनन पर रोक के बावजूद एक दर्जन बालू माफिया प्रशासन को चुनौती देते हुए जंगल का लाभ उठाकर बरडीहा से अवैध बालू का उत्खनन कर भवनाथपुर के कैलान लाकर ज्यादा कीमत पर बेच रहे है। उक्त बालू सरकारी व गैर सरकारी योजनाओं में लगाया जा रहा है ।बताते चलें कि इन दिनों बालू पर पूर्णत रोक लगाए गए है परन्तु बरडीहा बूढ़ीखांड से एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर कैलान गांव में बन रहे पीएम आवास व एलएनटी के पानी टंकी निर्माण में रात्रि व सुबह में बालू ला रहे है। बालू माफिया के नेटवर्क इतना दुरुस्त रहता है कि ट्रैक्टर के आगे पीछे बाईक से तैनात रहते हैं। गांव से भवनाथपुर थाना की दूरी तकरीबन आठ किलोमीटर है जिसके कारण पुलिस प्रशासन के जाने से पहले ही बालू माफिया को सूचना मिल जाता है और बालू ट्रैक्टर कहीं भी गिराकर जंगल का लाभ उठाते हुए फरार हो जाते है। उक्त बालू प्रति ट्रैक्टर चार से पांच हजार रु में बेचा जा रहा है। इस अवैध बालू उत्खनन से एक ओर जहां एनजीटी व न्यायालय के आदेश का अवहेलना हो रहा है। वही पर्यावरण के साथ साथ सरकार के राजस्व की भी क्षति हो रही है।

सूत्रों की माने तो बूढ़ीखांड के आसपास गांव के ही बालू माफिया संजीव यादव, मुकेश यादव, अवधेश यादव, सुरेंद्र यादव, उदय यादव, अनुज यादव, सजित यादव, विमलेश यादव, कमलेश यादव, पिन्टू यादव सहित के द्वारा बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी रामाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि थाना प्रभारी और सीआई को जांच करने का निर्देश दिए हैं जांच के रिपोर्ट आते ही चिन्हित कर कार्रवाई किया जाएगा।

### बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में बलीबल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशक ड प्रमोद कुमार, परीक्षा नियंत्रक ड तेज नारायण, मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रो हरिहर वर्णवाल, प्रो सुलोचना नायक, प्रो वंदना भदानी, प्रो प्रिया कुमारी, प्रो मिथिलेश यादव, प्रो अजय वर्णवाल, प्रो गोपाल मिश्रा, प्रो अजय दांगी एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी गजाला परवीन, रिंकु कुमारी,पूजा कुमारी, वर्षा कुमारी, आशीष कुमार, मनमोहन, सुनिता, मोनिका, सुधीर एवं सभी छात्र-छात्राओं ने खिलाडियों के मनोबल को बढ़ाने में भरपूर सहयोग करते हुए पूरा-पूरा मनोरंजन किये। खेल समन्यवयक प्रो हरिहर वर्णवाल द्वारा सभी खिलाडियों को छः समूहों में विभाजित कर प्रत्येक समूह में छः-छः खिलाडियों को रखा गया। जिन्हें शिव शक्ति ग्रुप, भीम ग्रुप, बिरसा मुंडा ग्रुप, रूद्रा ग्रुप, हरि ग्रुप एवं गोविंदा गोपाला ग्रुप के नामो से संबोधित किया गया। इस समूह में गोंविदा गोपाला ग्रुप को विजेता तथा हरि ग्रुप को उपविजेता घोषित किया गया। विजेता ग्रुप को गोल्ड मेडल एवं ट्रफी देकर सम्मानित किया गया। जबकि उपविजेता ग्रुप को सिल्वर मेडल तथा ट्रफी देकर सम्मानित किया गया। विजेता समूह में कुलदीप कुमार, राहुल कुमार, मनीष कुमार, गौतम कुमार, विकाश कुमार इत्यादी शामिल थे। जबकि उपविजेता में अरूण कुमार, सौरभ कुमार, अभय कुमार, अरविंद कुमार, महेश कुमार, एवं तारिक शामिल थें। खेल संयोजक प्रो हरिहर वर्णवाल ने प्रो मिथिलेश कुमार यादव को रेफरी, प्रो सुलोचना नायक, प्रो वन्दना भदानी एवं प्रो अजय दांगी को लाइनमैन, प्रो गोपाल मिश्रा को स्कोरर तथा प्रो अजय कुमार वर्णवाल को एंकर के रूप में कार्य सौपा। पूरे खेल का निरक्षण ड प्रमोद कुमार, ड तेज नारायण तथा मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव की देख-रेख में हुआ।

### रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2015-17, 2016-18, 2017-19, 2018-20, 2019-21, 2020-22, 2021-23 के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. लक्ष्मी सरकार सहित सहायक प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय की प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति कर सभी लोगों का स्वागत किया गया। उसके बाद सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने कार्यक्रम से जुड़े विषय-वस्तु से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ड.लक्ष्मी सरकार ने कहा कि महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएँ किसी भी शिक्षण संस्थान की धरोहर व पूँजी होते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय से शिक्षा पूर्ण कर चुके छात्रों के महाविद्यालय से सम्पर्क व उनकी उपलब्धियों और अनुभवों से नवीन छात्र-छात्राओं को लाभांवित कराना है। वहीं इस दौरान पूर्व के प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय से जुड़ी यादों और अनुभवों को सबके साथ साझा किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक बाल्मीकि पंडित एवं संजीव कुमार ने किया। मौके पर मो. सेराज, विनोद यादव, आनंद कुमार, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, राजेश कुमार, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, सुनीता कुमारी, शाहिद खान, राजू मंडल, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुगण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप के लगभग सौ मीटर दुरी चतरा रांची मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से डाढ़ा पंचायत के बचरा ग्राम निवासी संतोष उरांव (38) पिता स्व नुरु उरांव की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संतोष उरांव फुटबॉल खेलता था। संतोष ने बाइक से अपने दोस्त को कमाही पहुंचाने गया था। बताया जाता है कि घर वापस आने के क्रम में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बारियातू पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी उसी क्रम में बाईक सहित शव को पड़ा हुआ देखा। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए लातेहार भेज दिया। इधर सड़क दुर्घटना में मौत होने के कारण मृतक की पत्नी माघो देवी एवं उनके चारों बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि संतोष उरांव घर पर एक मात्र कमाऊ सदस्य था। चारों बच्चों के सर से पिता का साया उठ जाने से वे बिल्कुल असहाय हो गए हैं।

# तेतरियाखाड़ कोलियरी में हो रहे रंगदारी को लेकर हिंसक झड़प की संभावना, पुलिस बनी मूकदर्शक

### बालूमाथ के ट्रकों के साथ शीघ्र इंसाफ नहीं होगा तो अनिश्चितकालीन किया जाएगा चक्का जाम: एसो.

खबर मन्त्र संवाददाता


तेतरियाखाड़ कोलियरी।

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में पिछले कुछ महीनो से हो रहे रंगदारी एवं मनमानी एवं इसके विरोध करने को लेकर दो पक्षों में कभी भी हिंसक झड़क होने की संभावना बनी हुई है। बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने लातेहार उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि कोलियरी में स्वयं भू-विस्थापित नेता गिरधारी यादव अपने समर्थक मंटू साव एवं कृष्णा साव के साथ मिलकर ट्रकों के प्रवेश करने वाले बैरियर को हाईजैक कर रखा है और मनमानी तरीके से ट्रकों का लोडिंग पॉइंट पर प्रवेश कराते है एवं प्रत्येक ट्रक से 200 से 300 रुपये तक की अवैध उगाही की जाती है। बैरियर के पास सीसीएल का गार्ड भी मौजूद रहता है। बावजूद इनके रंगदारी के सामने किसी की नहीं चलती है। इन लोगों द्वारा कोलियरी के लोडिंग पॉइंट में जहां अनाधिकार प्रवेश वर्जित रहता है उन स्थानों पर भी दर्जनों लोग उपस्थित होकर कोयला का लोडिंग अपने अनुसार कराते हैं। साथ में इन लोगों द्वारा लोडिंग के नाम पर नियम को ताख पर रख कर अपना लोडर लगाकर 3000 से 5000 रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है। गिरधारी यादव एवं उसके समर्थकों ने अनधिकृत रूप से जेसीबी लगाकर प्रत्येक ट्रक से 200 से 300 रुपए की अवैध वसूली कराते हैं। शनिवार को बालूमाथ, बरियातू, चंदवा लातेहार समेत कई प्रखंड के ट्रक अपनी लाईन से कोलियरी के अंदर फॉर्मेट लेकर प्रवेश होना चाह रहा था। इसी बीच गिरधारी यादव उसके समर्थकों ने सारे ट्रकों को रोक कर सिर्फ बसिया पंचायत के ट्रैकों का प्रवेश कराया। इस बात को लेकर बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने बैरियर के समीप ही अपना हक को मांगते हुये अपने-अपने ट्रकों को खड़ा कर मुख्य बैरियर को जाम कर दिया। लेकिन गिरधारी यादव एवं उसके समर्थकों ने बिना सीसीएल के अनुमति के बगल से तुरंत जेसीबी द्वारा दूसरा रास्ता बनाकर प्रवेश द्वार बना कर अपने समर्थकों के ट्रैकों का प्रवेश और निकासी कर दिया। इन लोगों की दबंग इतना बढ़ गया है की उनके आदेश के बगैर एक पत्ता भी नहीं हिलता है। इधर बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर बालूमाथ के ट्रकों के साथ शीघ्र इंसाफ नहीं होगा तो आने वाले दिनों में आर पार की लड़ाई करते हुए बालूमाथ में अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा।

बहरहाल जो भी हो पिछले तीन महीना से यह विवाद चलते आ रहा है। लेकिन इसमें पुलिस प्रशासन द्वारा कोई रुचि नहीं लिए जाने के कारण कभी भी खूनी संघर्ष की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जबकि तेतरियाखांड में एक पुलिस पिकेट भी है। इस संबंध में तेतरियाखाड के पीओ केएल यादव ने कहा कि तेतरियाखाड़ में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। जिसे शीघ्र ही दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## भाई ने भाई के ऊपर किया कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला


कुल्हाड़ी के हमले से घायल हुआ व्यक्ति व जानकारी लेते थाना प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ स्थिति नाजुक बेहतर ईलाज के लिए चिकित्सकों ने किया रेफर

मनिका। **मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत** स्थित नतबेलवा गांव में दिन शुक्रवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे अपने भाई के पशुओं के द्वारा खेत खाने के शिकायत करने पर भाई ने हीं अपने भाई पर धारदार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के हमले से 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस विषय पर जानकारी देते हुए घायल व्यक्ति के पुत्र ने बताया कि मेरे चाचा योगेश्वर यादव उम्र 55 वर्ष घर नतबेलवा थाना मनिका के पशुओं ने हमारे मकई के खेत को खाकर नष्ट कर दिया था जिसकी शिकायत करने हमारे पिता अयोध्या यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्वर्गीय मानकी यादव अपने भाई योगेश्वर यादव के पास गए थे। शिकायत करने के बाद जब हमारे पिता अपने घर वापस आने लगे तभी हमारे चाचा योगेश्वर यादव ने मेरे पिता अयोध्या यादव के ऊपर पीछे से धारदार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे हमारे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हम लोगों को जैसे तैसे करके लोगों के द्वारा जब मालूम चला कि हमारे पिता के ऊपर चाचा ने जानलेवा हमला किया है तो हम लोग तुरंत ही अपने पिता को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाए और इसकी सूचना मनिका थाना को भी दिया है। वहीं कुल्हाड़ी के हमले से घायल व्यक्ति का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा था इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की स्थिति नाजुक बनी हुई थी चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। मौके पर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह अपने दलबल के साथ अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले का छानबीन कर रहे थे।

## एसपी के निर्देश पर में चंदवा में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान


वाहन जांच करती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ परिवहन नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए 53 वाहनों से एक लाख 68 हजार 500 रुपये का वसूला गया जुमार्ना

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस व परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा इंदिरा गांधी चौक व चंदवा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष शनिवार की दोपहर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 5 दर्जन की संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों से वाहनों के कागजात, इंसुरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, सीटबेल्ट व हेलमेट आदि की जांच की गई। सड़क सुरक्षा टीम के मैनेजर आईटी तनवीर आलम ने बताया कि जांच के क्रम में 53 वाहनों को नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया है। पकड़े गए वाहनों से अग्रतर कार्रवाई के बाद परिवहन विभाग के द्वारा 1 लाख 68 हजार 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती सड़क दुर्घटना के मद्देनजर सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर उक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है। दोपहिया वाहन चालक बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करें ताकि सड़क दुर्घटना में ज्यादा क्षति नही उठानी पड़े। अभियान में चंदवा थाना के एसआई नारायण यादव, परिवहन विभाग के कर्मी ऋषिराज समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### व्यावसायिक संघ ने अनियमित विधुत आपूर्ति के खिलाफ कार्यालय का किया घेराव, दिया अल्टीमेटम

# एक सप्ताह में सुधार नहीं हुआ तो होगी तालाबंदी

खबर मन्त्र संवाददाता


विद्युत कार्यालय का घेराव कर अल्टीमेटम देते व्यवसायी।

**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र में अनियमित विद्युत आपूर्ति समेत अन्य मुद्दों को लेकर शनिवार को प्रखंड के नवगठित व्यावसायिक संघ के द्वारा सैकड़ो की संख्या में विद्युत विभाग के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकालते हुए विद्युत कार्यालय के घेराव करने का काम किया गया। घेराव करने के पूर्व व्यवसाईयों ने संघ के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में बाजार शेड से प्रतिवाद मार्च निकालते हुए नगर भ्रमण कर विद्युत कार्यालय पहुंचकर कार्यालय के समक्ष घेराव करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। नाराज लोगों ने आरोप लगाया कि प्रखंड क्षेत्र में लंबे समय से अनियमित विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता तो परेशान है ही साथ ही साथ विद्युत विभाग के द्वारा लगातार उपभोक्ताओं पर फर्जी केस करके मानसिक परेशान करने की भी कार्रवाई की जा रही है।उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रखंड में सहायक अभियंता और कनीय अभियंता की पदस्थापना के बावजूद मुख्यालय से नदारत रहते हैं। जिसके कारण कई अन्य और व्यवस्थाओं पर प्रभाव पड़ता है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में व्यवसाईयों के द्वारा विभाग के कार्यपालक अभियंता के नाम मांग पत्र सौंपते हुए नियमित विद्युत आपूर्ति करने प्रखंड क्षेत्र में कम से कम 18 से 22 घंटे आपूर्ति बहाल करने, पदस्थापित अधिकारी और कर्मियों के मुख्यालय में रहने, उपभोक्ताओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई बंद करने समेत अन्य मांगों को लेकर विभाग को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया। वहीं मांगों पर सार्थक कार्रवाई नहीं किए जाने पर 11 सितंबर दिन सोमवार को विद्युत कार्यालय और विद्युत सब स्टेशन में तालाबंदी कर चक्का जाम करने की भी चेतावनी दी गई।

मौके पर व्यावसायिक संघ के पूर्व अध्यक्ष पंकज गुप्ता, विनोद प्रसाद वीरेंद्र ठाकुर, विवेक कु.सिंह रवि शेखर भीम, छोटू अग्रवाल, मदन प्रसाद, सिराज अहमद, सोनू सरदार, इम्तियाज अहमद, गुलाम सरवर, सत्येंद्र कुमार पुटून सिंह, हिमांशु गुप्ता उर्फ रिकी फिरोज सिद्दीकी, राज सिंह, सतनारायण कुमार, अजीत कुमार, समीउल्लाह अंसारी, सतीश कुमार गुप्ता गड्डू और विजय ठाकुर समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## नेतरहाट मानसून महोत्सव के आयोजन के लिए स्थल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


स्थल का निरीक्षण करते निदेशक पर्यटन।

**लातेहार।** निदेशक पर्यटन अंजली यादव, उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने नेतरहाट में नेतरहाट मानसून महोत्सव के आयोजन को लेकर स्थल निरीक्षण किया। निदेशक पर्यटन ने बताया कि पर्यटन निदेशालय झारखण्ड के द्वारा नेतरहाट में 22 सितम्बर से 22 अक्टूबर 2023 तक नेतरहाट मानसून महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा 22 सितम्बर को मानसून महोत्सव का शुभारम्भ किया जाएगा। मानसून महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, फिल्म स्क्रीनिंग, हैंडीक्राफ्ट मेला, साईक्लाथॉन समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। निदेशक पर्यटन, उपायुक्त लातेहार एवं पुलिस अधीक्षक ने नेतरहाट मानसून महोत्सव के आयोजन को लेकर होटल प्रभात विहार, नेतरहाट लेक के पास निर्मित ओपन थिएटर, कोयल व्यू पॉइंट, नेतरहाट विद्यालय के मैदान एवं टूरिस्ट इंफॉरमेशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संधारण, ट्रैफिक नियंत्रण, कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर कुमार आशीष उप निदेशक पीटीआर, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निखिल रंजन पहुंचे लातेहार



**लातेहार।** अभाविप के सदस्यता महा अभियान को लेकर क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन लातेहार में आगमण हुआ। इसके पश्चात उन्होंने प्रमुख कार्यकर्ता के साथ बैठक कर जिले में 10,000 सदस्यता अभियान हो इसको लेकर विशेष बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री रमेश उरांव, जिला सह संयोजक बृज किशोर, टाना भगत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार, नागमणि कुमार, मिलन शुक्ला, बंदे उरांव, अमरेश टाना भगत शिवम गुप्ता, आदित्य गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

### दो मोटरसाइकिल की हुई टक्कर में तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा एनएच 22 मुख्य पद पर बरियातू पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर में बालों साव 48 वर्ष पिता परमानन्द साव ग्राम बारियातू एवं दूसरे मोटरसाइकिल में सवार सुजीत भुइयां 20 वर्ष पिता आशीष भुइयां एवं आदित्य साव 25 वर्ष पिता अमेरिका साव दोनों ग्राम मसियातु थाना बालूमाथ घायल हो गया। बारियातू थाना के एस आई दीप नारायण सिंह पुलिस बल के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा बालो साव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुजीत एवं आदित्य एक मोटरसाइकिल में सवार होकर बगरा मोड़ से अपने घर मसियातु जा रहा था। इसी बीच बरियातू पम्प के समीप वालों साव दूसरे मोटरसाइकिल में सवार होकर पेट्रोल पंप के समीप किसी से बात कर रहा था और वह एकाएक अपने मोटरसाइकिल को घुमा दिया तभी दूसरे दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार के साथ सीधी टक्कर हो गई।

### झामुमो युवा मोर्चा संगठन की मजबूती को लेकर बैठक



**लातेहार।** झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन को मजबूती प्रदान करने को लेकर शनिवार को झामुयुमो को टीम ने जिले के बालूमाथ, बरियातू व हेरहंज प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान संगठन को दुरुस्त व युवा मोर्चा के कमिटी विस्तार को लेकर कार्यकताओं के साथ गंभीरता से चर्चा किया गया। तीनों प्रखंड के प्रखंड अध्यक्षों व सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ बैठकर इस पर गम्भीरता से चर्चा किया गया। इस दौरान रंजीत उरांव ने हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल में उतरने के लिए कैसे रूपरेखा बनायी जाए इसपर बल देने की बात कही। मौके पर रामवृक्ष गंझू, राजेंद्र गंझू, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, प्रदीप गंझु, त्रिवेणी साव, धर्मदेव, मोहम्मद सनाउल्लाह, राजन यादव, राजेश यादव, रमेश उरांव, शत्रुघ्न, नकुल यादव, बलदेव, राम नारायण गंझू, सुखलाल यादव, महेंद्र यादव, मुकेश, भुवनेश्वर, गौरी शंकर उरांव, राजू भगत, सुरेश उरांव मो सनाउल्ला समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पीडीएस दुकानदार पर राशन वितरण में अनियमितता का आरोप

**चंदवा।** प्रखंड के बोदा पंचायत अंतर्गत चीरो गरदाग गांव के ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर पीडीएस दुकानदार सुधीर प्रसाद पर राशन वितरण में अनियमितता बरतने का करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने दिए आवेदन में कहा है कि डीलर सुधीर प्रसाद पिछले 1 वर्षों से 5 किलो अनाज कम देते हैं। ऑनलाइन रसीद मांगने पर रशीद भी नहीं दिया जाता है। बोलते हैं कि जहां जाना है वहां जाओ। सूखे की स्थिति होने के कारण हम घर सभी ग्रामीणों के समक्ष भुखमरी की स्थिति है। ग्रामीणों ने समुचित कार्रवाई की मांग की है।आवेदन में 30 लाभुकों के हस्ताक्षर हैं। इनमे महादेव गंझू, सुरेंद्र महली, फूलदेव गंझू, सुनीता देवी, बाबूलाल गंझु, गोपाल गंझु, कमलेश महली, केदार गंझु समेत अन्य लोग शामिल है।

### जामा मस्जिद में खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवा



**महुआडांड़।** महुआडांड़ में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर अम्बाटोली के स्वास्थ्य सहिया रफतजहां व डिपाटोली के स्वास्थ्य सहिया आमना बीबी के द्वारा जामा मस्जिद में सदर इमरान खान के अगुवाई में फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया और लोगों को इस संबंध में जानकारी दी गई कि फाईलेरियारोधी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करें एवं 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करें। इस दौरान जामा मस्जिद के स्टाफ व बच्चों समेत लगभग 80 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी, एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की सेवन कराया गया।

### प्रखंड सहायक अध्यापक संघ ने शिक्षक स्व. रामखेलावन गंझु की पत्नी को 51 हजार का सहयोग दिया

**बारियातू।** प्रखंड सहायक अध्यापक संघ ने शनिवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोनिया के पारा शिक्षक स्वर्गीय रामखेलावन गंझु के पत्नी को 51 हजार का सहयोग किया। जानकारी देते हुए सहायक अध्यापक राजेश यादव ने बताया कि स्वर्गीय गंझु उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोनिया में कार्यरत थे। जिनका आकस्मिक निधन 16 मई 2023 को हो गया था। स्वर्गीय गंझू अपने पीछे पुत्र टिंकू गंझू 12 वर्ष, नीतू कुमारी 10 वर्ष, रश्मि कुमारी 8 वर्ष को छोड़ गए। आगे बताया कि इनका मानदेय 7 माह से लंबित है जो अभी तक नही मिला है। जिस कारण इसके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। जिसे देखते हुए प्रखंड सहायक अध्यापक संघ बारियातू, शिक्षा विभाग से इनका लंबित मानदेय तुरंत भुगतान करने एवं झारखंड सरकार से स्वर्गीय गंझु के परिजन को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी और उनके परिजन को एक मुस्त सहायता राशि 5 लाख रुपए देने की मांग किया है। मौके पर उपस्थित शिक्षक सुनिल सिंह, भीम प्रजापति, शेखर यादव, राजेश यादव, विनोद मिश्रा, उमेश यादव, जय काली नाथशाहदेव, अनिल सुमन, सेवक गंझु, सुरेंद्र सिंह, रमेश कुमार, अजय भोक्ता, सुरेंद्र प्रसाद, राजेश्वर भगत, मनोज साहू, राजकमल साहू, शंकर पासवान, पंकज सिंह, चमन भुइयां, मनोज ठाकुर, कमलदेव भगत सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

### जेडीयू जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन ने बिना अनुज्ञप्ति के दवा दुकान का संचालन करने का लगाया आरोप

**लातेहार।** जेडीयू के जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैशी ने जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन को आवेदन देकर आरोप लगाते हुए बताया गया कि जिले के बालूमाथ थाना अन्तर्गत बिना अनुज्ञप्ति के दवा दुकान का संचालन ड्रग इन्सपेक्टर के मिलीभगत से किया जा रहा है। साथ ही डुप्लीकेट दवा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। इसी के साथ बिना डिग्री प्राप्त किए फर्जी डॉक्टर उक्त दवा दुकान चलाने में सहयोग कर रहे है तथा मोटी रकम की उगाही कर आम जनता के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे है। सरकारी अस्पताल में डिलेवरी पेसेन्ट को अस्पताल के नर्स द्वारा प्राइवेट नर्सिंग होम में कमीशन लेकर भेज दिया जा रहा है।

### पूल टूट जाने से आवागमन हुआ बाधित


टूटा पुल।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के चंपा पंचायत के सिदरा गणसा गांव के बीच बने पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह पुल का निर्माण सिदरा गनसा गांव के बीच में कराया गया था। यह रास्ता प्रखंड मुख्यालय को जोड़ता है। इस रास्ते से सिदरा गनसा होते हुए कुरूंद व महुआंडाड़ आना जाना किया जाता था। इसे लेकर ग्रामीणों का कहना है कि पुल टुट जाने के कारण हमलोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खाशकर स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी कठिनाइयां हो रही है। प्रशासन के द्वारा अगर पुल का निर्माण करा दिया जाता है तो हम सभी ग्रामीणों को आवागमन करने में आसानी हो जाएगी। बताते चले कि उक्त पुल का निर्माण आरईओ विभाग लातेहार के द्वारा पांच वर्ष पूर्व बनाया गया था। परंतु गुणवत्तापूर्ण कार्य नही होने के कारण यह पुल गिर गया। पुल के गिर जाने से चंपा पंचायत के सिदरा, गणसा, बोराकोना, धवईटोली ग्राम के लोगों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कार्य करने वाले ठिकेदार पर कारवाई करने की मांग किए हैं।

## सांसद ने छिपादोहर में लगाया जन चौपाल, आमजनों की सुनी समस्या

# बरवाडीह-छिपादोहर जर्जर मार्ग का होगा निर्माण: सुनील सिंह

➲ व्यवसायियों की समस्याओं के निदान का सांसद ने दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह ने शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर मंडल अंतर्गत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनने का काम किया। जहां लोगों ने सांसद से हाइयर एजुकेशन के लिए छात्र-छात्राओं को होनी वाली समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। वहीं बरवाडीह- छिपादोहर के जर्जर हो चुके मुख्य मार्ग का निर्माण कराने की मांग रखी। सांसद ने इसके लिए सार्थक प्रयास करने की बात कही। वहीं बैठक में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में प्रतिदिन हो रही यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए चार बोगी बढ़ाने की मांग सांसद से की। इसके अलावा छिपादोहर स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस का ठहराव कराने और छिपादोहर को प्रखण्ड बनाने की मांग रखी। सांसद ने लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से गंभीरता के साथ सुना और सभी समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराने की बात कही। वहीं छिपादोहर बाजार में शेड का निर्माण कराने की भी बात सांसद सुनील सिंह ने कही। जिसके बाद सांसद ने कार्यकताओं के साथ बाजार और विभिन्न मुहल्लों का भ्रमण करते हुए लोगों से मुलाकात की। वहीं छिपादोहर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। जहां स्टेशन में शौचालय न देखकर वह काफी नाराज हुए और इसके लिए विशेष पहल करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम के अंत में सांसद सुनील सिंह ने अपने वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के आवास पर पहुंचे। जहां से रात्रि भोजन कर गंतव्य के लिए रवाना हो गए।


छिपादोहर स्टेशन का निरीक्षण करते सांसद सुनील सिंह।

### स्ट्रीट लाइट से जगमग होगा बरवाडीह बाजार : सांसद

इस दौरान बरवाडीह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने सांसद सुनील सिंह से मुलाकात कर बाजार और व्यवसायियों की रोजमर्रा की समस्याओं से अवगत कराते हुए बाजार के विभिन्न चौक चौराहों सहित लगभग एक दर्जन से अधिक जगहों पर सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कराने की मांग रखी। सांसद ने जल्द ही इस मांग को पूरा करने की बात कही।

**कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता :** मौके पर वरिष्ट नेता मनीष पाठक, अमरनाथ गुप्ता, विनीत मधुकर, रवि सोनी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अजय सोनी, छिपादोहर मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, मनोज प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, महामंत्री पारस जयसवाल, जिला मंत्री अजय प्रसाद, दीपक तिवारी, महामंत्री मुन्ना गुप्ता, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, ननदेव सिंह, वृजमोहन सिंह, लालमन उरांव, अनिल राम, चंद्रदीप सिंह, सुरेश प्रसाद, अमीर खान और चंदन कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### विद्यालय जमीन बचाव समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा


बैठक करते लोग।

**चंदवा।** स्थानीय हाई स्कूल प्रांगण में शनिवार को विद्यालय जमीन बचाओ समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के रवि डे ने की। बैठक में विद्यालय की जमीन बचाने को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया व सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय की जमीन को बचाने को लेकर समिति का शिष्टमंडल जल्द ही उपायुक्त से मुलाकात करेगी व सभी बिंदुओं से उपायुक्त को अवगत कराते हुए विद्यालय की जमीन बचाने को लेकर गुहार लगायेगी। समिति के लोगो ने कहा कि विद्यालय जमीन विवाद का मामला न्यायालय में चल रहा है, बावजूद इसके स्कूल के लिए दान स्वरूप मिले जमीन पर कुछ लोगो के द्वारा कब्जा का प्रयास किया जा रहा है। बड़े ही चालाकी से प्रशासनिक व्यस्तता व पर्व त्योहार में छुट्टी वाले दिनों का फायदा उठाकर चदरे का शेड बनाने का प्रयास किया गया है। समिति ने कहा कि उक्त विद्यालय में पूरे प्रखण्ड के हजारों गरीब विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। जिसमे सबसे अधिक एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समाज के विद्यार्थी पढ़ाई करते है। जल्द ही विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाना है, अगर जमीन ही नही बचेगी तो मॉडल विद्यालय कैसे बनेगा। इस लिए विद्यालय की जमीन को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार, रामयश पाठक, सत्येंद्र प्रसाद यादव, निर्मल शर्मा, फुलजेन्सिया टोप्पो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# गोइलकेरा में इस्पात एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

### फ्लैग ऑफ सेरेमनी में शामिल हुई मंत्री जोबा माझी व सांसद गीता कोड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के गोइलकेरा रेलवे स्टेशन में शनिवार से हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया। जबकि रविवार से पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो जाएगा। कोरोना काल में रेलवे ने इन दोनों ट्रेनों का स्टॉपेज गोइलकेरा में बंद कर दिया था। गोइलकेरा रेलवे स्टेशन में चक्रधरपुर रेल मंडल प्रशासन द्वारा इस मौके पर फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन किया गया। जहां राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी और सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने बतौर अतिथि 12871 अप हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व विधायक गुरुचरण नायक और मंडल रेल प्रबंधक अरुण जातोह राठौर ने भी फ्लैग ऑफ सेरेमनी में ट्रेन को झंडी दिखाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जोबा माझी ने कहा कि कोल्हान के छोटे रेलवे स्टेशनों में भी पहले की तरह ट्रेनों की सुविधा बहाल होनी चाहिए। नागरिक एकता मंच गोइलकेरा ने जो प्रयास और आंदोलन किया वह सराहनीय है। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि ट्रेनों का स्टॉपेज संघर्ष का परिणाम है। लेकिन हमारी मांगों की फेहरिस्त लंबी है। अन्य स्टेशनों और क्षेत्र के लोगों के लिए भी आवाज उठाई जा रही है। संसद में भी मैंने इन मांगों को सरकार के समक्ष रखा। आज गोइलकेरा के लिए विशेष और शुभ दिन है। पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने कहा कि जनता की मांगों पर उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा। अब सोनुआ में ट्रेनों का स्टॉपेज दिलाना है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, नागरिक एकता मंच के अध्यक्ष लक्ष्मण मेलगांडी, अकबर खान, आलोक रंजन सिंह, जोंको अंगरिया, सीताराम बेसरा, मुखिया सुनीता मेराल, जिप सदस्य ज्योति मेराल, पंसस बानी सिन्हा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**आज से उत्कल एक्सप्रेस भी रूकेगी**



# दोपहर का खाना खाने से मदरसा इस्लामिया के 19 बच्चे बेहोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र स्थित मदरसा इस्लामिया कांडी में दोपहर में खाना खाने से 19 बच्चे बेहोश हो गए। इसके बाद मदरसा के मौहतमी (प्रिंसिपल) अब्दुल माजिद एवं मौद्रीस (शिक्षक) मोहम्मद औवऐद रजा ने सभी बच्चों को कांडी उप स्वास्थ्य केंद्र में लाया। वहां इलाज नहीं होने के कारण सभी बच्चों को निजी वाहन से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, डॉ मनीष कुमार सिंह एवं डॉ कविता कुमारी ने नशे में बेशुद्ध दिलनवाज अंसारी 10 वर्ष पिता शौकत अंसारी, परवेज आलम 10 वर्ष पिता रशीद अंसारी, आसीम अंसारी 14 वर्ष, आशिक अंसारी 11 वर्ष दोनों पिता निजामुद्दीन अंसारी, शाहनवाज अंसारी 9 वर्ष, शहजाद अंसारी 8 वर्ष दोनों पिता मंजूर अंसारी, मोहम्मद सोहेल खान 10 वर्ष पिता मोहम्मद कलाम खान, मोहम्मद रजा 8 वर्ष पिता अख्तर अंसारी, इरफान खान 10 वर्ष पिता कलीम खान, परवेज आलम 9 वर्ष पिता नेजाम हवारी, गुलाम गौस 19 वर्ष पिता नौशाद खान, अली राजा 12 वर्ष पिता इम्तियाज, गौसुल रजा 12 वर्ष पिता मुमताज अंसारी, शाहरुख खान 15 वर्ष पिता नसरु खान, शहजाद हाशमी 10 वर्ष पिता अब्दुल रहीम, मोहम्मद सलमान खान 12 वर्ष बेचन खान, मोहम्मद खुर्शीद रजा 14 वर्ष पिता इस्लाम अंसारी एवं सईद आलम 12 वर्ष पिता हकीम अंसारी का इलाज किया।

इस संबंध में डॉ गोविंद प्रसाद सेठ में बताया कि सभी बच्चे ठीक-ठाक हैं। फूड प्वाइजन का इलाज जारी है, गंभीर स्थिति देखे जाने के बाद रेफर किया जाएगा। घटना के संबंध में मदरसा के मौहतमी अब्दुल माजीद ने बताया कि मदरसा में लगभग 200 बच्चे तामिल प्राप्त करते हैं जिसमें बाहर से आए 20 बच्चे मदरसा में ही रहते हैं और तामिल प्राप्त करते हैं। आवासीय सभी 20 बच्चों में 19 खाना खाए उसके बाद इन लोगों का हालत बिगड़ने लगा उल्टी करने लगे और बेहोश होने लगे। जिसे आसपास के स्थानीय लोगों को सूचना दिया गया उसके बाद सभी लोगों को निजी वाहन से मझिआंव अस्पताल लाया गया है। साथ ही अब्दुल माजिद और औवऐद रजा ने बताया कि दाल में किसी के द्वारा कीटनाशक पदार्थ डालने की सूचना मिली है लेकिन अभी यह नहीं बताया जा सकता है कि किसने किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि मदरसे में बाहर से भी लोग आते हैं लेकिन कीटनाशक पदार्थ किसने डाला या नहीं मालूम चल सका है।

इधर जानकारी देते हुए इलाजरत छात्रों ने बताया कि मदरसा का ही एक छात्रा के द्वारा जहरीला पदार्थ डाल में डाल दिया गया है वह लड़का खाना नहीं खाया है बाकी हम सब खाए थे जिसके कारण हम सबों की तबीयत खराब हो गया। साथ ही मदरसा के पास ही चूहा मारने वाला पैकेट भी देखा गया है। इधर खाना खाने से 19 बच्चे को बेहोश होने की सूचना पर कांग्रेस नेता प्रभात दुबे उर्फ बड़ू दुबे अपने सहयोगियों के साथ सभी बच्चों को लेकर रेफरल अस्पताल पहुंचे थे और अपने देखरेख में सभी का इलाज करवाया। साथी सूचना पाते ही आजाद समाज पार्टी काशीराम के प्रदेश महासचिव सिराज खान, भीम आर्मी गढ़वा जिला अध्यक्ष ललित राम, तलसबरिया पंचायत मुखिया महताब आलम, भीम आर्मी मीडिया प्रभारी चंद्रभूषण आजाद, प्रवीण कुमार, पंकज कुमार सनोज कुमार संजीव रंजन रवि सहित दर्जनों बुद्धिजीवी नागरिक देखने के लिए पहुंचे और बच्चों का हाल-चाल जाना।



इलाजरत बच्चे

## घनघोर बारिश ने लोगों को दी बड़ी राहत

**पटना।** बीते कुछ दिनों से उमस से परेशान लोगों को उस समय काफी राहत मिली जब पटना में झमाझम बारिश शुरू हुई। उमड़ते-घुमड़ते बादलों ने अचानक राजधानी के ऊपर डेरा जमा लिया और पटना में दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा। इसके बाद करीब बीस मिनट तक घनघोर बारिश ने मौसम खुशगवार कर दिया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए पटना समेत कई जिलों के लिए वर्षापात का अलर्ट जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने पटना समेत कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है। पटना, सारण एवं वैशाली जिलों के लिए विशेष तौर पर अलर्ट जारी करते हुए वर्षापात के दौरान लोगों से घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, पटना के अलावा पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, वैशाली, भोजपुर, मुंगेर और दरभंगा जिले के कुछ इलाकों में बारिश की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी इन क्षेत्रों में बारिश के आसार हैं। इसके अलावा दक्षिण बिहार में आगामी 4 सितंबर से वज्रपात और मेघ गर्जन का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा का आंसर-की जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बीपीएससी स्कूल शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए प्रोविजनल आंसर-की रिलीज कर दिया गया है। बिहार लोक सेवा आयोग ने 1.70 लाख शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए प्रोविजनल आंसर-की आधिकारिक वेबसाइट आधिकारिक साइट पर रिलीज किया गया है। अभ्यर्थी अब इस आंसर-की से मिलान कर यह देख सकते हैं कि उनके कितने सवाल सही हैं और उन्हें कितने मार्क्स आ रहे हैं। इस दौरान अभ्यर्थी को अगर यह लगे की आयोग द्वारा जारी आंसर की में गड़बड़ी है तो वेबसाइट पर आपत्ति भी दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए 07 सितंबर तक का समय दिया है। आपको बता दें कि सभी प्रश्नों के उत्तर आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। आयोग ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उत्तर का मिलान आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध प्रश्न पुस्तिका से कर लें। ध्यान रहे कि ईमेल या स्पीड पोस्ट के माध्यम से की गई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। आयोग द्वारा जारी उत्तर में जिन प्रश्नों पर निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई, तो उन उत्तरों को निर्विवाद रूप से आदर्श उत्तर माना जाएगा और इन प्रश्नों पर भविष्य में कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा 24 से 26 तक हुई थी परीक्षा। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति के लिए विभिन्न विषयों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 24 से 26 अगस्त तक दो पालियों में हुआ था।

## पटना एआइआइएमएस के डॉक्टर ने की खुदकुशी

**पटना।** पटना एम्स में पीजी की पढ़ाई कर रहे एक डॉक्टर ने खुदकुशी कर ली है। मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले डॉक्टर निलेश ये कदम क्यों उठाया ये अभी साफ नहीं है। घटना की सूचना मिलने पर एम्स अस्पताल के हॉस्टल में पुलिस पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक निलेश पटना एम्स में बैच 2016 से 2021 तक एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर वहीं प्रैक्टिस कर रहे थे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# हंसडीहा में चार दिनों तक नाबालिग पीड़िता को थाना में ही रखा गया

**पोक्सो मामले में जरमुण्डी थाना प्रभारी ने छह दिनों बाद किया एफआईआर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट, बाल कल्याण समिति, दुमका ने पीड़िता को चार दिनों तक थाना में रखने और आवेदन देने के बावजूद काफी विलंब से पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के दो अलग-अलग मामलों में हंसडीहा थाना के अनुसंधानकर्ता और जरमुण्डी थाना प्रभारी को सो काउज किया है। 22 अगस्त 23 को काण्ड सं0-62/2023 की पीड़िता 16 वर्षीय नाबालिग को एएसआई सह केस के अनुसंधानकर्ता राम विनय दुबे के द्वारा बाल कल्याण समिति, दुमका समक्ष प्रस्तुत किया गया था। बालिका की मां ने अपने बयान में बताया है कि उसकी बेटी को 18 अगस्त 23 की शाम 4:30 बजे से लेकर 22 अगस्त 23 की सुबह 9 बजे तक यानि चार दिनों तक पीड़िता को थाना में ही रखा गया जबकि किशोर न्याय बालकों के देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत चाइल्ड को 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है। दूसरा मामला जरमुण्डी थाना का है जिसमें 26 अगस्त 23 को काण्ड सं0-57/2023 की पीड़िता 16 वर्षीय नाबालिग को एएसआई तेज प्रताप सिंह के द्वारा बाल कल्याण समिति, दुमका समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालिका के पिता ने बताया है कि उसकी बेटी 2 अगस्त 23 को स्कूल जाने के बाद एक लड़के के साथ भाग गयी थी जिसकी लिखित सूचना उन्होंने 3 अगस्त 23 को जरमुण्डी थाना में दी। लेकिन थाना प्रभारी द्वारा छह दिनों बाद 9 अगस्त 23 को इस मामले में भादवि की धारा 366ए एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि बाल कल्याण समिति ने हंसडीहा थाना के केश के अनुसंधानकर्ता और जरमुण्डी थाना के थाना प्रभारी को नोटिस के प्राप्त होने के तीन कार्य दिवस के अंदर बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट, बाल कल्याण समिति, दुमका के समक्ष सशरीर हाजिर होकर इस मामले में लिखित स्पष्टीकरण मांगा है कि क्यों नहीं कि किशोर न्याय बालकों के देखरेख एवं संरक्षण मॉडल रूल 2016 के रूल 93 के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारियों को रिपोर्ट कर दिया जाए। नोटिस की प्रतिलिपि दुमका के एसपी और डीएसपी मुख्यालय सह एसजेपीयू को भी भेजी गयी है।

## सीडब्ल्यूसी ने आईओ व थाना प्रभारी को किया सो काउज



# बिजली व्यवस्था अगर दुरुस्त नहीं हुई तो 48 घंटे के बाद करेंगे आंदोलन : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** वर्तमान अनियमित विद्युत व्यवस्था से नाराज होकर गोड्डा विधायक अमित मंडल ने प्रेस मीडिया से बात चीत करते हुए बताया हमने अपने शासनकाल में जब बीजेपी की सरकार थी बहुत कार्य इस पर किया था जीएम और अध्यक्ष से मिलकर दो पावर ग्रिड और सबस्टेशन के निर्माण कार्य के लिए जमीन खरीद कर निर्माण कार्य कराया और 20 मेगावाट की अतिरिक्त मांग की थी जिसका आश्वासन भी मिला था लेकिन वर्तमान सरकार कुछ नही कर रही है । अगर 48घंटे के अंदर विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो हम आंदोलन के लिए जनता के साथ सड़क पर उतरेंगे ।वहीं स्थानीय गोड्डा सांसद डा० निशिकांत दुबे ने अभी इस मामले पर अभी कोई वक्तव्य नही दिया है लेकिन मुझे याद है 2017 में बिजली विभाग कार्यालय में ही एक जनसभा का आयोजन कर बिजली विभाग के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर जानकारी देते हुए बताया था की दो पावर ग्रिड की स्थापना के लिए कार्य किए जा रहे हैं और सब स्टेशन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है ।एकाएक गोड्डा की जनसंख्या में बढ़ोत्तरी हुई है और सीमित संसाधनों के बावजूद हम कोशिश कर रहे हैं कि गोड्डा में नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति निर्बाध गति से मिलती रहे ।लेकिन दुर्भाग्य वश उनकी सरकार वापस सत्ता में नही आई और योजनाएं स्थगित हो गई और राज्यसरकार का कोई ध्यान इस ओर नही है । इस मुद्दे को लेकर समाजसेवी सौरभ पराशर उर्फ बच्चू झा ने आंदोलन की धमकी दी है और आज उन्होंने ज्ञापन भी दिया है आंदोलन करने का ।जनता भय भूख और महंगाई से ऊपर उठकर बिजली जैसे मुद्दे पर सड़क पर उतरने को तैयार है। सरकार को शीघ्रता से इस मुद्दे को खत्म करे तो जनता उनका स्वागत करेगी।





## स्पीड न्यूज

### तालाब में डूबने से बच्ची सहित बुजुर्ग की मौत

**गोड्डा।** जिले के महगामा अनुमंडल के ठाकुर गांगटी प्रखंड के बनिया डीह ग्राम के 45 वर्षीय गोपाल यादव की तालाब में संध्या स्नान करने के क्रम में हुई दूसरी घटना प्रखंड के आशा पाखड़ मौजा के भींगडा ग्राम की पांच वर्षीय संध्या रानी कुमारी शौच के बाद पानी लेने पोखर में गई और फिसल कर गहरे पानी में डूब गई और उसकी मौत हो गई। दोनो घटनाओं में उन्हें निकाल कर चिकित्सा के लिए भेजा गया परंतु चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**इटखोरी।** पुलिस प्रशासन के लाख कोशिश के बाद भी बालू की तस्करी नहीं थम रही है। बालू कारोबारी पुलिस प्रशासन के आंखों में धूल झोंक कर अवैध रूप से बालू की तस्करी कर रहे हैं। इसी क्रम में इटखोरी थाना की पुलिस ने शनिवार को छापामारी कर अवैध रूप से बालू ले जाते दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस वाहन को देखते ही दोनों ट्रैक्टर के चालक फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि खनन विभाग को जानकारी दें दी गई है। इंजन नंबर व चेचिस नंबर की जांच करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

### एसपी व जिप उपाध्यक्ष को किया गया आमंत्रित

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर, चुंदरु धाम में हमेसा की तरह होने वाले दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव को इस बार भी पुरे धूमधाम से मानने को लेकर पूजा समिति के पदाधिकारियों ने चतरा एसपी राकेश रंजन व जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस संबंध में गणेश महोत्सव के नियुक्त अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को अंगवस्त्र एवं श्री गणेश भगवान के प्रतिमा को देकर सम्मानित कर महोत्सव में आने का एवम् पुरे महोत्सव को शान्ति एवम् सुचारू रूप से पूर्ण करने को लेकर आमंत्रण पत्र के साथ ज्ञापन सौंपा।

### शशि शेखर सुमन ने किया प्रभार ग्रहण

**कोडरमा।** नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार की अधिसूचना के तहत नये नगर पंचायत प्रशासक के रूप में शशि शेखर सुमन ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शहर को साफ सफाई, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, शहर की सुंदरता, जाम से निजात दिलाना, विभाग के निर्देश का पालन करना आदि प्राथमिकता रहेगा। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र वासियों को सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा। मौके पर नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, कनीय अभियंता हरि सोरेन, नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, सहायक गोपाल सिंह, रूपेंद्र गिरी एवं अन्य सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में सूर्ययान आदित्य एल-1 लान्चिंग की लाइव दिखाई गयी

**कोडरमा।** सूर्ययान आदित्य एल–1 की लन्चिंग के अवसर पर शनिवार को सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों को लन्चिंग की लाइव दिखाई गई। वहीं बच्चों ने आदित्य एल–1 लन्चिंग से संबंधित मडल और तस्वीरें भी बनाई थी। इस मौके पर विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों को सूर्य यान से संबंधित कई जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि चंद्रयान की सफल लैंडिंग के बाद इसरो ने आदित्य एल–1 लन्च किया है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर पहुंचकर सूर्य में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखकर इसरो को जानकारी देगा। उन्होंने देश के वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा कि इससे छात्रों को सीखने का मौका मिलेगा। मौके पर छात्रों में अंजुम आरा अंसारी, शफक फातिमा, सृष्टि कुमारी, सादिया मसूद, अनिंदिता कुमारी, दिव्यानी सिंह, मेधांश मोदी और केशव कुमार भी मौजूद थे।

## पेज 1 का शेष

### तय कक्षा में पहुंचा...

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने इस सफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को देश के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। **कई उपकरण ले कर गया है आदित्य :** अध्ययन को अंजाम देने के लिए 'आदित्य-एल1' उपग्रह अपने साथ सात वैज्ञानिक उपकरण लेकर गया है। इनमें से 'विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ' (वीईएलसी) सूर्य के परिमंडल और सीएमई की गतिशीलता का अध्ययन करेगा। वीईएलसी यान का प्राथमिक उपकरण है, जो इच्छित कक्षा तक पहुंचने पर विश्लेषण के लिए प्रति दिन 1,440 तस्वीरें धमती पर स्थित केंद्र को भेजेगा। यह आदित्य-एल1 पर मौजूद 'सबसे बड़ा और तकनीकी रूप से सबसे चुनौतीपूर्ण' उपकरण है। 'द सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' सूर्य के प्रकाशमंडल और वर्णमंडल की तस्वीरें लेगा तथा सौर विकिरण विविधताओं को मापेगा। आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट' (एएसपीईएक्स) और 'प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य' (पीएपीए) नामक उपकरण सौर पवन और ऊर्जा आयन के साथ-साथ ऊर्जा वितरण का अध्ययन करेंगे।'मैग्नेटोमीटर' नामक उपकरण 'एल1' बिंदु पर अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापने में सक्षम है। 'आदित्य-एल1' के उपकरण इसरो के विभिन्न केंद्रों के सहयोग से स्वदेशी रूप से विकसित किये गये हैं।

### छुट्टी के दिन गृह सचिव और डीजीपी...

**महज 300 रुपये की मिली थी सुपारी :** मामले की जानकारी मिलते ही प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा समेत अन्य न्यायाधीश घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली थी। एसएसपी प्रभात कुमार भी स्वयं कोर्ट परिसर पहुंचे और पूछताछ की। उन्होंने बताया कि गिरफ्त में आए युवक ने अपना नाम शाहिद बच्चा बताया है और वह कदमा का रहने वाला है। उसे कदमा के ही शाबिर नामक युवक ने पेशकार पर हमले की सुपारी के रूप में 3 सौ रुपए दिए थे। शाहिद बच्चा एक कुख्यात अपराधी है और उसपर दर्जनों मामले लंबित हैं। वहीं इस घटना ने कोर्ट की सुरक्षा को फिर से कठघरे में खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### डुमरी में आज शाम...

**जी जान से जुटे हैं दोनों गठबंधन के नेता :** डुमरी फतह के लिए आइएनडीआइ और एनडीएम दोनों गंठबंधन के नेता जी जान से जुटे हुए हैं। झामुमो और आजसू पार्टी में मुख्य रूप से मुकाबला दिख रहा है। लेकिन ओवैसी की पार्टी ने अब्दुल मोमिन रिजवी को उतारकर उपचुनाव को त्रिकोणीय मुकाबले की ओर मोड़ दिया है। उधर, कांग्रेस, झामुमो, राजद, जदयू समेत कई दलों के नेता झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को जिताने के लिए डुमरी में अंतिम दिन तक कैंप कर पसीना बहा रहे हैं। दूसरी ओर आजसू की प्रत्याशी यशोदा देवी को जिताने के लिए आजसू नेताओं के साथ-साथ भाजपा के भी तमाम दिग्गज जोर-शोर से लगे हैं। इनके साथ भाजपा-आजसू के कई विधायक और सांसद भी जनसंपर्क और चुनावी सभा कर अपने-अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने को करेंगे प्रयास।

### रांची समेत पूरे झारखंड...

इसमें विभिन्न पावर एक्सचेंज से बिजली खरीदी कर आपूर्ति की जाती है। मगर सेंट्रल पावर एक्सचेंज में भी विद्युत की कमी है। इस कारण जितनी डिमांड है, उस अनुरूप बिजली सेंट्रल पावर एक्सचेंज से भी नहीं मिल पा रही है। जब इसे लेकर एनटीपीसी से संपर्क साधा गया तो विभिन्न प्लाटों में मेंटेनेस एवं खराबी आने के कारण आपूर्ति आवंटन के अनुसार नहीं की जा रही है। **झामुमो ने केंद्र पर मढ़ा आरोप :** झामुमो ने बिजली संकट का ठीकरा केंद्र की सरकार के ऊपर फोड़ा है। लगातार लोड शेडिंग से जनता परेशान है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि केंद्र के आदेश से एनटीपीसी और पॉवर ग्रिड ने ओड़िशा से मिलने वाली बिजली आपूर्ति को रोक दिया है। झामुमो प्रवक्ता ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया है।

### तीन पत्थर कारोबारियों...

यह लोग पत्थर खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचते थे। कृष्णा साह के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जांच के क्रम में ईडी ने पूर्व में कृष्णा साह के बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहां के कर्मियों के मोबाइल व कागजात भी जब्त किए गए थे। छानबीन में जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक खनन किया गया है। ईडी की कार्रवाई के बावजूद कृष्णा साह के खान में अवैध खनन जारी था।

### पांच को राष्ट्रपति के हाथों...

**स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के शिक्षकों का चयन :** इस वर्ष से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का दायरा बढ़ाकर उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षकों को भी इसमें शामिल कर लिया गया है। इस वर्ष 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा से 13 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से 12 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए अभिनव शिक्षण, अनुसंधान, सामुदायिक आउटरीच और नवीन कार्यों को पहचानने की दृष्टि से और भागीदारी (जन भागीदारी) को अधिकतम करने के लिए ऑनलाइन मोड में नामांकन मांगे गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों के चयन के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शामिल करते हुए तीन अलग-अलग स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी का गठन किया था।

### सूर्य मिशन में भी झारखंड...

**आदित्य एल-1 की टीम के इंजीनियर नरेश कुमार के घर में खुशियों का माहौल :** भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 में बोकारो के वैज्ञानिक नरेश कुमार भी शामिल हैं। फिलहाल वह इसरो में कार्यरत हैं। आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग के साथ ही वैज्ञानिक नरेश के बारु गांव स्थित घर पर खुशियों का माहौल है। बीएसएल-सेल के स्कूल से शिक्षक के पद से रिटायर पिता कृष्ण मुरारी महतो ने गांव में लड्डू बांट कर खुशियां मनायी तो मां सोनिया देवी ने बोकारो के सेक्टर- 2 सी स्थित आवास में उपग्रह की आरती उतारी। बोकारो स्थित उनके घर पर बधाई देनेवालों का तांता लगा हुआ है। गांव के लोग अपने इस वैज्ञानिक का गांव लौटने जोरदार स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। नरेश के पिता कृष्ण मुरारी महतो ने बताया कि पहले चंद्रयान-3 प्रोजेक्ट और अब आदित्य एल-1 के बाद हर तरफ से बधाईयों का तांता लगा हुआ है। उनके पुत्र नरेश कुमार इसरो के प्रमुख केंद्र विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के गुणवत्ता आश्वाशन विभाग में 13 वर्ष से कार्यरत है। वह रॉकेट के यांत्रिक उप-प्रणालियों के समायोजन व परीक्षण के लिए उत्तरदायी है। नरेश कुमार ने बोकारो इस्पात विद्यालय 2 ए से दसवीं व बीआईएसएसएस 3 से बारहवीं की परीक्षा पास की। साल 2007 में नरेश ने 'औद्योगिक अभियांत्रिक एवं प्रबंधन शाखा में टॉपर रहते हुए जेएसएसएटीई, बैंगलोर से बीई की पढ़ाई पूरी की। टाटा और महिंद्रा में कुछ समय काम करने के बाद उन्हें 2009 में इसरो में काम करने का मौका मिला। नरेश की उपलब्धि से बोकारो और उसके गांव बारु में हर्ष का माहौल है। **एचइसी के इंजीनियरों ने पीएम से मिलने की लगायी गुहार :** आर्थिक संकट से गुजर रहे एचईसी के इंजीनियरों को भी वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश सूर्ययान की लॉन्चिंग को सेलिब्रेट कर रहा है। अब सरकार को उनके बारे में भी सोचना चाहिए। आदित्य एल-1 लॉन्च होने के बाद रांची स्थित एचईसी के कर्मचारियों ने भी खुशी जाहिर की। पर इसके साथ उन्हें कई माह से वेतन नहीं मिलने का उन्हे दुख भी है। इंजीनियर पुलेंदू मिश्रा ने कहा कि यदि उन्हें मेहनत का फल और वेतन सही समय पर दिया जाये तो आने वाले दिनों में देश के लिए और भी उपयोगी उपकरण बनाने में सहयोग करते रहेंगे। लॉन्चिंग पैड बनाने में यहां इंजीनियरों और टेक्निशियनों ने कड़ी मेहनत की है। वे अपने योगदान को लेकर बेहद खुश हैं। देश के लिए ये गौरव का क्षण है। एचइसी के इंजीनियरों ने बताया कि पिछले दिनों इसरो के पदाधिकारी एचईसी आये थे और उन्होंने यहां के इंजीनियरों की सराहना भी की थी।

स्पीड न्यूज

## लॉजिस्टिक नीति बनाये राज्य : केंद्र

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए राज्यों से लॉजिस्टिक नीति बनाने को कहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्यों के मास्टर प्लान के लिए गुणवत्तापूर्ण डेटा जुटाने का सुझाव भी दिया गया, ताकि पीएम गतिशक्ति पहल को व्यापक रूप से अपनाया जा सके। यह पहल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की उचित योजना बनाने और कार्यान्वयन में मदद करती है।

## पाक के पंजाब में पांच महिला आतंकी अरेस्ट

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की पांच महिला आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह पहला मौका है जब पुलिस ने महिला आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म विभाग (सीटीडी) ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये पुलिस ने लाहौर एवं शेखूपुरा से इन पांचों महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

## पुंछ में बारूदी सुरंग विस्फोट, पोर्टर घायल

**पुंछ।** जम्मू संभाग के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक पोर्टर घायल हो गया। घायल पोर्टर को इलाज के लिए उप-जिला अस्पताल मंडी में स्थानांतरित किया गया है। शनिवार को पुंछ के सौजियान सेक्टर में एक बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आने से सेना का एक पोर्टर और एक घोड़ा घायल हो गया। घायल पोर्टर की पहचान मुख्तार अहमद पुत्र मोहम्मद सलीम के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए उप-जिला अस्पताल मंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## ओडिशा में एक करोड़ का ब्राउन शुगर जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी जिले में पुलिस ने एक करोड़ रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल ने शुक्रवार शाम पिपली इलाके में छापेमारी कर 80 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की।

## छत्तीसगढ़ में घोटाले की सरकार : शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में शनिवार को छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ 104 पृष्ठों का आरोप पत्र जारी किया। भाजपा के इस आरोप पत्र में 50 से अधिक बिंदुओं को शामिल किया गया है। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि घोटाले और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आएंगे, भ्रष्टाचार करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करेंगे।

### चंद्रयान-3 और सूर्य मिशन के बाद अगले मिशन की तैयारी में जुटा इसरो

# जल्द लांच होगा एक्पोसैट सैटेलाइट

### एक्सर रे पोलारिमीटर सैटेलाइट भारत का पहला मिशन होगा

एजेंसी

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारने के एक पखवाड़े से भी कम समय में सूर्य के रहस्यों से पर्दा उठाने के लिए आदित्य-एल1 को रवाना करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब अंतरिक्ष की समझ को और बढ़ाने के लिए अन्य परियोजना के साथ तैयार है। एक्पोसैट (एक्सर रे पोलारिमीटर सैटेलाइट) भारत का पहला समर्पित पोलारिमेट्री मिशन है जो कठिन परिस्थितियों मे भी चमकीले



खगोलीय एक्सरे स्रोतों के विभिन्न आयामों का अध्ययन करेगा। इसरो के एक अधिकारी ने बेंगलुरु स्थित मुख्यालय में कहा कि एक्सपोसैट प्रक्षेपण के लिए तैयार है। इसने कहा कि ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारे,

**मुख्य बातें**

**चमकीले खगोलीय एक्सरे स्रोतों के कई आयामों का करेगा अध्ययन**

सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर पवन निहारिका जैसे विभिन्न खगोलीय स्त्रोतों से उत्सर्जन तंत्र जटिल भौतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होता है और इसे समझना चुनौतीपूर्ण है। अंतरिक्ष एजेंसी के अधिकारियों का कहना है कि हालांकि विभिन्न अंतरिक्ष-आधारित वेधशालाओं द्वारा प्रचुर मात्रा में स्पेक्ट्रोस्कोपिक जानकारी प्रदान की जाती है, लेकिन ऐसे स्त्रोतों से उत्सर्जन की सटीक प्रकृति को समझना अभी भी खगोलविदों के लिए चुनौतीपूर्ण है। इसरो ने कहा कि पोलारिमेट्री माप हमारी समझ में दो और आयाम जोड़ते हैं, ध्रुवीकरण की डिग्री और ध्रुवीकरण का कोण और इस प्रकार यह खगोलीय स्त्रोतों से उत्सर्जन प्रक्रियाओं को समझने का एक उत्कृष्ट तरीका है।

### दो पेलोड लेकर जायेगा स्पेसक्राफ्ट

इसके लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष यान भेजा जाएगा जिसमें दो वैज्ञानिक अध्ययन उपकरण (पेलोड) लगे होंगे। इसरो ने बताया कि प्राथमिक उपकरण पोलिक्स (एक्सरे में पोलारिमीटर उपकरण) खगोलीय मूल के 8-30 केवी फोटॉन की मध्यम एक्स-रे ऊर्जा रेंज में पोलारिमेट्री मापदंडों (ध्रुवीकरण की डिग्री और कोण) को मापेगा। इसरो के अनुसार, एक्सस्पेक्ट (एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी और टाइमिंग) पेलोड 0.8-15 केवी की ऊर्जा रेंज में स्पेक्ट्रोस्कोपिक (भौतिक विज्ञान की एक शाखा जिसमें पदार्थों द्वारा उत्सर्जित या अवशोषित विद्युत चुंबकीय विकिरणों के स्पेक्ट्रमों का अध्ययन किया जाता है और इस अध्ययन से पदार्थों की आंतरिक रचना का ज्ञान प्राप्त किया जाता है) की जानकारी देगा।

## राष्ट्रपति 75 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से करेंगी सम्मानित

**नयी दिल्ली।** देशभर से कुल 75 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर इन चयनित शिक्षकों को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चयनित पुरस्कार विजेताओं में 50 स्कूली शिक्षक, उच्च शिक्षा संस्थानों के 13 शिक्षक और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 12 शिक्षक शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान का जश्न मनाना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता तथा समर्पण के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि

**▸▸ पांच सितंबर को मिलेगा सभी को सम्मान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करेंगे बातचीत**

अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है। अधिकारी के मुताबिक शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में प्रमाणपत्र, 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक दिया जाएगा। पुरस्कार विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा। पुरस्कार के लिए चुने गए शिक्षकों में सबसे अधिक पांच गुजरात के हैं जिसके बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र का स्थान है जहां के चार-चार शिक्षक सम्मान के लिए चुने गए हैं। पुरस्कार के लिए उत्तर प्रदेश, बंगाल, बिहार, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से तीन-तीन शिक्षकों को चुना गया है।



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और चंद्रयान-3 की सफलता के लिए दी बधाई ।**

# सिंगापुर को एक बार फिर मिला भारतवंशी राष्ट्रपति

### शणमुगारत्नम ने भारी मतों से जीता चुनाव

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर को एक बार फिर भारतवंशी राष्ट्रपति मिला है। भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थरमन शणमुगारत्नम ने सिंगापुर के राष्ट्रपति का चुनाव जीत लिया है। शणमुगारत्नम सिंगापुर के नौवें राष्ट्रपति बनेंगे। उन्होंनें चुनाव में 70.4 प्रतिशत वोट के साथ बड़ी जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदियों सिंगापुर इन्वेस्टमेंट कॉर्प के पूर्व मुख्य निवेश अधिकारी एनजी

**थरमन शणमुगारत्नम वर्तमान राष्ट्रपति याकूब की जगह लेंगे**



कोक सॉन्ग को 15.72 फीसदी और सरकारी स्वामित्व वाले बीमा समूह एनटीयूसी इनकम के पूर्व प्रमुख टैन किन लियान को 13.88 प्रतिशत वोट मिले। सिंगापुर में 2011 के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान खत्म होने के बाद नतीजों का ऐलान किया गया है। शणमुगारत्नम वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब की जगह लेंगे। हलीमा के पिता भारतीय मूल के थे और मां मलय मूल की थीं। भारतवंशी 66 वर्षीय अर्थशास्त्री शणमुगारत्नम ने देश की संस्कृति को दुनिया में रोशन बनाए रखने के संकल्प के साथ पिछले महीने औपचारिक रूप से राष्ट्रपति पद के लिए अपना अभियान शुरू किया था। राजनीति में 2001 में आए शणमुगारत्नम ने दो दशक से अधिक समय तक सत्तारूढ़ पीपल्स एक्शन पार्टी के साथ सार्वजनिक क्षेत्र, और मंत्री पदों पर भी काम किया है। वह 2011-2019 के बीच सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री के रूप में काम कर चुके हैं।

# सात सितंबर को भारत आयेंगे बाइडन

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सात सितंबर को भारत जाएंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के मुताबिक, बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। जी20 समूह का मौजूदा अध्यक्ष भारत नयी दिल्ली में नौ और दस सितंबर को होने वाले इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं

**▸▸ अमेरिका के राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे**

की मेजबानी करेगा। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार रात जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए गुरुवार को नयी दिल्ली जाएंगे। इसमें कहा गया है कि सम्मेलन के दौरान बाइडन जी20 समूह के बेहतरीन नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना



करेंगे। बयान के अनुसार, बाइडन आगामी शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसमें बताया गया है कि शनिवार (नौ सितंबर) और रविवार (दस सितंबर) को राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जिसमें सदस्य देशों के नेता स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित अन्य अहम वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिए उठाए जा रहे संयुक्त कदमों पर चर्चा करेंगे। बयान के मुताबिक, जी20 देशों के नेता यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आक्रमण के आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का भी आकलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि जी20 नेता वैश्विक चुनौतियों से निपटने और गरीबी से बेहतर ढंग से लड़ने के लिए विश्व बैंक सहित अन्य बहुपक्षीय विकास बैंकों की क्षमता बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे। नयी दिल्ली की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति बाइडन प्रधानमंत्री मोदी के जी20 समूह के नेतृत्व की भी सराहना करेंगे। वह आर्थिक सहयोग के प्रमुख मंच के रूप में जी20 के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे, जिसमें 2026 में समूह की मेजबानी भी शामिल है।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार टिप्पणी को लेकर गहलोत को नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उस जनहित याचिका पर कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें न्यायपालिका पर टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करने वाली गहलोत की टिप्पणी के बाद स्थानीय अधिवक्ता शिवचरण गुप्ता ने गुरुवार को यह जनहित याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति एम एम श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने शनिवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। गहलोत ने बुधवार को जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया था कि न्यायपालिका में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है।

## सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 का पोस्टर जारी

**मुंबई।** सलमान खान ने बहुचर्चित फिल्म टाइगर 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज कर दिया। इसमें सलमान के साथ-साथ कैटरीना कैफ का भी फर्स्ट लुक नजर आ रहा है। सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर टाइगर 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया और फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा की। सलमान खान ने एक ट्वीट में लिखा कि आ रहा हूं! दिवाली 2023 पर टाइगर 3, टाइगर 3 हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। इस पोस्टर में सलमान और कैटरीना दोनों बंदूक थामे नजर आ रहे हैं।



## राजस्थान में आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया

**जयपुर/प्रतापगढ़।** राजस्थान में प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का खुलासा होने पर हड़कंप मच गया। महिला के पति ने ही गांव वालों के सामने उसे एक किलोमीटर तक दौड़ाया। यह वाकया 31 अगस्त का है। शुक्रवार को इसका वीडियो वायरल होने पर सरकार हरकत में आई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पति सहित सात आरोपितों को गिरफ्तार किया, वहीं चार को डिटेन किया गया है, जिनमें से एक नाबालिग है। मामले में राज्य व राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी रिपोर्ट तलब की है। इस मामले को लेकर सियासी बवाल भी शुरू हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसे राजस्थान की कमजोर कानून-व्यवस्था का नतीजा बताया है, वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन स्तर की तीन सदस्यीय जांच कमेटी भी गठित की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि महिला की शादी डेढ़ साल पहले गांव के युवक के साथ हुई थी। महिला को शादी के छह महीने बाद पड़ोस के गांव ऊपला कोटा का युवक भगा ले गया था। महिला सालभर बाद 30 अगस्त को उस युवक के साथ वापस लौटी तो उसके ससुराल वाले उसे जबरन अपने गांव पहाड़ा

**▸▸ पुलिस ने पति सहित सात आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**▸▸ पीड़ित महिला से मिले मुख्यमंत्री, 10 लाख रुपये सहायता व नौकरी का एलान**

ले आए। इसके बाद पति ने गांव वालों के सामने ही उसके कपड़े उतारे और निर्वस्त्र कर घुमाया। वायरल वीडियो में वह चीखते हुए छोड़ देने की गुहार लगा रही है। इस दौरान गांव के कई लोग मौजूद रहते हैं, लेकिन कोई उसे नहीं रोकता है। पीड़िता छह महीने की गर्भवती है। महिला ने एक सितंबर की देर रात धरियावाद थाने में शिकायत दी है। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि शुक्रवार को महिला के पति और तीन आरोपितों को उनके गांव के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। शेष आरोपितों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित महिला और आरोपित आदिवासी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रतापगढ़ के धरियावद पहुंचे। उन्होंने पीड़ित महिला एवं उसके परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी।

# धुर्वा बस स्टैंड में काल्पनिक मंदिर में पधारेंगी मां दुर्गा

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





अतुल सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भव्य दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड धुर्वा में इस बार काल्पनिक मंदिर में मां दुर्गा पधारेंगी। मंदिर के प्रारूप वाले पंडाल के लिए कपड़ें की जगह चट और प्लाई की बारीकी से कटिंग बंगाल से आए कारीगर कर रहे हैं। पूजा पंडाल के आस-पास विशेष विद्युत साज की तैयारी की जा रहीं है। इस बार पांडाल की ऊंचाई 40 फीट चौड़ाई 35 फीट लंबाई 40 फीट होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह ने बताया कि यहां मां दुर्गा की पूजा 1978 से लगातार होता आ रहा है। इस बार मां दुर्गा की मूर्ति 13 फीट की होगी। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में मां भगवती का 9 दिनों तक रीति रिवाज के साथ पूजा होता है। देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण स्थानीय कलाकार कर रहे हैं। इस मौके पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पूजा समिति के सचिव विनित कुमार ने बताया कि नवमी के दिन भोग का वितरण किया जाएगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 7-8 लाख रखा गया है।

**भव्य दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड धुर्वा के पदाधिकारी इस प्रकार है** : संरक्षक राम बच्चन सिंह, अध्यक्ष अतुल सिंह, सचिव निर्मल कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह



### पूजा पंडाल के निकट यात्री पड़ाव की स्थिति जर्जर

पूजा पंडाल के निकट यात्रियों की सुविधओं के लिए बनें यात्री पड़ाव की स्थिति जर्जर अवस्था में है। इस पर अध्यक्ष अतुल सिंह का कहना है कि इस यात्री पड़ाव की स्थिति पहले काफी जर्जर थी। जिसको हम लोगों ने जन सहयोग से ठीक कराया था। इस बार भी दुर्गा पूजा से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर इसकी स्थिति ठीक कर ली जाएगी।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !